CMYK

तापमान
अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स 79,801.43
निफ्टी 24,246.70

सोना 98,900
चांदी 1,00,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 103 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो टूक

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का आ गया है समय



मधुबनी, वार्ता

■ कहा : आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए गुरुवार को कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी वीजा सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित समयसीमा के हिसाब से वीजा की समाप्ति से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

## सर्वदलीय बैठक में मोदी के साथ एकसुर हुआ पूरा विपक्ष

■ सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने चूक स्वीकार की
■ राहुल बोले- विपक्ष का केंद्र सरकार के हर एक्शन को समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने यह बात मानी है। गुरुवार को पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीटिंग के बाद कहा कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। गुरुवार की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना कि चूक हुई। उन्होंने कहा कि अगर कुछ नहीं हुआ होता, तो हम यहां क्यों बैठे होते। बैठक में सभी दलों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं। बैठक में विपक्ष के सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। साथ ही कहा कि सरकार सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इंटेलिजेंस फेलियर और वहां पर प्रॉपर -शेष पृष्ठ दो पर

### पर्यटकों के हत्यारे आतंकियों पर 20 लाख का इनाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम हमले के आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के निवासी आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तलहा भाई के रूप में हुई है। पुलिस ने इन फरार आतंकवादियों के बारे में जानकारी देने पर 20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। एनआईए की टीम भी जांच में शामिल हो गई है। गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें हमले पर चर्चा की गई।

## शिमला समझौता स्थगित करने की पाकिस्तान ने दी धमकी

इस्लामाबाद, वार्ता

■ कहा: अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर जंग की तरह माना जाएगा

**पहलगाम हमले** के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित करने की बात कही है। इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल है।

पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनएससी) में गुरुवार को ये फैसले लिए गए। इसकी अध्यक्षता पीएम शहबाज शरीफ ने की। एक दिन पहले भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करने समेत 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। हम किसी भी आतंकवादी गतिविधि की निंदा करते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक एनसीएस की बैठक में कहा गया कि भारत में वक्फ विधेयक को जबरन पारित कराया गया, यह मुसलमानों को हाशिए पर डालने का प्रयास है। मीटिंग में पीएम शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हुए। उधर भारत सरकार ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को दिल्ली में तलब किया और उनके सैन्य राजनयिकों के खिलाफ पर्सोना नॉन ग्राटा का आधिकारिक नोट सौंपा। उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। पर्सोना नॉन ग्राटा का मतलब अवांछनीय व्यक्ति है। यह एक लैटिन शब्द है। इसका उपयोग ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जिसे किसी देश में रहने या आने की अनुमति नहीं है। यह आमतौर पर डिप्लोमेटिक मामलों में इस्तेमाल किया जाता है।

### आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। आईएनएस आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डाक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया।

## अटारी बॉर्डर पर पाक के साथ सभी रस्म खत्म

■ न खोले जाएंगे गेट और न होगी कोई सेरेमनी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर से तनाव का माहौल बन गया है। भारत के एक्शन के बाद पाकिस्तान ने भी कई फैसले लिए। इसके बाद भारत ने अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान के साथ सभी रस्म को खत्म करने का ऐलान किया।

अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट परेड के दौरान भारत की तरफ के गेट नहीं खोले जाएंगे और ना ही पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की सेरेमनी होगी। एक और शांति और दूसरी तरफ उकसाने के लिए इस तरह की आतंकी हरकतें एक साथ नहीं चल सकती। अटारी बॉर्डर, हुसैनीवाला बॉर्डर और सदकी बॉर्डर पर झंडा उतारने की रस्म के दौरान ना तो गेट खोले जाएंगे और ना ही झंडा उतारने के बाद पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की रस्म होगी।

### गलती से सीमा पार करने वाला BSF का जवान पाक हिरासत में

**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर में तैनात सीमा सुरक्षा बल का एक जवान बुधवार को गलती से सीमा पार चला गया, जहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। सीमा सुरक्षा बल के अनुसार इस जवान को वापस लाने के लिए पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ फ्लैग मीटिंग हुई। दोनों देशों की सीमाओं पर इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई हैं जब जवान गलती से दूसरे देश की सीमा में प्रवेश कर गए थे।

## पाक का कॉपी-पेस्ट एक्शन

इस्लामाबाद, वार्ता

■ पाक ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम की, 30 तक भारतीय राजनयिकों को लौटना होगा

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद भारत के एक्शन पर पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला किया है। एनएससी की बैठक के बाद पाकिस्तान सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि भारत ने पाकिस्तान पर एकतरफा कार्रवाई की है।

भारत की यह कार्रवाई गैरकानूनी है। भारत ने हमारे खिलाफ जो एक्शन लिया है, हमने उसका एक-एक कर जवाब दिया है। पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम कर दी है। 30 अप्रैल तक भारतीय राजनयिकों को यहां से लौटना होगा। भारत के लिए एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। भारत ने अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया, हम भी बाघा बॉर्डर बंद कर रहे हैं। पाक ने कहा कि सिख तीर्थयात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान ने कहा कि हम भी समझौतों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पांच नक्सली ढेर

■ 100 से अधिक सुरंगों को किया निष्क्रिय

**बीजापुर/बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पिछले 48 घंटों से नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चल रहा है।

अब तक पांच नक्सली मारे गए हैं और आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बारूदी सुरंगों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया है, जिसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा बटालियन, जिला रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की कुलीन सी-शॉट कमांडर इकाइयों सहित कई बलों के लगभग 5,000 कर्मी शामिल हैं।

## कश्मीरी छात्रों के लिए दून पुलिस पूरी तरह सतर्क

मयूर गुप्ता



■ एसएसपी ने दिए विशेष निर्देश
■ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना के बाद देहरादून में रह रहे कश्मीरी मूल के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस सक्रिय हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निवासरत एवं अध्ययनरत कश्मीरी छात्रों के सतत संपर्क में रहें तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

वर्तमान में देहरादून जनपद में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जनपद पुलिस द्वारा इन सभी छात्रों का विवरण प्राप्त कर उनका सत्यापन पहले ही किया जा चुका है। एसएसपी अजय सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि बिधौली चौकी क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों एवं पीजी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित पक्षों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी चिंता की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, साथ ही छात्रों को भरोसे में लेकर उन्हें सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया जाए। एसएसपी ने बताया कि ऐसे सभी स्थान जहां कश्मीरी छात्र-छात्राएं निवासरत हैं, वहां अतिरिक्त पीएसी बल की तैनाती की गई है, जो निरंतर गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, पहलगाम घटना के संदर्भ में सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट्स पर जनपद की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक 25 आपत्तिजनक पोस्ट्स को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटवाया गया है। साथ ही, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले भड़काऊ भाषण के एक मामले में संबंधित संस्था के खिलाफ 'हेट स्पीच' और अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी नागरिक की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और पुलिस हर स्थिति में सतर्क व तैयार है।



### पाकिस्तान से इजरायल जैसा बदला ले भारत: माइकिल रुबिन

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### भारत पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम आज

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा कराने वाली संस्था उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार (आज) को घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-यूपीएमएसपी-ईडीयू-इन तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-रिजल्ट्स-डिजीलॉकर-जीओवी-इन पर देखा जा सकता है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-केवल तीन तलाक पर रोक

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। इस कमेंट के साथ ही कोर्ट ने जलगांव के एक शख्स और उसके माता-पिता के खिलाफ दर्ज शिकायत पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम की धारा 4 के तहत 2024 में दर्ज मामले को खारिज कर दिया। इस धारा के तहत कोई भी मुस्लिम व्यक्ति जो अपनी पत्नी को तीन तलाक देता है, जिसे तलाक-ए-बिद्दत कहा जाता है, उसे तीन साल तक की जेल की सजा दी जाएगी।

### उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्टी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6 व 7 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा।

nirf RANKED AMONG TOP 50 UNIVERSITIES IN INDIA Ranking 2024
THE World University Rankings 2025 RANKED 7TH IN INDIA
UPES UNIVERSITY OF TOMORROW

100+ UG, PG and PhD Programs in
Engineering | Computer Science | Business | Law
Design | Health Sciences | Liberal Studies and Media

- B.Tech.
- MBA
- BBA
- LL.B.
- B.Des.
- B.Pharm.
- B.Sc. (Hons.)
- BA (Hons.)
- BA
- B.Com.
- BCA
- M.Tech.

and more...

#1 IN ACADEMIC REPUTATION*
LIFETIME PLACEMENT^
START-UP SUPPORT
46 FACULTY AMONG TOP 2% RESEARCHERS GLOBALLY**

25% fee concession for bonafide Uttarakhand students^
LAST DATE TO APPLY APRIL 28, 2025
Unlock Tomorrow!

UPES Dehradun | upes.ac.in | 040 68440685 (10 am to 7 pm)

^T&C apply *Among private universities in India by QS World Rankings 2025 **As per Stanford University List

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के स्कैच जारी किए

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में कथित रूप से शामिल दो पाकिस्तानी नागरिकों सहित तीन आतंकवादियों के स्केच जारी कर दिए हैं और 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को यहां बताया कि तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए है और जारी जांच के तहत 1,500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

गौरतलब है कि प्रदेश के सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन मैदान में 22 अप्रैल को सबसे बर्बर आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। जिनमें से 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी तथा एक नेपाली युवक को आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस बीच पुलिस ने आज यहां तीन हमलावरों के स्केच जारी किए और उनकी पहचान अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर और दो पाकिस्तानियों अली बही उर्फ तल्हा बही तथा हाशिम मूसा



■ 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया

उर्फ सुलेमान के रूप में की। पुलिस ने हमले के बारे में जानकारी या सुराग साझा करने वाले को 20-20 लाख रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की। पुलिस ने बताया कि तीनों आतंकवादी बैसरन पहलगाम में नागरिकों पर आतंकवादी हमले में शामिल हैं। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन वाले 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' नामक आतंकी संगठन (टीआरएफ) ने पर्यटकों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इस बीच पहलगाम हमले की जांच के दौरान घाटी के कई जिलों से करीब 1,500 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में संदिग्ध तौर पर आतंकियों की मदद करने वाले और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े पूर्व रिकॉर्ड वाले लोग शामिल हैं। इस मामले की जांच अभी राज्य पुलिस कर रही है और उसने इस बाबत पहलगाम पुलिस थाने में मामला दर्ज भी कर लिया है। हालांकि आने वाले दिनों में यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने की संभावना है।

### जम्मू-कश्मीर से बाहर रहने वाले कश्मीरियों को सुरक्षा मिले, उमर व महबूबा ने उठाई मांग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए सबसे घातक आतंकी हमले के बाद कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य राज्यों के अधिकारियों के संपर्क में है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उनसे देश भर में धमकियों और उत्पीड़न का सामना कर रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की जान जाने के बाद कई राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को धमकी और दुर्व्यवहार का सामना करने की खबरें सामने आई हैं। देहरादून में हिंदू रक्षा दल ने कथित तौर पर एक अल्टीमेटम जारी किया है, जिसमें कश्मीरियों को दस दिनों के भीतर शहर छोड़ने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उनकी सुरक्षा के लिए अन्य राज्यों की सरकारों के संपर्क में है। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उन राज्यों की सरकारों के संपर्क में है, जहां से ये रिपोर्ट आ रही हैं। मैं इन राज्यों के अपने समकक्ष मुख्यमंत्रियों के भी संपर्क में हूं और उनसे अतिरिक्त सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।

# पाक से इजरायल जैसा बदला ले भारत

**वाशिंगटन, वार्ता**

■ पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल बोले- अब कोई रास्ता नहीं, पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है। इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसार्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। ऐसे में अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाक और पाक की आईएसआई के साथ वैसा ही करे जैसा इजरायल ने हमास के साथ किया था। अब समय आ गया है कि आईएसआई के नेतृत्व को खत्म कर दिया जाए और उन्हें एक नामित आतंकी समूह के रूप में माना जाए और मांग की जाए कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन दिन चलेगी लू, फिर पड़ सकती हैं बौछारें

**लखनऊ।** भीषण गर्मी की चपेट में आए उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में अगले तीन दिनो तक 'लू' चलने के आसार है, जबकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश और 29 अप्रैल से समूचे राज्य में तेज आंधी और बौछार पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घटों में राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में उष्ण लहर (लू) लोगों को परेशान करेगी। हालांकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी से तापमान में मामूली गिरावट के आसार है। मौसम में फौरी परिवर्तन का दौर 30 अप्रैल तक जारी रहने का अनुमान है और 29 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को भी बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। इस बीच भीषण गर्मी को देखते हुए लखनऊ जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षाओं को सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि अगले आदेश तक स्कूलों में छात्रों के लिए बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगाई जाए।

### तुर्की में आ सकता है 7.2 तीव्रता का भूकंप

**इस्तांबुल।** तुर्की में हाल ही में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप को 7-7.2 की तीव्रता वाले भूकंप के पूर्व संकेत के रूप में देखा जा रहा है जिसकी वर्ष 2045-2075 के बीच आने की आशंका है। तुर्की के भूकंप विज्ञानी अहमत एरकन ने गुरुवार को रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इस्तांबुल में हाल ही में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप 2045-2075 में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप का पूर्व संकेत था। उन्होंने कहा, बुधवार को आया भूकंप पूर्वी थ्रेस क्षेत्र में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के भूकंप की चेतावनी थी या उससे पहले एक तरह का वार्म-अप था। नए भूकंप का केंद्र जमीन से सात से 13 किलोमीटर हो सकता है, लेकिन लेकिन झटके 22 गुना अधिक शक्तिशाली होंगे। मेरे शोध के अनुसार, इस शक्तिशाली भूकंप के 2045 और 2075 के बीच आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस्तांबुल के वे निवासी जिनके घर 1999 के बाद बने हैं, जब सख्त निर्माण नियम लागू किए गए थे, और जो ठोस जमीन पर स्थित हैं, उन्हें बहुत चितित होने की जरूरत नहीं है।

# यूपी में एडेड विद्यालयों के शिक्षकों का मानदेय बढ़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट बाई सर्कुलेशन द्वारा कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई। इन फैसलों में कानपुर बनारस, बाराबंकी की कई सड़कों के लिए बजट मंजूर किया गया। अयोध्या एयरपोर्ट की भूमि पर स्टांप शुल्क पर सरकार ने छूट दी है। हाईकोर्ट के सेवारत और सेवानिवृत्त जजों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में मानदेय पर तैनात 1020 से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत दी गई है। कैबिनेट ने बाई सर्कुलेशन इनका मानदेय बढ़ाने और दो सत्र का कार्यकाल बढ़ाने को सहमति दे दी है। इसके तहत पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 12 से बढ़ाकर 20 हजार और उत्तर मध्यमा (इंटर) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 15 से बढ़ाकर 20 हजार करने पर कैबिनेट ने सहमति दे दी है। वहीं एडेड व राजकीय संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और छात्रों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, नियमित नियुक्ति न होने के कारण 2021 व 2023 में रखे गए व वर्तमान में काम कर रहे मानदेय शिक्षकों का कार्यकाल शैक्षिक सत्र 2025-26 व 2026-27 के लिए बढ़ाने पर भी सहमति दी गई है। इस निर्णय से राजकीय संस्कृत विद्यालयों में पढ़ाई करा रहे मानदेय शिक्षक भी लाभांवित होंगे। उनका भी कार्यकाल दो सत्र के लिए बढ़ जाएगा। परिवहन निगम में 1164 मृतक आश्रितों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। निगम के इस प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। सार्वजनिक उद्यम विभाग ने 11 जुलाई 2003 को उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई थी। इसके विरोध में कई बार कर्मचारी संगठनों ने निगम मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन भी किया। ऐसे में परिवहन निगम ने सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रित के सेवायोजन पर लगे प्रतिबंध को शिथिल करने और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में मृतक आश्रितों की नियुक्ति की अनुमति मांगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के बाद निगम में 1164 मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल सकेगी। निगम की ओर से तय किए गए इन मृतक आश्रितों में अलग-अलग कैडर के आश्रित हैं।

■ मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक हटी, रोक हटी, परिवहन निगम में होगी 1164 भर्ती

## आतंकवादियों और उनके आकाओं को मिलेगी कृत्य की सजा: योगी

# साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा

**कानपुर, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हे इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी।

पहलगाम में आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धाजंलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी। योगी ने बाद में एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता में कहा कि पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। बहन बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। केंद्र सरकार ने कल ही महत्वपूर्ण फैसले लिए है।

आतंकवाद और उग्रवाद पर भाजपा सरकार जीरो टालरेंस नीति पर कायम है। इस कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने पहलगाम के आतंकवादी हमले की निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया है। योगी ने शुभम के पिता, पत्नी और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार और प्रदेश के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि महाराजपुर क्षेत्र के हाथीगांव निवासी शुभम की पहलगाम में उनकी पत्नी के सामने हत्या कर दी गयी थी। उनका पार्थिव शरीर बुधवार देर रात यहां लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ एमएसएमई मंत्री राकेश सचान साथ आए।



■ शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया

### कश्मीर में पर्यटन से मिलती है अल जेहाद को मजबूती: राजा भैया

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि कश्मीर में पर्यटन आतंकवाद को आर्थिक मदद प्रदान कर रहा है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक भावुक और कठोर संदेश साझा करते हुए कश्मीर में पर्यटन को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। राजा भइया ने लिखा कि हिंदू पहले ही कश्मीर में मारे जा चुके हैं और जो बच गए, वे आज भी अपने ही देश में शरणार्थी की तरह जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि जब हम अपने परिवार को गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घुमाने ले जाते हैं, तो न केवल अपने परिजनों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि अलगाववादी, आतंकवादी और जिहादी ताकतों को आर्थिक रूप से भी मजबूत करते हैं। कश्मीर में पर्यटन करने से आतंक वाद को मजबूती मिलती है पूर्व मंत्री ने कहा कि डल झील में नाव की सैर करते हुए ली गई तस्वीरें यह झूठा संदेश देती हैं कि कश्मीर में शांति है, जबकि सच बार-बार आतंकी हमलों के ज़रिए सामने आता है।

### पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना की भर्त्सना करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही केंद्र सरकार को इन आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, उनका धर्म डर फैलाना होता है, ताकि स्थानीय कारोबार को प्रभावित किया जा सके। अब सरकार ने इस बारे में सर्वदलीय बैठक बुलायी है, तो उनकी पार्टी अपना पक्ष सर्वदलीय बैठक में रखेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव सपा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यादव ने कहा कि किसी भी दल को ऐसी वीभत्स घटना से राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह देश हित का मामला है। सरकार की यह भी जिम्मेदारी है कि किसी भी तरह की फेक न्यूज जो हमारी आतंरिक और बाह्य सुरक्षा को ठेस पहुंचाती है, उस पर तुरंत रोक लगाए और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखे। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में सरकार ने अपने विवेक के अनुसार निर्णय लिए और अब सरकार की जिम्मेदारी थी कि कश्मीर जा रहे पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखे। पहलगाम में जिस स्थान पर आतंकवादियों ने निरीह पर्यटकों पर गोली बरसाईं, वह निर्जन स्थान नहीं था, मगर पर्यटकों की सुरक्षा के लिए वहां कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। सरकार को यह जिम्मेदारी लेनी ही होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आतंकवाद की घटना के बाद सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का उनकी पार्टी स्वागत करती है।


## अर्थ व्यापार

# दिग्गज कंपनियों में मुनाफावसूली से शेयर बाजार ढेर

**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से शेयर बाजार पिछले लगातार सात कारोबारी सत्र की तेजी गंवाकर आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 80 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,801.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 43,590.49 अंक और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 49,267.43 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1920 में लिवाली जबकि 2015 में बिकवाली हुई, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2930 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1441 में गिरावट जबकि 1404 में तेजी रही वहीं 85 में टिकाव रहा। बीएसई में सर्विसेज, धातु, हेल्थकेयर और कमोडिटीज में 0.63 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। इस दौरान सीडी 0.33, ऊर्जा 0.06, एफएमसीजी 0.82, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 0.11, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 0.22, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.19, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.17, रियल्टी 1.39, टेक 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.36 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.74 प्रतिशत गिर गया, जबकि जापान का निक्केई 0.49 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 58 अंक की गिरावट लेकर 80,058.43 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,173.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं मुनाफावसूली होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 79,724.55 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,116.49 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक उतरकर 24,277.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,347.85 अंक के उच्चतम जबकि 24,216.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,328.95 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत कमजोर रहकर 24,246.70 अंक पर बंद हुआ। टाइटन 0.83, एशियन पेंट 0.47, बजाज फिनसर्व 0.29, टाटा स्टील 0.28, रिलायंस 0.13, एक्सिस बैंक 0.07, एलटी 0.03 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।



# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, चावल महंगा

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से चावल महंगा हो गया, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4134 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.26 सेंट की बढ़त लेकर 48-60 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850- 5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 19047 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकियों को...** कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। श्री मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत हर उस आतंकवादी और उसके संरक्षक को पहचानेगा, ढूंढ़ेगा और सजा देगा, जो देश की शांति और सुरक्षा को चुनौती देता है। भारत आतंकवादियों को धरती के अंतिम कोने तक खदेड़ेगा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी और आतंकियों को उचित दंड मिलेगा। उन्होंने कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों की जनता और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल घड़ी में हमारे साथ खड़े हैं। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं।

**सर्वदलीय बैठक...** सुरक्षा डेप्लॉयमेंट की बात उठाई। राहुल गांधी ने भी पूछा कि ऊपर जहां घटना हुई वहां सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं थे, जिस पर सरकार का कहना था कि जनरली इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है। जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के यात्री इस जगह पर रेस्ट करते हैं, लेकिन इस बार लोकल टूर ऑपरेटर्स ने सरकार को बिना जानकारी दिए हुए वहां पर टूरिस्ट की बुकिंग लेनी शुरू कर दी और 20 अप्रैल से वहां पर टूरिस्ट को ले जाना शुरू कर दिया। जिस बात की जानकारी लोकल अथॉरिटीज को नहीं थी। इस वजह से वहां पर डेप्लॉयमेंट नहीं किया गया, क्योंकि इस जगह पर डेप्लायमेंट हर साल जून के महीने में अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से पहले होता है। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, जो आतंकवादी समूहों को पनाह देता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून हमें पाकिस्तान के खिलाफ आत्मरक्षा में हवाई और नौसैनिक नाकाबंदी करने और हथियारों की बिक्री पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ को बैसरन मैदान में क्यों नहीं तैनात किया गया, त्वरित प्रतिक्रिया दल को वहां पहुंचने में एक घंटा क्यों लगा और उन्होंने लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली क्यों मारी। कश्मीरियों और कश्मीरी छात्रों के खिलाफ झूठा प्रचार बंद होना चाहिए। जिस तरह से आतंकवादियों ने लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की निंदा करता हूं। यह बहुत अच्छी बात है कि सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन हम पानी कहां रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी हम उसका समर्थन करेंगे। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस अवसर पर डायरेक्टर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 15 मिनट का प्रजेंटेशन दिया।

# डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में आई गिरावट

## सर्वे में खुलासा- केवल 41 फीसदी लोगों की पसंद हैं राष्ट्रपति

**वाशिंगटन, वार्ता**

राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था, टैरिफ और आव्रजन मुद्दों को लेकर अमेरिकियों का विश्वास ट्रम्प पर से कम हो रहा है।

हाल ही में हुए सर्वे में खुलासा हुआ है कि केवल 41 फीसदी अमेरिकी ही ट्रम्प के समर्थन में हैं। जबकि चुनाव के दौरान यह आंकड़ा कहीं ज्यादा था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में ट्रम्प की रेटिंग में गिरावट सामने आई। अब केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी उनके समर्थन में हैं। जबकि जनवरी में यह संख्या लगभग आधे से ज्यादा थी। वहीं प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए एक अन्य सर्वे में सामने आया कि ट्रम्प के काम की रेटिंग फरवरी में 47 प्रतिशत से गिरकर 40 प्रतिशत हो गई है। यह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के 59 फीसदी से काफी कम है। वहीं गैलप ने पिछले सप्ताह कहा था कि कुल मिलाकर राष्ट्रपति बनने के पहले तीन महीनों में ट्रम्प की औसत अनुमोदन रेटिंग 45 प्रतिशत रही है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में निर्वाचित सभी अन्य राष्ट्रपतियों से कम है। इससे साफ है कि अमेरिकियों का ट्रम्प की अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख मुद्दों को संभालने की क्षमता पर विश्वास कम हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाताओं ने 78 वर्षीय अरबपति को अर्थव्यवस्था के मामले में मजबूत माना था, लेकिन इस महीने लगाए गए व्यापक टैरिफ ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया है। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे के अनुसार अब 54 प्रतिशत अमेरिकियों का मानना है कि अर्थव्यवस्था खराब हो रही है, जबकि जनवरी में यह आंकड़ा 37 प्रतिशत था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में पाया गया कि 45 प्रतिशत अमेरिकी लोग ट्रम्प के आव्रजन संबंधी प्रबंधन के तरीके से सहमत हैं, जबकि दो सप्ताह पहले यह आंकड़ा 50 प्रतिशत था। रायटर्स/इप्सोस सर्वे के मुताबिक जीवन-यापन की लागत के मामले में ट्रम्प की रेटिंग काफी कम है। केवल 31 प्रतिशत अमेरिकी ही इस मुद्दे पर उनके प्रदर्शन को मंजूरी देते हैं।



अमेरिकीयों का विश्वास घटा

### ईरान यूरेनियम संवर्धन छोड़े, तभी समझौता संभव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और ईरान में कोई भी समझौता तभी होगा, जब ईरान यूरेनियम संवर्धन बंद करेगा। बुधवार को जारी हुए एक इंटरव्यू में मार्को रूबियो ने ए बात कही। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। एक तरफ अमेरिका के विदेश मंत्री ईरान के यूरेनियम संवर्धन के काम का पूरी तरह से बंद करने की मांग कर रहे हैं, वहीं ईरान का कहना है कि उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए यूरेनियम संवर्धन की जरूरत है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शिक्षा में बेमिसाल है नैनीताल

## अनूठा वातावरण, स्वच्छ पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता से बना नैनीताल शिक्षा का हब



150 सालों से भी अधिक समय से चले आ रहे नैनीताल की स्कूली शिक्षा का कोई जवाब नहीं। जिसके चलते नगर के कई स्कूल देशभर की स्कूलिंग में टॉप टेन में स्थान बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उत्कृष्ट शिक्षा के कारण देश विदेश के बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं।

वर्तमान परिवेश में सामाजिक वातावरण बदला है तो शिक्षा का स्वरूप भी बदल गया है, जो वैश्विक स्तर पर की हो चली है। जिसके अनुरूप खुद को स्थापित कर पाना शिक्षण संस्थानों की मजबूरी हो चली है। इस वजह ने नैनीताल के स्कूलों को बदल डाला है। जिस कारण नगर के नामी स्कूल हाईटेक बन गए हैं। बोलचाल से लेकर खानपान और व्यवहार कुशलता ने यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की अलग पहचान बनादी है। बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा के चलते देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मान सम्मान के साथ स्थान दिया जाता है। दरअसल नैनीताल की आबोहवा ही कुछ ऐसी है, जो शिक्षण कार्य के अनुकूल है। यह कुदरत का ऐसा वरदान है, जो बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास में सहायक है तो स्वास्थ्य के लिए भी बेहद अनुकूल है। प्रदूषणमुक्त साफ सुथरा शांत वातावरण इस नगर को शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया के चुनिंदा स्थानों में शामिल करता है। अनूठा वातावरण, सुंदर पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता के कारण ही अंग्रेजों ने इस नगर को छोटी विलायत नाम दे डाला और शिक्षा का हब बना दिया। यहां अत्याधुनिक आवासीय विद्यालयों की भरमार है तो छोटे छोटे प्ले स्कूल नन्हे मनों को

समाजिक समरसता में ढालकर जीवन की डगर को आसान बनाते हैं। नैनीताल उत्तर भारत के अलावा पूर्वी प्रांतों की पहली पसंद है। इन प्रदेशों से हजारों की संख्या में प्रति वर्ष बच्चे इस नगर में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और भविष्य संवारते हैं।

**प्रस्तुति :**
**दिग्विजय सिंह विष्ट**
**अकांशी मेवाड़ी**

### आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरुरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।







### शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।

### नए अवतार में सीआरएसटी इंटर कॉलेज



मनोज पांडे
प्रधानाचार्य




दीपा बिष्ट,
प्रधानाचार्य
जूनियर विंग।

वर्ष 1858 में स्थापित सीआरएसटी इंटर कॉलेज अब नए अवतार में नजर आएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय कक्षा छः से 12वीं तक सीनियर विंग के रूप मे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है तो दूसरी ओर जूनियर विंग नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हे मुन्नों के सर्वांगीण विकास में जुटा हुआ है। आधुनिक कक्षाएं व विज्ञान लैब के साथ अत्याधुनिक ऑडिटोरियम ने विद्यालय की कायाकल्प किया कर दिया गया है। साथ ही रंगों कीकलाकृति से सजी दीवारों ने विद्यालय की सूरत बदल डाली है। सीनियर विंग के प्रधानाचार्य मनोज पांडे कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा के दौर में खुद को स्थापित करने व विद्यालय के ऐतिहासिक गौरव को बरकरार रखने के लिए विद्यालय को आधुनिक रंग में ढालने का प्रयास किया गया है। साथ ही अंग्रेजी माध्यम से संचालित जूनियर विंग को इस सत्र से जोड़ा गया है। जूनियर विंग पूर्व में अमेरिकन किड्स के नाम से संचालित की जाती थी, अब सीआरएसटी जूनियर विंग के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। जुनियर विंग की प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट कहती हैं कि बच्चों के बहुमुखी विकास को लेकर जीवन समर्पित किया है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से वह अपना दायित्व निभा रही हैं। जिसके फलस्वरूप उनका शैक्षणिक मार्ग अग्रसर है। वर्तमान में विद्यालय का कुशल प्रबंधन पद्मश्री अनूप साह द्वारा किया जा रहा है।




### बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल



सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए.थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।




### VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL



Vrindavan Public School was established in 2009 under the aegis of C.L. Sah Memorial Education Society with the aim of fostering the holistic development of young learners. As a Playway and Preparatory School, it has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities.The school's clean, green, sunny and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, ensuring they develop into bright and confident individuals.This English-medium school is efficiently managed by a team of dedicated staff members under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah. She emphasizes the school's commitment to providing the best possible atmosphere for the all-round development of her beloved students. The school has also introduced smart classes and projectors, enhancing engagement and making learning more interactive for young minds. These advancements help create a dynamic learning environment. Additionally, the school promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, which serve as valuable components of a well-rounded physical education program. The school also has a centralized heating and cooling system for the covinence of the children.

### छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश–विदेश में अपना भविष्य संवार चुके हैं। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही हैं। अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब से लेकर आज तक यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदेश के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते हैं। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर दर्जनों छात्राएं विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हुई हैं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।




### नगर का अग्रणी विद्यालय है विशप शॉ इंटर कॉलेज




नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

विशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।



# छप्पर में आग लगने से 2 गायों की जलकर मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक बड़े छप्पर में रहस्यमय तरीके से आग लग गयी। जिसमें बंधी 2 ग्याभिन गायों की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पुलिस व पशु डाक्टरों ने दौड़ लगा दी। तंग गली की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को नहीं बुलाया जा सका। आसपास के लोगों ने जैसे तेसे करके आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लाखों रुपये की कीमत का नुकसान हो चुका था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना तहसील के पीछे स्थित सफीपुर पट्टी के निवासी फैय्याज अहमद आज बृहस्पतिवार के दिन परिवार के साथ खेतों में काम करने के लिए विज्ञाना गांव के जंगलों में गये हुए थे। घर पर कोई नहीं थी। छप्पर के नीचे दो ग्याभिन गायें बंधी हुई थी। अचानक से दोपहर ढाई बजे अचानक से छप्पर में रहस्यमय तरीके से आग की लपटे उठने लगी। वहां पर अचानक किसी काम से आए भाकियू टिकैत गुट के बुढ़ाना तहसील उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद ने जब छप्पर में आग की लपटें उठती देखी तो उसने शोर मचा दिया। तब शोर शराबा सुनकर मौके पर आए सैकड़ों लोगों ने खुद भी भागदौड़ करके घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया लेकिन आग में सांढ़े 7 माह की ग्याभिन 2 गायों की मौके पर ही जलकर मौत हो गयी और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर खेतों से मौहम्मद फैय्याज मौके आए और आग में जलकर भस्म हुए सामान को देखकर नुकसान का आंकलन किया। नुकसान लगभग दो लाख रुपये की कीमत का बताया गया है। घटना की सूचना पुलिस और पशु चिकित्सकों को मिली तो वे भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। आग कैसे लगी इसका पता नहीं लग पाया था।

# आक्रोशित लोगों का पाकिस्तान के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन, पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर। जिला आर्य प्रतिनिधि** सभा द्वारा एक संयुक्त शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें पहलगाम में निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की भगवान से प्रार्थना की। साथ ही आर्यसमाजियों राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री गृह मंत्री और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाने की मांग की।

**हिंदू संगठनों** और व्यापारियों ने शिव चौक पर पाकिस्तान के विरोध प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। कई संगठन जुलूस निकालकर कलक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम और सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए पाकिस्तान को सख्त सजा देने की मांग की। हिन्दू संगठन और शिवसेना नेता लो. केश सैनी के नेतृत्व में शिव चौक पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। आक्रोशित हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का झंडा फूंक कर जमकर नारेबाजी। कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले में पहचान के आधार पर हिंदुओं को निशाना बनाया गया, इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। बाद में पहलगाम हमले में मारे गए सभी पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा लक्ष्य सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने भी मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**उधर संयुक्त व्यापार संघ समिति** के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल के नेतृत्व में पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना के विरोध में पदा. धिकारियों व व्यापारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए आतंकियों को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की गई। मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवादियों ने कायरता पूर्ण काम किया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों को पकड़कर उन्हीं की भाषा में जवाब नहीं दिया जाता, तब तक देशवासी सड़कों पर आंदोलन करते रहेंगे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में संयोजक सरदार बलविंदर सिंह, सुरेंद्र मित्तल, सुनील तायल, सचिन शर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा, तरुण मित्तल, राजकुमार कालरा, विजय प्रताप सिंह, भूपेंद्र गोयल, राजेश भाटिया, विजय बाटा, बाटा, हिमांशु गोयल, अश्विनी सिंगल, विनीत धीमान, रॉबिन सिंघल, आकाश अग्रवाल, शिवकुमार सिंगल, विजय कुच्छल, उदित किंगर, अभिनव वर्मा, अनिल सिंघल, विशाल जैन, कुलदीप मित्तल, विश्वजीत त्यागी, शशांक तायल, जयेंद्र प्रकाश, हरिओम शर्मा, दीपक मित्तल, मयंक बंसल, हर्षद महेश्वरी आदि शामिल रहे।

**वहीं अखिल भारतीय कश्यप** महासंघ ने जुलूस निकाल. कर डीएम कार्यालय पहुंच कर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि देश में छिपे काफिर गद्दार आतंकवादी और दहशतगर्द को रोकने के लिए समस्त हिन्दू समाज को एक होना पड़ेगा। कहा कि दाने-दाने को मोहताज पाकिस्तान और बांग्लादेश अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में राधेश्याम कश्यप आदि शामिल रहे।

**उधर खतौली में** आर्य समाज शिवपुरी में पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए जघन्य हत्याकांड मैं मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ किया गया इस अवसर पर आर्य समाज के जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने कहा कि इन जुल्मी आतंकवादियों को पकड़ कर चौराहे पर खड़ा करके गोली मार देनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो। ऑल इंडिया कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने भीषण हत्याकांड में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हर परिस्थिति में पाकिस्तान से इस घटना का बदला लेना ही चाहिए यजमान जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य और पुरोहित अजेश आर्य रहे। कार्यक्रम में जगद. ीश प्रधान, भगवान सिंह आर्य, मदन छाबड़ा, मास्टर जयपाल सिंह, राज. ेंद्र खारी, अशोक शर्मा, रामानंद आर्य, सुनील वर्मा, दिनेश आर्य, धीरेंद्र आर्य, विकास आर्य, बृज गोपाल आर्य, चरण सिंह आर्य तथा आयुष आर्य शामिल रहे।



**वहीं चरथावल** ब्लाक पर गुरवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भाकियू सर्व के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश भारद्वाज व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान चौकडा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने आतंकवादी हमले पर दुख जताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह को सौंपा है उन्होंने कठोर कार्रवाई की मांग की है सतीश भारद्वाज व काला प्रधान ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि बेरहम हत्यारों को फांसी की सजा और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी दी जाए।इस अवसर पर अंकित गोयल,सलमान त्यागी प्रदेश महासचिव ,वाजिद अंसारी युवा ब्लॉक अध्यक्ष,फैजान युवा ब्लॉक प्रभारी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि सिम्मा त्यागी,भाकियू सर्व,मैनुदीन मासूम उस्मान ऐजाज़ सतीश, बिल्लू,मुजीब आदि मौजूद रहे।

**उधर बुढ़ाना में** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढाना के सदस्यों ने घोर निन्दा की और पैंठ बाजार में एकत्रित होकर पैदल ही एक कैंडल मार्च निकालकर बड़ा और छोटा बाजार, कुरैशीयान पुलिया और रामछेल तिराहे तक दौरा किया। नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने गहरा दुख व्यक्त किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से सूफियान कुरैशी, तनवीर कुरैशी, अनुराग संगल, लाला सलेक चन्द, लाला राजकुमार, राहुल एडवोकेट, लाला नीरज और सोनू कुमार आदि व्यापारी मौजूद थे।

# कैंडल मार्च निकाला, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**बुढाना।** पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद कस्बे और देहात में लोगों का गुस्सा रुकने का नाम नही ले रहा है। कस्बे में भाजपा नेता और काफी व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कस्बे के महावीर तिराहे पर पहुंचकर आतंकवाद का पुतला जलाया गया। कस्बे के व्यापारी और भाजपा नेता पैठ बाजार में एकत्र हुए। पूर्व चेयरमैन जित. ेंद्र त्यागी ने कहा कि आज हिंदुस्तान में ही हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं जो बर्दाश्त के काबिल नही हैं। हमें आतंकियों को सबक सिखाना होगा। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि सभ्य दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नही होनी चाहिए। यह नरसंहार अस्वीकार्य है। इस मौके पर भाजपा नेता व व्यापारियों ने वंदे मातरम व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। यहां जुलूस के रूप में हाथों में मोमबत्तियां लेकर भाजपा कार्यकर्ता व व्यापारी पैंठ बाजार, बड़ा बाजार व छोटा बाजार से होते हुए कस्बे के महावीर तिराहे पर पहुंचे। भाजपा नेता और व्यापारियों ने आतंकवाद का पुतला जलाया। इस मौके पर व्यापारी नेता राजेश संगल, कश्यप समाज खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप, डॉक्टर शेखर कुमार, सुशील तायल, अमरीश कुमार, दिनेश कुमार, हिमांशू संगल, रामनरेश, मोनू मलिक और भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर सहित दर्जनों व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आतंकी हमले पर मौहम्मद अरशद रंगरेज ने जताया शोक

**बुढ़ाना।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन कस्बा बुढ़ाना की ओर से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन जिला संयुक्त सचिव मौहम्मद अरशद रंगरेज ने कहा कि इस्लाम हमेशा इंसानियत, अमन और भाईचारे का पैगाम देता है। ऐसे नृशंस हमला इस्लाम की मूल शिक्षाओं के विरुद्ध हैं और समाज में नफ़रत फैलाने की साज़िश है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिला संयुक्त सचिव अरशद रंगरेज ने सरकार से कहा है कि इस हमले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

# शहीदों को कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि



मुजफ्फरनगर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोषो के नरसंहार के विरोध में न्यू ऐंग्लो जूनियर हाईस्कूल, खालापार में उप्र अल्पसंख्यक स्कूल्स विकास मंच मुजफ्फरनगर इकाई की ओर से एक शोक सभा एवं कैन्डल मार्च का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के गणमान्यो के अतिरिक्त मान्यता प्राप्त विद्यालयो के संचालको एवं अध्यापको ने भाग लेकर मरने वाले शहीदो को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। शोक सभा के उपरान्त विद्यालय से नावल्टी चौक तथा अहिल्याबाई चौक तक कैन्डल मार्च निकाला गया। सभी उपस्थित नागरिको ने दु:खी मन से इस आयोजन में भाग लिया, शासन से वक्ताओ ने मांग की है कि इस नरसंहार में शामिल साजिशकर्ताओ को ऐसा सबक सिखाया जाए कि सदियो तक कोई आतंकी सिर उठाने की हिम्मत न कर सकें। शोक सभा में मुख रूप से खुर्शीद अहमद, नसीम अहमद त्यागी, ताहिर अली, सरवर आलम, शहजाद अहमद, अख्तर अहमद, साजिद, आरिफ रजा, शाहिद सैफी, डॉक्टर जिशान अली, अरशद जलाल, जावेद कामरेड, साहिल सैफी, अरशद अंसारी, सरताज सैफी, नाजिम अली, अबरार एडवोकेट, साजिद राणा, शाहजवाज इरफान, आदि ने श्रृद्धांजली दी एवं भाग लिया। औसाफ अहमद, हिदायतउल्लाह, मास्टर जफर हुसून, शहजाद अली मास्टर इसरार, डा. शाहनज राव बन्ते इसन जैदी, मारटर शाहनवाज मो. अनस, गहरयाब, मो। अनस, शाहरूख, मो. फरमान रहे।

## आतंकवादी हमले की निन्दा करते हुए शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की

**भोपा।** गाँव बेलडा मे सुरेन्द्र मास्टर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पार्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमला बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। इस दु:ख की घड़ी में पूरा देश एकजुट है, पीड़ित परिवारों के साथ हमारी पूर्ण संवेदनाएं है। बेलडा के शिव मन्दिर मे दु:खी मन व नम आँखों के साथ हमले में शहीद लोगों को श्रृद्धांजलि अर्पित की , ग्रामीणो ने कहा कि इस आतंकी घटना का किसी भी धर्म से संबंध नहीं होता है जिन आतंकवादियों ने ये कायरता की उन्हे मुहतोड जवाब दिया जाये इस मौके पर डाक्टर विकास, संजय कश्यप, अनन्त, अंकुश, अकुर, अजय पाल, रितेश राणा, हर्ष राणा, चिराग, दिपक, मयंक कुमार, तेजेन्द्र, आशुतोष, पवन, कुलदीप, आदि मौजूद रहे।

# सैकड़ों ग्रामीणों की ललकार 'पाकिस्तान अब तेरी खैर नहीं'



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पहल्गाम में शहीद हुए वीर सपूतों की याद में भड़का जनाक्रोश, , कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए बर्बर आतंकी हमले में देश के लालों की शहादत से पूरा देश आहत है, और अब जनमानस का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है। इसी क्रम में भैंसी गांव में एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहाँ सैकड़ों ग्रामीणों ने वीर शहीदों को मोमबत्तियां जलाकर विनम्र श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में भारतीय जनता पाटह्र किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू अहलावत, वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल चौहान, सचिन अहलावत, ख्रपाल बाबा, राजेंद्र पंडित, सुनील प्रधान, राजेंद्र जड़ोदा, मिटू, राजपाल, राजबीर, रामेश्वर समेत क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'शहीदों अमर रहें' के नारों से वातावरण गूंज उठा। गांव की गलियों से लेकर चौपाल तक, हर कोना शहीदों की याद में सराबोर रहा। नम आंखों और भारी दिलों से ग्रामीणों ने सरकार से आतंकियों को मुँहतोड़ जवाब देने की माँग की।

अब बहुत हो गया... सरकार को सर्जिकल नहीं, अब सीधा हमला करना चाहिए। यह मांग सिर्फ शब्द नहीं, जनआक्रोश की प्रतिध्वनि बनकर गूंज रही थी। हमारे जवान सीमा पर जान दे रहे हैं, और हम चुप नहीं बैठ सकते। अब वक्त आ गया है आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का, ये कहना था भैसी के तमाम ग्रामीणों का। यह श्रद्धांजलि सभा केवल एक रस्म नहीं थी, बल्कि यह संकल्प था ख्र देश के दुश्मनों को करारा जवाब देने का, और वीर शहीदों की कुर्बानी को अमर रखने का। इस भावभीन माहौल में हर ग्रामीण की आँखे नम थी।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जे०डी० महोदय हरिद्वार**

वाद सं. - 52/2025

श्रीमती नीलम शर्मा पत्नी श्री पुरुषोत्तम शर्मा पुत्री स्व० श्री रामचन्द्र त्रिपाठी निवासी मौ0 लाटोवाली हवेली कनखल जिला हरिद्वार ...... वादनी

**बनाम**

1. आम जनता, 2. लोकन्द्र निवासी पुत्र स्व० रामचन्द्र त्रिपाठी निवासी शेखुपुरा कनखल, जिला हरिद्वार। 3. श्रीमती पूनम पत्नि ऋषिपाल पुत्री स्व० रामचन्द्र त्रिपाठी, निवासी गरीब नेडी तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश

.... प्रतिवादीगण

उपरोक्त वाद वादनी की ओर से आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध घोषणात्मक डिक्री प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। आप उक्त वाद में प्रतिवादीगण है आपको न्यायालय में उपस्थित होने के लिए सम्मन अखबार में प्रकाशित किया जा रहा है। अत: आपको न्यायालय के आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि आप न्यायालय में नियत दिनांक 08.05.2025 को प्रात: 10 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पैरवी करके आपत्ति व जवाबदावा दाखिल करे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में उक्त वाद में वाद की कार्यवाही एक पक्षीय रूप से आपके विरूद्ध अग्रसरित करके नियत दिनांक को उक्त वाद विधि अनुसार निस्तारित कर दिया जायेगा।

न्यायालय सिविल जज जे0डी0 हरिद्वार।

# घर में घुसकर जेठ ने किया दुष्कर्म, 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पीडिता का पति विदेश में करता है काम**

**छपार।** एक विवाहिता के साथ उसके जेठ ने घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया उसका पति विदेश में कार्य करता है। ससुराल वालों को बताया तो उन्होंने पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने 6 आरो. पियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी । पुलिस ने तीन सप्ताह बाद मुख्य आरोपी को गिरफतार कर चालन कर दिया।

एक गांव निवासी निवासी विवाहिता ने 3 अप्रैल को थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति सऊदी अरब में कार्य करता है वह अपने ससुराल वालों के साथ अकेली रहती है वह अपने ससुरालियों के साथ ही रहती है। उसके कोई संतान भी नही है। उसका जेठ उसपर बुरी नजर रखता है। दो अप्रैल की रात में विवाहिता घर में अकेली थी, तभी उसका जेठ वसीम कमरे में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया ओर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीडिता के द्वारा घटना की जानकारी ससुरालियों को दी तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया था। पीडिता ने तीन अप्रैल को छह आरो. पियों के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपित जेठ घर से फरार हो गया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश में लगी थी जबकि पांच आरोपियों ने कोर्ट से स्टे ले रखा है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने वसीम को घर से ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## छपार में फूंका आतंकवाद का पुतला

**छपार।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पूतला फूंका है।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने गोलियां बरसाकर 28 लोगों को मौत के घाट उतार दिया ओर फरार हो गये। हिंदू संगठन के गुस्साए कार्यकर्ता बृहस्पतिवार को रामपुर तिराहा पर इकठठा हुए ओर आतंकवाद का पुतला फूंका। आतंकवाद विरोधी नारेबाजी भी की । विशाल सिंह, मामेश ठाकुर, आशू राणा,विक्की शर्मा कुणाल सिंह , पप्पू बागोवाली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा पुत्र सादिक उर्फ सादा पुत्र जाफीर मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गया है। इसलिए मैंने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**खुर्शीदा पत्नी जाफीर**
**निवासी- 267 सुजडू,**
**थाना खालापार**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**INFORMATION**

I No. JC-452198
M sub shobir.
My Doughter
name manshii malik
and her date of birth
27-01-2006 is
mantioned in Army
Record. However
correct name is
Manshi malik and her
date of birth
27-01-2002. For all
future purposes.

# समाजसेवी व खाप चौधरियों ने पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**मोरना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, खाप चौधरियों एवं अन्य संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रीय सामा. जिक संस्था ने मोरना मे कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम के मर्तको को श्रद्धांजलि दी व सरकार से ठोस कार्यवाही की मांग की। राष्ट्रीय सामा. जिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के विरोध में क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर उतरकर आक्रोश जताया और इस घटना में मारे गये 26 पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला। और कहा कि कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को बैसरन घाटी में आतंकियों द्वारा पर्यटकों पर किये गये हमले को लेकर पूरे देश में गुस्सा है और शोक का माहौल बना हुआ है। ऐसे में राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं संजीव सहरावत और अंकित जावला की अगुवाई में मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला। मनीष चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि कश्मीर घाटी में निर्दोष और निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाकर उनकी हत्या करना मानवता के खिलाफ है। ऐसा करने वाले आतंकियों को सरकार सख्त सबक सिखाने के लिए उनके घर में घुसकर उनको मारने का काम करे। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश और शोक का माहौल है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की घटना से पूरा देश स्तब्ध और आक्रोशित है। यह हमला हमारे देश की संप्रभुता और शांति भरे माहौल को चुनौती देने वाला भी है। कहा कि निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए इस अमानवीय ख्रत्य में कई मासूमों की जान जाना अत्यंत दु:खद और निंदनीय है। आतंक फैलाने वालों का कोई मजहब नहीं होता है। उन्होंने आतंकी हमले में मारे गये लोगों को शहीद बताते हुए कहा कि भारतवासी आतंकियों की कायरता से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने नैतिकता के आधार पर कश्मीर के मुख्यमंत्री से इस्तीफा मांगते हुए केन्द्र सरकार से ठोस कार्यवाही की मांग की। सहरावत खाप के अध्यक्ष संजीव सहरावत व भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित जावला ने कहा कि देश की जनता सरकार और सेना के साथ है। हमारे सैनिक इन कायरों को घर में घुसकर मारने का साहस रखते हैं। यह एक चुनौती है, हमें मिलकर इसका सामना करना है, जो लोग इस घटना में मार दिये गये, उनके प्रति पूरे देश की सहानुभूति है। इस अवसर पर भारत लोकसेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी, सचिन सहरावत, वीर सिंह मास्टर जी, मनोज सहरावत,आकाश चौधरी, अशोक, अमित कश्यप, विपिन राठी, प्रदीप,रामकुमार आदि रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम RIJVANA से बदलकर RIZWANA रख लिया है। भविष्य में मुझे RIZWANA W/o MOHD INAM के नाम से जाना व पहचाना जाए।

H.NO. 318, JAHAGIR PATTI, SUJRU, MUZAFFARNAGAR (U.P.) MOB. 9319261898.

**नाम परिवर्तन**

हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट में मेरा नाम कु. सपना रानी (Km. SAPANA RANI) है। जो शादी के बाद बदलकर सपना तायल (SAPANA TAYAL) हो गया है। आधार कार्ड व पेन कार्ड में भी मेरा नाम SAPANA TAYAL दर्ज है। इसलिये अब भविष्य में मुझे सपना तायल के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

**Address: SAPANA TAYAL W/O SUSHIL KUMAR TAYAL,**
**मौहल्ला पश्चिमी पछाला, होली चौक, बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर, यूपी।**

**खोया पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2021 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 की असल मार्कशीट वास्तव में कहीं गुम हो गई है काफी तलाश करने पर भी नही मिली है। जिसका उपयोग अवैध होगा।

**मौ. असकरी पुत्र शबाब हैदर**
**निवासी-किदवई नगर**
**थाना कोतवाली तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# एसडी कॉलेज बीपीएड के छात्र का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी में हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर में हुई चयन प्रक्रिया के दौरान तुषार कुमार का हुआ वर्ल्ड यूनिवर्सिटी में चयन, तुषार कुमार का चयन गत वर्ष खेलो इंडिया के लिए भी हुआ था, वर्ल्ड यूनिवर्सिट की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने तुषार कुमार जर्मनी जाएगा। आज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर ने प्रतीक चिन्ह देकर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। तुषार ने इसका श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया, इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ अंशुल शर्मा, चीफ प्रॉक्टर डॉ अरविन पंवार, डॉ नितिन कुमार सिंह, डॉ संदीप, डॉ नागेन्द्र, डॉ चंद्रमणि, डॉ करमजीत कौर, डॉ प्रणव शर्मा, डॉ आदित्य आनंद आदि मौजूद रहे।

## शहीद सैनिक की पुण्यतिथि पर नमन कर दी श्रद्धांजलि

**भोपा।** आठ वर्ष पूर्व गांव निरगा. जनी निवासी नक्सली हमले मे शहीद हुए जवान मनोज की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। नोएडा से पहुंचे सीआरपीएफ के जवानों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगा. जनी निवासी सीआरपीएफ के जवान मनोज कुमार बीते 24 अप्रैल 2017 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सली आतंकवादियों के हमले में बलिदान हो गए थे। जिनकी आठवीं पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सीआरपीएफ नोएडा गौतमबुद्ध नगर ग्रुप सेंटर से आए सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार, हवलदार खुशहाल आदि जवान गांव में पहुंचे तथा बलिदानी जवान मनोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद बलिदानी की मां मां राजेश देवी, भाई फौजी रमेश चंद व जोनी आदि परिवारजनों से मिले। इस दौरान प्रधान रजनीश शर्मा, राजपाल, सोनू, मोनू आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ककरौली वि. ख. मोरना, ( मुजफ्फरनगर )**

पत्राक:- मीमो/राज्यवित्त/ केंद्रीय वित्त/मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्राम/ स्वराज अभियान/आपूर्ति दिनांक: 24.04.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ककरौली, वि.ख. मोरना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्यवित्त,15वी वित्त,ओ.डी.एफ. प्लस, स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 (ग्रामीण के अन्तर्गत) मनरेगा एवं अन्य वित्तयोजनान्तर्गत होने वाले निर्माण/ मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट बालू, रेत , कोरसैण्ड, इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनल, सोलर लाईट सामग्री, प्लास्टिक बैंक, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्ट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा/रेडा, ओपेन जिम सामग्री, आर.ओ. वॉटर कूलर, स्कूल/आफिस, आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाइज/फागिंग, जेसीबी द्वारा मिट्टी का कार्य, पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 01.05.2025 को दोपहर 10.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जोकि 01.05.2025 को 12:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/ आयकर विभाग पंजीकरण (मेन्ट को छोडकर) होना अनिवार्य है। सम्बंधित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **ग्राम प्रधान** | **ग्राम सचिव** |
| **ग्राम पंचायत ककरौली** | **ग्राम पंचायत ककरौली** |
| **वि.ख.-मोरना, मु०नगर।** | **वि.ख. मोरना, मु.नगर** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत खाईखेडा वि. ख. मोरना, ( मुजफ्फरनगर )**

पत्राक:- मीमो/राज्यवित्त/ केंद्रीय वित्त/मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्राम/ स्वराज अभियान/आपूर्ति दिनांक: 24.04.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खाईखेडा, वि.ख. मोरना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्यवित्त,15वी वित्त,ओ.डी.एफ. प्लस, स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 (ग्रामीण के अन्तर्गत) मनरेगा एवं अन्य वित्तयोजनान्तर्गत होने वाले निर्माण/ मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट बालू, रेत , कोरसैण्ड, इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनल, सोलर लाईट सामग्री, प्लास्टिक बैंक, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्ट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा/रेडा, ओपेन जिम सामग्री, आर.ओ. वॉटर कूलर, स्कूल/आफिस, आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाइज/फागिंग, जेसीबी द्वारा मिट्टी का कार्य, पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 01.05.2025 को दोपहर 10.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जोकि 01.05.2025 को 12:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/ आयकर विभाग पंजीकरण (मेन्ट को छोडकर) होना अनिवार्य है। सम्बंधित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **ग्राम प्रधान** | **ग्राम सचिव** |
| **ग्राम पंचायत खाईखेडा** | **ग्राम पंचायत खाईखेडा** |
| **वि.ख.-मोरना, मु०नगर।** | **वि.ख. मोरना, मु.नगर** |

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र रिजवान मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। मेरे लडके रिजवान ने किसी लडकी के चक्कर में आकर मेरी व मेरे परिवार की समाज में बदनामगी करा दी है और रिजवान मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच व लडाई झगडा करता रहता है। इस कारण मै व मेरा परिवार रिजवान से कोई मतलब वास्ता रखना नही चाहता है। मैने व मेरे परिवार ने रिजवान से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर दिये है। आज के बाद रिजवान के द्वारा की गई किसी भी कानूनी कार्यवाही अथवा लेन-देन या उसके भी प्रकार के कृत्य के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। अपने द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए रिजवान स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मुन्तजिर पुत्र स्व.यामीन**
**निवासी 271 बझेडी-3**
**बागोवाली थाना नई मंडी**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

### एमडीए का बुलडोजर फिर गरजा

## गंगनहर के किनारे की अवैध प्लॉटिंग पर चला हथौड़ा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ मुजफ्फरनगर और खतौली विकास प्राधिकरण (एमडीए) का अभियान रुकने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार को एमडीए की टीम ने बुढाना मार्ग गंगनहर के समीप की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। हाईवे किनारे की गई प्लॉटिंग को सीज कर दिया गया। गुरुवार को विकास प्राधिकरण अधीक्षण अभियंता विनीत अग्रवाल और जेई भरतपाल, जयकरण के नेतृत्व में टीम ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और मशीनों की सहायता से पूरी अवैध प्लॉटिंग को तहस-नहस कर दिया। एमडीए अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अब अगला निशाना मीरापुर व जानसठ मार्ग पर बने अवैध निर्माण होंगे। इसी दौरान बुढाना मार्ग पर



मिटी हटाने को लेकर दो पक्षों में जमकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि हंगामे की नौबत आ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप कर हालात को शांत किया और दोनों पक्षों को समझाकर मामले को रफा-दफा किया। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मचा है। एमडीए ने साफ किया है कि बिना किसी दबाव के यह अभियान चलता रहेगा और शहर को अवैध निर्माण से मुक्त किया जाएगा।

## दशमेश पब्लिक स्कूल में बच्चों ने की प्रार्थना सभा

**रामराज।** दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी तथा घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों ने मोमबत्तियाँ जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर शोक की भावनाओं के साथ एकजुट होकर सभी ने राष्ट्रीय एकता और शांति की कामना की। इस भावुक क्षण में स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता, प्रधानाचार्य आमिर खान, कोऑर्डिनेटर स्वाती अरोड़ा, मनजा.




त कौर, कोमल राणा, खुशबू, मो. निका महक, चरणजीत कौर, विजय कुमार, अनिकेत, प्रशांत कुमार, अशोक कुमार, मुकेश, बलराम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और ईश्वर से प्रार्थना की कि वह शोकसंतप्त परिवारों को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करें। यह श्रद्धांजलि सभा न केवल शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक थी, बल्कि विद्यार्थियों को संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ने वाली एक प्रेरणादायक पहल भी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बंद पड़े नाले का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**खतौली।** गांव भैंसी में बंद पड़े नाले में उठी दुर्गन्ध मच्छर आदि से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने मौके पर पहुंच मौके पर ही सिंचाई विभागों के कर्मचारी को बुलाया। एसडीएम ने बन्द पड़े नाले में पानी चालू करवाने के सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि अगर दो तीन दिन में बंद पड़े नाले में पानी नहीं चला तो आप लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। निर्देश पर अमल न करने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की भी एसडीएम द्वारा चेतावनी दी गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा राजू अहलावत, गन्ना विकास परिषद चेयरमैन सुनील प्रधान, शिशुपाल, राजपाल, अशोक, राजन, अमित आदि सहित काफी ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

### किशोरी के साथ कम्पाउंन्डर ने की छेड़छाड़

**मोरना।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि वह जूतों की मरम्मत का काम करता है। और बहुत गरीब है। उसकी पत्नी का इलाज तीन वर्ष से मोरना स्थित क्लिनिक पर चल रहा है। बुधवार की दोपहर उसकी नाबालिग पुत्री व भतीजा दवाई लेने गए तो कंपाउंडर ने भतीजे को मेडिकल स्टोर से दवाई लाने को भेज दिया और किशोरी से कहने लगा कि तुम बहुत कमजोर हो रही हो तुम्हारे पेट में कोई दिक्कत लगती है। किशोरी ने कहा कि मेरे पेट में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन कंपाउंडर ने उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर ज़बरदस्ती बैंच पर लिटा दिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी छेड़छाड़ का विरोध करती हुई क्लिनिक से बाहर गई तो कंपाउंडर ने इस बात को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी लड़की अपने चचेरे भाई को आता देख घबराकर रोने लगी और अपने चचेरे भाई के साथ घर आकर उसने सारी घटना बताई पीड़ित ने आरोपी कंपाउंडर के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।आरोपी के गैर सम्प्रदाय के होने के कारण तनाव की आशंका व्याप्त हो गई है।

### डकैती के आरोपी को रिमांड पर लेकर किए जेवरात बरामद

**भोपा।** किरयाना व्यापारी के घर में परिवार को बंधक बनाकर डाली गई डकैती के आरोपी को पुलिस ने सात घंटे के रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर सोने चांदी के जेवरात बरामद किए। भोपा कस्बे में आठ दिसंबर 2024 की रात में किरयाना व्यापारी सतीश प्रजापति के घर में घुसकर छह बदमाशों ने डकैती डाली थी। जिसमें बदमाश नगदी व सोने चांदी के जेवरात समेत लगभग बीस लाख रुपये का माल समेटकर बदमाश फरार हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रक.श सिंह ने बताया कि गुरुवार को न्यायालय के आदेश पर आरोपी शेखर निवासी खडखड़ी थाना खरखौदा, जिला मेरठ को सात घंटे के रिमांड पर लाया गया। उसकी निशानदेही पर खतौली थाना क्षेत्र के मीरापुर रसूलपुर के जंगल में खंडर पड़े स्कूल के भवन से लॉकेट सोने की चौन व चांदी पाजेब बरामद की। पुलिस ने आरोपी को वापिस जेल भेज दिया।

### तीन घरों से लाखों के आभूषण चोरी

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव खेड़ा मस्तान में देर रात के समय चार दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने तीन घरों से लाखों रुपये के आभूषण चुरा लिए थे। घटना के चार दिन बाद भी फुगाना पुलिस को घटना के संबंध मे कोई सुराग नहीं मिल पाया है। फुगाना पुलिस की इस कार्यशैली से पीड़ित परिवार में भारी रोष व्याप्त है। बताया जाता है कि थाना फुगाना क्षेत्र के गांव खेड़ा मस्तान में बीती 21 अप्रैल की देर रात के समय अज्ञात बदमाशों ने सुरेश पाल, पुष्पेंद्र और रणवीर के मकानों के ताले तोड़ दिए थे। जिसमें बदमाशों ने मकान के अंदर घुसकर तीनों परिवारों के मकानों में रखे हुए सोने चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुरा लिया था। इस चोरी की घटना की तहरीर फुगाना पुलिस को दे दी गई थी। अब इस चोरी की घटना को चार दिन बीत जाने के बाद भी फुगाना पुलिस के हाथ खाली ही हैं। फुगाना पुलिस की कार्यशैली से पीड़ित परिवार में फुगाना पुलिस के प्रति भारी रोष बताया गया है। उधर दूसरी पीड़ित परिवार के लोगों का कहना है कि वे इस संबंध में कल एसएसपी से मिलेंगे। वहीं फुगाना पुलिस का कहना है कि आजकल में ही चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### किसान पर फायरिंग

**छपार।** अपने खेत पर बाइक से जा रहे किसान पर एक भटा मालिक ने गाली गलौज करते हुए रोकने का प्रयास किया न रुकने पर उसके पुत्र ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिससे वह बाल बाल बच गया। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। गांव तेजलहेडा निवासी परविंदर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह वह बाइक से अपने खेत पर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही अर्जुन का ईंट भटा है जब भटे की बराबर में पहुंचा तो उसने गाली गलौज करते हुए कहा कि दुआ सलाम के बगैर जाने की हिम्मत कैसे की है उसके पास खड़े उसके पुत्र ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चलाई। गोली उसके कान के पास से होकर गुजर गई। पीड़ित ने भागकर जान बचाई उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### एसडी इंटरनेशनल परिवार ने की श्रद्धांजलि सभा

**मीरापुर।** एमडी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई। यह हमला पूरे देश को झकझोर देने वाला था, और विद्यालय परिवार ने इस दर्दनाक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।सभी ने दो मिनट का मौन रखकर एवं मोमबत्तियाँ जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का वातावरण अत्यंत भावुक और गंभीर था। इस अवसर पर छात्रों को देशभक्ति, एकता और मानवता का संदेश भी दिया गया। विद्यालय के प्रबन्धक ओपी चौहान ने कहा कि ऐसे कायरतापूर्ण हमले हमारे देश की एकता और अखंडता को तोड़ नहीं सकते। प्रधानाचार्य मौहम्मद फिरोज ने बच्चों को समझाया कि शहीदों को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए और देश की रक्षा के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। विद्यालय इंचार्ज सीमा माहेश्वरी, शिक्षक मौद्द इरफान, मेहताब जहाँ समेत अन्य शिक्षकगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### संत निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर में 244 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

**मुजफ्फरनगर।** रक्तदान महादान की भावना को साकार करते हुए संत निरंकारी मिशन ने गुरुवार को रूड़की रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 244 श्रद्धालु भक्त भाई-बहनों ने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। रक्तदान न केवल मरीजों की जान बचाने में मदद करता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। नियमित रक्तदान से रक्तदाता के शरीर में आयरन की मात्रा नियंत्रित रहती है, जिससे हृदय रोग और कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। संत निरंकारी मिशन के इस रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं ने मानवता की भावना को प्रदर्शित किया। देहरादून से आए राजीव बिजलवान ने कहा कि यह महाअभियान केवल रक्तदान नहीं, बल्कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की करुणा, सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में जनपद के संयोजक हरीश कुमार, सुशील अंश, सेवादल संचालक नवीन कुमार, दीपक त्यागी आदि का विशेष योगदान रहा। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम ने रक्तसंग्रह किया।संत निरंकारी मिशन सेवा और समर्पण के पथ पर निरंतर मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। इस रक्तदान शिविर के माध्यम से मिशन ने एक बार फिर मानवता की भावना को प्रदर्शित किया और मरीजों की जान बचाने में मदद की।

## बीएससी नर्सिंग में रसिका सिंह ने पाये सर्वाधिक अंक

**मीरापुर।** भगवन्त इंस्टीटडूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की प्राचार्या डॉ विजया डी ने कहा कि बी.एस.सी नर्सिंग द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रसिका सिंह ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, वर्षा रानी ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और राधिका ने 76 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया । छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया ।

प्राचार्या विजया डी ने छात्रों से कहा कि लक्ष्य निर्धारण कर बड़ी से बड़ी सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। विद्याथ्र्ह्न जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल ,सह निद.शक डॉ पुष्पनील वर्मा, एवम समस्त शिक्षकों ने छात्र एवम छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## गरीब बच्चों की मदद को आगे आए कुतुबपुर के जागरूक युवा

**मीरापुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुतुबपुर में शिक्षा के प्रति जागरूकता और समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए चार नवयुवकों सरकारी स्कूल में पढने वाले छात्रो को स्टेशनरी वितरित कराई, जिसे पाकर बच्चो के चेहरे खुशी से खिल उठे।

मीरापुर क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर निवासी हृतिक, अक्षय, कार्तिक और नवजीत ने प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर-2 में पढने वाले सभी छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री वितरित की। इसमें कॉपियां, पेंसिल, रबर, स्केल आदि शामिल थे। स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के शिक्षक सादिक अली ने जानकारी दी कि विद्यालय में पढने वाले सभी बच्चों को यह सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के उन गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग करना है, जो




संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं। हृतिक और अक्षय ने बताया कि यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेगा और बच्चों की शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सामग्री समय-समय पर वितरित की जाएगी। चारों नवयुवक समाजसेवा को अपना ध्येय मानते हैं और उनका मानना है कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विमल सिंह और शिक्षिका कविता रानी भी उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं के इस प्रेरणादायक कार्य की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सांसद व विधायक निधि में भ्रष्टाचार का आरोप, आरोपी को ही सौंप दी जांच

■ सीडीओ ने कहा कराऊंगा जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सांसद और विधायक निधि में भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास से शिकायत की गई है। बघरा निवासी शिकायतकर्ता समाज सेवक राजव.ीर सिंह ने डीआरडीए के परियोजना निदेशक और लेखाकार पर भी गंभीर आरोप लगाए गए है। तत्कालीन सीडीओ संदीप भागिया ने इस मामले की जांच करने के निर्देश डीडीओ मत्स्यनाथ त्रिवेदी को दिए है। जबकि इन पर ही डीआरडीए परियोजना निदेशक का चार्ज है। जिसके खिलाफ शिकायत है उसकी को ही जांच अधिकारी बना दिया गया है। बघरा निवासी राजवीर सिंह ने ग्राम्य विकास प्रमुख सचिव को शिकायत करते हुए बताया कि डीआरडीए विभाग में सांसद और विधायक निधि को लेकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसमें डीआरडीए परियोजना निद.शक और लेखाकार दोनों शामिल है। इनके द्वारा ठेकेदारों से कमीशन मांगा जाता है। यदि कोई ठेकेदार कमीशन नहीं देता है तो निर्माण कार्यो की स्वीकृति को रोक दिया जाता है। वहीं निधि की द्वितीय किश्त भी जारी नहीं की जाती है। शासन स्तर से इस मामले में जांच के आदेश आए है। तत्कालीन सीडीओ संदीप भागिया के द्वारा इस मामले की जांच डीडीओ मत्स्यनाथ त्रिवेदी को दी गई है। जबकि मत्स्यनाथ त्रिवेदी पर ही डीआरडीए परियोजना निदेशक का चार्ज है।

## प्रधानाचार्य, हिंदी प्रवक्ता व परिचारक के सेवानिवृत होने पर दी विदाई



■ जनता इंटर कॉलेज में हुआ विदाई सम्मान समारोह

**भोपा।** जनता इंटर कालेज में विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य राकेश कुमार, हिंदी प्रवक्ता रामपाल मृदुल एवं परिच.ारक जोगिंद्र कुमार को सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। शिक्षक साथियों ने उन्हें रामायण, छतरी, स्मृति चिंह, घड़ी, अटैची व अभिनंदन पत्र भेंट किए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रबंधक धर्मपाल सिंह राठी ने कहा कि शिक्षकों को गुरु शिष्य की परंपरा को कायम रखते हुए शिक्षण कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अध्यापक कभी सेवानिवृत नहीं होता। समाज उनसे दिशा देने की अपेक्षा रखता है। कमेटी के अध्यक्ष संदीप राठी ने कहा कि शिक्षक एक प्रकाश पुंज भी है और प्रकाश का केंद्र भी। समारोह में प्रबंधक देवेंद्र शिवाच एडवोकेट ने कहा कि शिक्षक का समाज में सबसे ऊंचा स्थान होता है इसलिए शिक्षकों अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व इमानदारी के साथ करना चाहिए। शिक्षक ही बच्चे के भविष्य निर्माता होते है। संचालन प्रधानाचार्य संजय कुमार ने किया। एनसीसी के मेजर अरविंद शिवाच ने भावुक होते हुए अभिनंदन पत्र पढ़कर सौंपा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक शिव कुमार यादव, प्रहलाद सिंह, कैप्टन प्रवीण चौधरी, कुसुम लता, सारिका जैन, ज्योति बाला, पूजा, डा. विनोद कुमार, फूलचंद्र , ऋषिपाल सिंह, डा. विनीत चौहान, राजेन्द्र सिंह, योगेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह राठी, जवाहर सिंह, तेजपाल सिंह, विजय कुमार, अनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## लक्ष्य के पदाधिकारियों ने पहलगाम हमले में शहीद हुए नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** लक्ष्य सामा.जिक संस्था के कार्यालय शमा रेडियोज वाली गली, मेरठ रोड, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर पर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा पहलगाम हमले में शहीद हुए नागरिकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट ने दु:ख प्रकट करते हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट की अध्यक्षता में शोकसभा रखी गई। सभा में आए सभी अधिवक्ता साथियों और समा.जसेवियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कीद्य तज़कीर मुशीर ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। देशवासी ऐसे कायराना हमलों से नहीं डरेंगे। भारतवासी एकजुट होकर आतंकियों का मुकाबला करेंगे। यह हमला न केवल निर्दोष लोगों पर बल्कि पूरे देश की आत्मा पर किया गया है। संस्था के कोषाध्यक्ष अमीर अंसारी एड. ने कहा कि इस कठिन समय में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ है। शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देशवासी एकजुट रहकर आतंकवाद का विरा.ेध करेंगे।

शोकसभा में मुख्य रूप से महबूब आलम अंसारी एड., वरिष्ठ




समाजसेवी रागिब आलम, अमीर अहमद अंसारी एड., काशिफ़ मुशीर एड., अली शाह ज़ैदी एड., गुढू बाइक मेकेनिक, सरताज होटल वाले, शोएब अंसारी, हाजी दिलशाद अंसारी आदि शामिल रहे।

## भाविप अमेटी ने स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तकें की वितरित

**मुजफ्फरनगर ।** केशवपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में भारत विकास परिषद अमेटी द्वारा नवीन प्रवेश लेने वाले छात्रों को पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रवीण गुप्ता जिला समन्वयक विकास रत्न, विशाल शर्मा जिला महा समन्वयक, अभिलक्ष मित्तल, श्यामलाल बंसल संरक्षक ,डॉ विजय कुमार टंडन अध्यक्ष,संजय अग्रवाल व्यवस्थापक, डॉ उमेश कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, कौशलआर्य प्रधानचार्य ने सयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का आरंभ किया ।

कार्यक्रम में कौशल आर्य प्रधानाचार्य ने बताया कि समाज एक दूसरे के सहयोग से ही विकास के पथ पर आगे बढ़ता है भामाशाह जैसे लोग सहयोग कर समाज के उत्थान का कारक बनते हैं। प्रवीण गुप्ता जिला समन्वयक ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर भारतीय संस्कृति को आगे ले जाने का

कार्य कर रहे है। मितिन मित्तल ने बताया कि विद्या दान महा दान है। इसी सोच के साथ आज पुस्तक वितरण का यह पुनीत कार्य किया जा रहा है । विशाल शर्मा जिला महासमन्वयक ने बताया पुस्तकें कभी भी धोखा न देने वाले मित्र है, इसलिए पुस्तकों को ही अपना जीवनसाथी बनाएं।

संजय अग्रवाल व्यवस्थापक ने बताया कि देश भर में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती के अंतर्गत 12,000 विद्यालय चल रहे हैं जो हमारी भारतीय संस्कृति के संवर्धन के कार्य को दिनों दिन आगे बढ़ा रहे हैं।

भारत विकास परिषद अमेटी द्वारा कक्षा प्ले से पंचम तक नवीन प्रवेश लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को निशुल्क पुस्तको का वितरण किया गया । संवित जैन द्वारा अतिथियों व भारत विकास परिषद के सदस्य गणों का आभार प्रकट किया



गया।कार्यक्रम में अमित तायल, अकुल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, नितिन गुप्ता, रजत जैन, संवित जैन, ईशा मित्तल, सोनम गोयल ,सुरभि अग्रवाल उपाध्यक्ष महिला सहभागिता,गुंजन जैन सहित भरत विकास परिषद के कई गणमान्य सदस्यगण उपस्थित रहे। भोपाल सिंह सैनी नरेंद्र कुमार सैनी बालेंद्र कुमार शर्मा, ईश्वर दत्तशर्मा, शगुन सैनी, रूबी गर्ग ,नंदिनी शर्मा ,सपना अरोड़ा ,ख्रतिका गर्ग ,रेणु धीमान, साक्षी शर्मा ,प्रिया ज्योति, सविता धीमान सहित स्टॉप के कई शिक्षक गण व शिक्षिका उपस्थित रहे ।

## एशिया की सबसे बड़ी हाईटेक यूनिवर्सिटी की घोषणा पर उमड़ा जनसमर्थन

■ क्षेत्रीय विकास पार्टी के सद प्रयास को नागरिकों ने सराहा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्रीय विकास पार्टी द्वारा 16 अप्रैल को दिल्ली में शिक्षा सचिव को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से खतौली में एशिया की सबसे बड़ी हाईटेक यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा ने समूचे क्षेत्र में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ा दी है। यह ऐतिहासिक कदम खतौली को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला साबित हो सकता है। इस महत्वपूर्ण घोषणा पर हमने समाज के विभिन्न वर्गों से बातचीत की। पेश हैं कुछ प्रमुख लोगों के विचार

शिवानी सैनी का कहना था कि खतौली में हाईटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना केवल एक शैक्षिक उपलब्धि नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक बदलाव की नींव भी है। इससे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में मिल सकेगी।

कर्मवीर सिंह वर्मा का कहना है कि यह फैसला युवाओं के भविष्य को दिशा देने वाला है। हमें गर्व है कि हमारी मिटी से एक ऐसा सपना आकार ले रहा है जो पूरे एशिया को आकर्षित करेगा। शैक्षणिक विकास से साथ ही स्थानीय व्यवसाय को भी लाभ मिलेगा। छात्र, फैकल्टी और उनके परिवारों से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।ष्हमें अब बाहर जाकर पढ़ाई करने की जरूरत नहीं होगी। अपने शहर में ही ष्विश्वस्तरीय



शिक्षा पाना एक सपना जैसा है।ष
मुकेश कुमार शर्मा

यूनिवर्सिटी के आने से महिला शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। हम चाहते हैं कि इसमें महिलाओं के लिए विशेष तकनीकी और प्रबंधन पाठ्यक्रम हों। सड़कों पर, चौपालों में, सोशल मीडिया पर हर जगह इस फैसले की सराहना हो रही है। लोगों का मानना है कि यह खतौली को एक नई पहचान देने वाला निर्णय है। युवाओं में जोश है, माता-पिता में उम्मीद, और पूरे शहर में एक सकारात्मक ऊर्जा महसूस की जा रही है। क्षेत्रीय विकास पार्टी की यह पहल खतौली को शिक्षा के मानचित्र पर नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार और संबंधित विभाग इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए किस गति से कार्य करते हैं।

## रोहाना कलां के मिल प्रांगण में अखण्ड रामायण पाठ

**मुजफ्फरनगर।** आराधना मन्दिर में 23 अप्रैल को श्री रामायण का अखण्ड पाठ प्रारम्भ किया गया, जिसकी समाप्ति गुरुवार को होने के पश्चात् हवन यज्ञ पंडित शिव नारायण शास्त्री द्वारा कराने के पश्चात् विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें इकाई प्रमुख श्री लोकेश कुमार, आसवनी प्रधान प्रबन्धक रमेश कुमार शर्मा, राकेश कुमार तिवारी एचआर हेड, सहित अरविन्द कुमार विभागाध्यक्ष (गन्ना), रामबीर लल्लर विभागाध्यक्ष (अभि0), पंकज बालियान विभागाध्यक्ष (उत्पादन), तरूण कुमार गौड़ प्रबन्धक (लेखा), संजीव चौधरी उप प्रबन्धक (गन्ना), चिन्तराम गौतम



उप अभि0, रजत चौधरी सहा. प्रबन्धक (आईटी), लैब इंचार्ज कुबेर दत्त शर्मा, पवनेश कुमार शर्मा सहा0 प्रबन्धक (विक्रय/स्टोर), आदेश शर्मा, हरजीत सिंह, कपिल कुमार, कुलवन्त सिंह, प्रमोद कुमार, अमित कुमार, पंकज शर्मा, दिलीप पाण्डेय आदि उपस्थित रहें और चीनी इकाई व आसवनी इकाई के अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने भण्डारे में प्रसद ग्रहण किया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सफाई कार्य बंद, पालिका परिसर में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ के बैनर तले दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने शहर सफाई कार्य बंद कर नगर पालिका परिसर में धरना प्रदर्शन किया। उन्होने चेयरमैन पर हठधर्मिता दिखाने का आरोप लगाते हुए 150 आउसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती कराने की मांग की। वही शहर का सफाई कार्य ठप होने से पूरे शहर में गंदगी के ढेर लगे रहे।



स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ के बैनर तले दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने गुरूवार को कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबो. धित करते हुए सफाई कर्मचारियों ने कहा कि नगर पालिका परिषद शामली में आउटसोर्सिंग मैन पॉवर आपर्ति कार्य के अन्तर्गत सफाई कर्मचारी रखे जाने के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गई थी। जिसके लिए आवेदन मांगे गए थे। जिसके अन्तर्गत कई गरीब परिवार असहाय व्यक्तियो ने इसके लिए आवेदन किया गया। जिनकी संख्या लगभग 136 फार्म प्राप्त हुए, लेकिन चेयरमैन द्वारा सिर्फ 40 कर्मचारियों को ही रखा जा रहा है। उन्होने दिए शिकायती पत्र में कहा कि नगर पालिका शामली में कार्यरत समस्त वाहन चालको को डीजल ध पेट्रोल दिए जाने का कार्य किसी भी सभासद द्वारा नही किया जाए। डीजल, पेट्रोल दिए जाने का कार्य लिपिक अधिकारी द्वारा ही दिया जाएं।

आउटसोर्स पर 150 सफाई कर्मचारियों को तत्काल लगाए जाए। समस्त कर्मचारियो को वर्दी दी जाएं। समस्त कर्मचारियों का बीमा, ईपीएफ, ईएसआई का लाभ दिलाए। स्थाई कर्मचारियों को एनपीएफ का लाभ नियमानुसार मिलें। समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों का ईपीएफ चालान कार्यालय नगर पालिका शामली के सम्बन्धित विभाग मे जमा किया जाना अनिवार्य है। इस दौरान उन्होने चेयरमैन पर हठधर्मिता दिखाने का आरोप लगाते हुए उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर जितेन्द्र चंद्रा, संजय, मनोज महरो. लिया, जोगेश, संदीप कुमार, दीपक चंद्रा, जितेन्द्र टांक, राजन पाहिवाल, धर्मेन्द्र, प्रवीन कुमार, सचिन, अनुज आदि मौजूद रहे।

# फुले फिल्म को जारी करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भगीरथ सेना के पदा. धिकारियों ने गुरूवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम संतोष कुमार सिंह को सौंपा, जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष पर बनी फिल्म को जारी करने की मांग की।

गुरूवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि महान समाज सुधारक एंव सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष पर बनी फिल्म फुले जो 11 अप्रैल को फुलेजी के जन्मदिन पर रिलीज होनी थी, किन्तु कुछ असामाजिक लोगो द्वारा लगातार विरोध कर उक्त फिल्म के रिलीज करने पर पाबंदी की मांग की।

जिस कारण समाज के लोगो के मन मे ठेस पहुंची है। देश मे समाज




की स्थिति आज भी टस से मस ना होने जैसी पीडा का अनुभव है। महात्मा ज्योतिबा फुले ने दलितो, पिछडो, वंचितो व आदिवासियो की शिक्षा एंव विकास हेतु जो प्रयास किए वो उनको समाज उत्थान के क्षेत्र मे अग्रणी भुमिका मे स्थान देते है। पूर्व मे भी माता सावित्रीबाई फुले व ज्योतिबा फुले दम्पति के लिए सम्पूर्ण भारत से बार बार भारत रत्न की मांग उठती है किन्तु वर्तमान व पूर्व सरकार के द्वारा संज्ञान तक ना लेने पर समाज मे बेहद पीडा का अनुभव है। उन्होने मांग की कि महान समाज सुधारक के जीवन पर बनी फिल्म को तत्काल जारी व टैक्स फी सहित महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष को सम्मान देते हुए उनके जन्मोत्सव पर अवकाश व तत्काल भारत रत्न से शुसोभित किया जाए। इस अवसर पर अमित सैनी, मुकेश कुमार, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# 26 अप्रैल को शामली में अंडर- 19 और अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा आगामी सत्र 2025-26 के लिए अंडर-19 और अंडर-16 वर्ग के खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में शामली जिले में ट्रायल का आयोजन शनिवार, 26 अप्रैल को किया जाएगा। जिला क्रिकेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार ने जानक. ारी देते हुए बताया कि ट्रायल्स शामली क्रिकेट एकेडमी, करनाल रोड, महावीर एनक्लेव के निकट आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, अंडर-19 वर्ग का ट्रायल सुबह 8:00 बजे तथा अंडर-16 वर्ग का ट्रायल दोपहर 3:00 बजे प्रारंभ होगा। विनय कुमार ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने रजिस्ट्रेशन फॉर्म की रसीद तथा आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना दस्तावेज के किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही चयन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

## एक अभियुक्त को सुनाई सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में गौवध अधिनियम के एक मामले में एक अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई सजा व अर्थदण्ड से दण्डित भी किया गया। 1. वर्ष 2006 में अभियुक्त इकबाल पुत्र रुकमदीन निवासी ग्राम खुरगान थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा गोवध अधिनियम पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में 24.4.2025 को न्यायालय सीजेएसडी/एसीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 5,000/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# दिव्यांग नि:शुल्क शिविर 27 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 27 अप्रैल को माता अमृदानंदमई देवी कृपा धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आश्रय सेवा संस्थान उदयपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों की सहायता के लिए विशाल निशुल्क कृत्रिम अंग जांच, परामर्श व माप शिविर का आयोजन किया गया।

गुरूवार को संस्था के अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को शहर के कैराना रोड स्थित जेजे फार्म हाउस में निशुल्क मेघा दिव्यांग कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में आश्रय सेवा संस्थान उदयपुर के सहयोग से अनुभवी चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंग जांच, परामर्श व माप लिया जाएगा। कहा कि जिस दिव्यांग के हाथ, पैर, दुर्घटना में कट जाते है उसका माप लिया जाएगा। कैंप में मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविन्द



संगल, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, अमृत .ष्टा महाराज होगे। सचिव अमित गर्ग, उपाध्यक्ष संजय बंसल ने कहा कि सभी दिव्यांगजन कैंप में पहुंचकर लाभ ले सकते है। संस्था द्वारा पिछले 20 सालों से ऐसे कैंप लगाए जा रहे है। जिन दिव्यांगजनों का कैंप में चयन होगा उनको अगले माह कृत्रिम अंगों का वितरण किया जाएगा। मौके पर अरिहंत जैन, डा। अर्जुन वर्मा, अंजलि गर्ग, अनिता बंसल मौजूद रहे।

## एक नजर

### ट्रायल का कार्यक्रम 27 को होगा संपन्न

**शामली।** शासन के निर्देशों के क्रम में उ.प्र. स्पोर्ट्स कॉलेजेज सोसाइटी, लखनऊ के अन्तर्गत लखनऊ, गोरखपुर और सैफई (इटावा) में संचालित स्पोर्ट्स कालेजों में शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6, 7, 8 एवं कक्षा-9 में छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिए जाने हेतु निर्धारित प्रारम्भिक चयन परीक्षान्तर्गत ट्रायल/परीक्षण में प्रतिभाग करने के संबंध में उ.प्र. स्पोर्ट्स कालेजेज सोसाइटी, लखनऊ द्वारा दिनांक 21.3.2025 के माध्यम से प्रसा. रित प्रारम्भिक चयन परीक्षान्तर्गत निर्धारित तिथिवार ट्रायल कार्यक्रम 16.4.2025 ते प्रदेश में 8 स्थानों पर आरम्भ हो रहा है और 27.4.2025 को सम्पन्न होगा। अवगत कराना है कि उ.प्र. स्पोर्ट्स कालेजेज सोसाइटी, लखनऊ के अन्तर्गत संचालित गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज, गोरखपुर एवं मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स कालेज सैफई, इटावा में सत्र 2025-26 में कुल 275 संभावित रिक्त सीटों को भरे जाने हेतु कक्षा - 6, 7, 8 व कक्षा - 9 में प्रवेश के लिए आवेदन आनलाइन माध्यम से से किया जाना है, जिसका विस्तृत विवरण खेल विभाग से प्रमुख सचि संबंधित खेल साथी पोर्टल (वेबसाइट https://khelsathi.in) पर उपलब्ध है। स्पोर्ट्स कॉलेजों में शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा-6,7,8 एवं कक्षा- 9 में प्रवेश हेतु सूचना जन सामान्य के माध्य व्यापक रूप प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया गया है।

### कन्या भारती के गठन के लिए किया मतदान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कन्या भारती के गठन के लिए प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव किया गया। विद्यालय की बालिका पारीशा, एकता जांगिड़ व अंकु ने प्रधानमंत्री पद के लिए अप्रत्याशित उम्मीदवार के रूप में अपना प्रचार प्रसार किया। तत्पश्चात विद्यालय में चुनाव प्रक्रिया के अनुसार मतदान किया गया। मतदान शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने मतदान करते हुए बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। समस्त विद्यालय परिवार ने मतदान किया। इसका उद्देश्य बालिकाओं को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराना और अपने मत का उचित प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय के प्रधानमंत्री पद के चुनाव का परिणाम कल वंदना सत्र में घोषित किया जाएगा। इसके अलावा विद्यालय में पुस्तक अर्पण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विद्यालय की बालिकाओं ने अपने पुराने पाठ्यक्रम को लाकर अन्य बालिकाओं को पुस्तक देकर सहयोग की भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर कन्या भारती प्रमुख वंदना रानी, नीलम रानी, संदीप कुमार, कपिल कुमार, संजीव कुमार, गीता रानी, अश्विनी कुमार, साक्षी रानी, दिव्या रानी, मोनिका रानी, रेनू रानी, कविता रानी, पंकज रानी, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### इको क्लब फॉर मिशन लाइन का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता में छात्र-छात्राओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का गठन किया गया। जिसमे छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ ली। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता किसी एक व्यक्ति का दायित्व नही है बल्कि यह सबका सामूहिक उत्तरदायित्व है। इसलिए सबको इसमे सहयोग करना चाहिए। पर्यावरण में स्वच्छ जल, स्वच्छ वायु, पेड़ पौधो की सुरक्षा, बिजली का उचित उपयोग, सिंगल युज प्लास्टिक से बचाव, कचरे का उचित प्रबन्धन आदि सब शामिल है। इन सबके प्रति समाज जागरूक हो, यह छात्र-छात्राओं के अधिक-से-अधिक सहयोग से ही सम्भव है। इसलिए भारत सरकार के आदेशानुसार कॉलेज में इको क्लब की स्थापना की गई है। इस क्लब में कॉलेज के प्रधानाचार्य को अध्यक्ष तथा घनश्याम सारस्वत् और अनिल कुमार कश्यप को सदस्य नामित किया गया है। इसमे पन्द्रह छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है। छवि शर्मा ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सतीश आत्रैय, रामनाथ, शिवकुमार, मनोज शर्मा, महेश नारायण गौड़, मनोज भारद्वाज, फूल कुमार, प्रसून भार्गव, अरविन्द जैन, साकेत निर्वाल, लक्ष्मी गर्ग, सुमन शर्मा, ज्योति तायल, नीतू अग्रवाल, अंजली जैन, सीमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 26 को होगा क्रिकेट ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तहत होने वाली अंडर-19 और अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल यूपीसीए के दिशा निर्देशों के तहत सत्र 2025-26 के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। 26 अप्रैल को शामली क्रिकेट एकेडमी ,करनाल रोड में सुबह 8 बजे अंडर 19 का ट्राइल आयोजित किया जाएगा और अंडर-16 का ट्रायल शाम को 3 बजे किया जाएगा।

### शामली के विकास के लिए शामली में आवास विकास योजना लागू हो: घनश्याम दास

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने शिव चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शामली के आवासीय विकास के लिए शामली में भी उत्तर प्रदेश सरकार की आवास विकास योजना लागू होनी चाहिए। क्योंकि आवास विकास योजना लागू होने पर क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों को उचित कीमत पर फ्लैट्स आवंटित हो सकेंगे। जिससे उनके जीवन यापन में चार चांद लग जाएंगे और क्षेत्र के व्यापारीयों व अन्य नागरिकों को इसका लाभ होगा। उन्होंने बताया कि गत दिनों उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के अपर आयुक्त एवं सचिव डा। नीरज शुक्ला के सहारनपुर पहुंचने पर सहारनपुर महानगर के अध्यक्ष मुकदमोहन गोयल के नेतृत्व में एक व्यापारी प्रतिनिधि मंडल ने एक ज्ञापन देकर सहारनपुर में आवास विकास योजना का विस्तार तथा आवास विकास परिसर में व्यापारियों के लिए एक नए व्यापारिक परिसर के निर्माण की मांग के साथ-साथ शामली में भी आवास विकास योजना लागू करने की मांग रखी। मौके पर सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, राजेश सिंघल, राजेश जैन, रवि संगल, महेश धीमान, वैभव गोयल, अनुज गोयल, ऋषभ जैन, आशापुरी, आशु बत्रा आदि उपस्थित रहे।

# जैन समाज पर अत्याचार के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जैन समाज के पदा. धिकारियों ने गुरुवार को देश की राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन देकर जैन समाज पर लगातार हो रहे अन्याय की रोकथाम कर उचित कार्यवाही की मांग की।

गुरूवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि जैन धर्मावलंबियों, साधु-सन्तो, तीर्थ स्थलों, धार्मिक स्थलों पर चहु ओर बेहताशा अत्याचार बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश के बड़ौत में धार्मिक आयोजन के दौरान हुई दुर्घटना में दिवंगत व घायल जैन परिवारों की सरकार द्वारा अनदेखी की गई व किसी प्रकार की कोई आर्थिक मदद पीड़ित परिवारों नही की गई। जैन सन्तो पर लगातार हो रहे हमले जिसमे हाल ही में मध्यप्रदेश के नीमच की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह की घटनाओं पर पूरे देश में



रोकथाम के लिए जैन साधू-साध्वियों की सुरक्षा सरकारो द्वारा सुनिश्चित की जाएं। विले-पार्ले, मुम्बई,महाराष्ट्र में आनन-फानन में जैन मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया व जैन शास्त्रों का भी अपमान किया गया। महाराष्ट्र सरकार द्वारा उक्त प्रकरण के सभी दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित हो व मंदिर का उसी स्थान पर पुनर्निर्माण हो।

जैन तीर्थ सम्मेद शिखर पर तीर्थ यात्रियों पर असमाजिक तत्वों द्वारा हमला किया जाना। जिसमे हाल ही में एक दम्पति जिसमें गर्भवती महिला भी थी।

उनको वहां की सड़कों पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। झारखंड सरकार को निर्देशित कर जैन तीर्थ सम्मेद शिखर पर तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाए जाएं। जबलपुर में भाजपा नेताओं द्वारा जैनो के प्रति घृणा भाव व्यक्त करते हुए अपमान जनक ऑडियो वायरल हुआ ऐसे लोगो पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नियमानुसार कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित हो ताकि समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर सचिन जैन भगतजी, मोहित जैन, आलोक जैन, अंकित जैन, नवीन जैन, पंकज जैन, शरद जैन, अनुज जैन, सुदेश जैन, अजय जैन आदि मौजूद रहे।

## टीकाकरण को लेकर दिए निर्देश

**शामली।** विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान विशेष सत्रों का आयोजन एवं डिप्थीरिया के बढ़ते हुए केसो के दृष्टिगत जनपद के ब्लांको शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टी.डी. टीकाकरण अभियान 24 अप्रैल से 10 मई के मध्य चलाया जाना है। अभियान के दौरान सभी स्कूलों में टी.डी.-10 (कक्षा-5, 10 वर्ष आयु के बच्चे) तथा टी.डी. -16 (कक्षा-10, 16 वर्ष आयु के बच्चों) को टीकाकरण किया जाना है। 24.4.2025 को प्राईमरी पाठशाला 13 अहमद नगर, शामली में डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शामली, डा. करन चौधरी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. कुमार गुंजन एस.एम.ओ. एवं नीरज गोयल के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

## कुत्तों का आतंक जारी, नहीं हुई कार्रवाई

**झिंझाना।** कस्बे के लोगों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली को कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जाहिर करते हुए बाध्यकारण कराने की मांग की थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। बृहस्पतिवार को कस्बा निवासी इसरार राना ने बताया कि आठ मार्च को मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली को एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमे कुत्तों के आतंक से कस्बे के लोगों को निजात दिलाने की मांग की गई थी। खासतौर से मौहल्ला नीला रोजा व शैखामैदान की गलियों में लगभग 18 से 20 आवारा कुत्ते आक्रामक हो गए हैं जो आते-जाते लोगों पर हमला बोल देते हैं। इनके आतंक का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झिंझाना पर कस्बा व देहात से प्रतिदिन एंटी रेबिज लगवाने के लिए कुत्तों के हमलों से घायल होकर पहुंच रहे हैं।

# दो समुदायों के बीच तनाव, कोरी समाज ने जताई फसल चोरी की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव भड़ी कोरियान में बीते चार दिनों से दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मामला बीस अप्रैल को उस समय गर्मा गया जब कोरी समाज के कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने उनकी गेहूं की फसल को जबरन काट लिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की, जिसमें तीन लोगों को शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया और मौके से एक ट्रैक्टर हैरो भी सीज कर दिया गया। हालांकि कोरी समाज का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है और असली दोषी अभी भी खुले घूम रहे हैं। समाज के लोगों का आरोप है कि खेतों में अभी भी कुछ गेहूं की फसल खड़ी है और उन्हें आशंका है कि विरोधी पक्ष दोबारा फसल चोरी करने की को. शिश कर सकता है। इसके साथ ही चिंता इस बात की भी है कि जिस जमीन में ए फसल है, वहीं उनके पूर्वजों के थान भी बने हुए हैं। ग्रामीणों को डर है कि फसल के साथ-साथ उनके थानों को भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है। कोरी समाज से जुड़े रिंकू, काला, दीपक, धर्मा, सतपाल, अमित, सुनील आदि ने बताया कि उन्होंने अपनी फसल को बचाने और पूर्वजों के थानों की सुरक्षा के लिए खेतों में रात भर जागकर निगरानी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि जब तक पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं करती, तब तक वे खुद ही अपनी जमीन और मान्यताओं की रक्षा करेंगे। वहीं थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा कहना है मुझे इस सम्बन्ध में जानक. ारी नहीं है मैं अभी इसे दिखवाता हूं अगर ऐसा है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हेयर सेलून के बाहर से बाइक चोरी

**झिंझाना।** बिडौली चौराहे पर स्थित दुकान के बाहर से चोरों ने दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नदीम पुत्र इस्लाम निवासी बिडौली सादात ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बिडौली चौक पर हेयर सैलून की दुकान करता है। उसने बताया कि बुधवार को दोपहर करीब एक बजे उसकी दुकान के बाहर खड़ी स्प्लेंडर बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। काफी तलाश करने पर भी बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है, चोर बाइक ले जाते समय सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं, तथा जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बिजली के तारों से गेहूं की फसल राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विद्युत तारों से उठी चिंगारी से उठी आग ने गेहूं की तैयार खड़ी फसल को चपेट में ले लिया, जिससे 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। समय रहते खेत पर कार्य कर रहे किसानों ने ट्रैक्टर चलाकर तथा पानी डालकर अन्य गेहूं के खेत को आग से बचाया, वरना बड़ा हादसा हो जाता।

बृहस्पतिवार को क्षेत्र के ग्राम पटनी प्रतापुर स्थित किसान भूपेंद्र निवासी टिटौली के खेत के ऊपर से जा रही 11 हजारी विद्युत लाइन में अचानक चिंगारी उठ गई। चिंगारी



गेहूं की तैयार खड़ी फसल में गिर गई, जिससे गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पास में कार्य कर रहे किसान भूपेंद्र तथा अन्य किसानों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग और ज्यादा भड़क उठी, तभी कुछ किसानों ने गेहूं की फसल पर ट्रैक्टर चलाएं तथा अन्य गेहूं के खेत को आग की चपेट में आने से बचाया, लेकिन तब तक किसान भूपेंद्र की 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। किसन ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, कैराना जनपद-शामली

पत्रांक:- 46 (1)/E-T/2025&26

दिनांक: 24-4-22025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त शासकीय कार्यदाई संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मस/सेवाप्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, कैराना द्वारा बोर्ड फण्ड/पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना / जल निकासी योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य/विकास कार्य सम्पादित कराना चाहती है। रजिस्टर्ड ठेकेदारों/फमर्स/सेवाप्रदाता से निविदाएं दिनांक 29.04.2025 से 14.05.2025 समय दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 14.05.2025 दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। जहां से इन्हें डाउनलोड कर देखा जा सकता है तथा सभी निविदादाता दिनांक 14.05.2025 दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Refence | 46/E-T/2025-26 |
| Publish and Time for R.E.F | 29-04-2025 को सांय 5:00 बजे |
| Last Date and Time for Submission to E-Tender | 14-05-2025 को दोपहर 12:00 बजे |
| Date and Time of Opening E-Tender | 14-05-2025 को अपराहन 2:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Executive Officer, Office Nagar Palika Parishad Kairana (Shamli) |
| E-Tender Security | 2% of Tender Value |
| E-Tender Document Processing | as per tender list |

नोट - धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत एफ.डी.आर. के रूप में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कैराना के पदनाम से बंधक होगी, एवं निविदा प्रपत्र धनराशि नगरपालिका परिषद् कैराना के शाखा कैराना में केवल आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ही स्वीकृत की जाएगी। अन्य किसी भी रूप में जमानत धनराशि / निविदा मूल्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने पूर्व सभी नियम व शर्तों का भली-भांती अध्ययन कर लें। किसी भी त्रुटि के लिए नगरपालिका परिषद् कैराना जिम्मेदार नहीं होगी ।

**समीर कुमार कश्यप**
**अधिशासी अधिकारी**

**शमशाद अहमद**
**चेयरमैन**

**नगरपालिका परिषद कैराना जनपद शामली**

# पहलगाम हमला, बाजार रहे बंद, पाक व आतंकवाद के पुतले फूंके



बाजार बंद कर धरना देते सर्राफा कारोबारी।



ब्लॉसम स्कूल में श्रद्धांजलि अर्पित करते समाजसेवी



नकुड़ में पहलगाम हमले के विरोध में पुतला फुंकते हुए।



छुटमलपुर में आतंकवाद का पुतला फुंकते हिंदू संगठन के लोग।



चिलकाना में श्रद्धांजलि देते सामाजिक संगठन के लोग।



रामपुर मनिहारान में पुतला फूंकने के बाद ज्ञापन सौंपते हुए।



तल्हेडी बुजुर्ग में पुतला फुंकते भाकियू तोमर के किसान।




बेहट में कैंडल मार्च निकालते व्यापारी।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध आज भी शहर में दिखा। सर्राफा बाजार व विजय टाकिज रोड मार्किट दिनभर बंद रही और कई स्थानों पर पाकिस्तान व आतंकवाद के पुतले फूंके गये।

मौहल्ला शाहविलायत स्थित ब्लॉसम स्कूल में आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया।

सपा नेता व पार्षद फहद सलीम ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि घटना को अंजाम देने वालों को कड़ा सबक सिखाया जाये। इस दौरान प्रिंसिपल रहमान अजीज, असलम खान, मोहम्मद रिशु, अब्दुल समद, मोहम्मद अथर, फरहान खान, डॉ आमीर नय्यर, राजू, मोहम्मद शाहवेज जॉनी, सुलेमान खान, फैजान मालिक, ताहिर, जमशेद खान आदि मौजूद रहे।

**नकुड़।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने नगर पालिका चौक पर आतंकवाद का पुतला दहन किया।

गुरुवार को जिला अध्यक्ष दिग्विजय त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगरपालिका चौक पर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। दिग्विजय त्यागी ने कहा कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान और उसके द्वारा पोषित आतंकवादियों का हाथ है। उन्होंने कहा कि हमारे 28 देशवासियों की धर्म पूछकर हत्या की गई, जो अत्यंत निंदनीय है। संगठन ने सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और 280 आतंकियों को समाप्त करने की मांग की। पुतला दहन कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष अंजू त्यागी, जिला मंत्री संदीप सढ़ोली, जिला सह-मंत्री आकाश चौधरी, डॉ. सुधा, श्रीमती नीरज, अक्षय चौधरी, आशीष, करणवीर, अंकित सैनी, लविश, वासू पंवार, गौरव पंवार, निशांत धीमान, शंकर, डॉ. वेदप्रकाश सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**छुटमलपुर।** मनकामेश्वर मंदिर पर विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एकत्र हुए और कश्मीर के पहलगाम में हुए हृदय विदारक आतंकी हमले के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया। इस अमानवीय कृत्य की निंदा करते हुए, कार्यकर्ताओं ने प्पाकिस्तान मुर्दाबाद" के नारे लगाए और पाकिस्तान का पुतला दहन किया। शाम को कैंडल मार्च निकालकर आतंकवाद के खिलाफ विरोध दर्ज किया गया।

हिंदू संगठनों ने प्रधानमंत्री से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने हमले में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों को निशाना बनाना कायरता की पराकाष्ठा है और इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। प्रार्थना सभा में परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति देने की भी कामना की गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सेन, व्यापारी नेता विकास गुप्ता, भाजपा नगर प्रभारी मंजू शर्मा, बजरंग दल नेता हरीश कौशिक, संघ नगर प्रचारक सचिन कुमार, गौ रक्षा प्रमुख सोना पंडित, अग्रवाल सभा अध्यक्ष विशाल बंसल, समाजसेवी नीरज जैन, पंजाबी सेवा समिति अध्यक्ष नवीन खुराना, सभासद रजत पुंडीर, सुमित कंबोज, अंकुर सैनी, विकास तोमर सहित महिला शक्ति संगठन की उर्मिला सैनी, बबीता कंबोज, कमला देवी, मीनू सैनी, तोषी शर्मा, रेनू कंबोज और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**चिलकाना।** पहलगाम कश्मीर में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की नृशंस हत्या किये जाने को लेकर कई जगहों पर आतंकियों के खिलाफ गुस्से का इजहार करते हुए उक्त हमले में मृतकों की आत्मा शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

बृहस्पतिवार को सुल्तानपुर नगर के एक सभागार में सीनियर सिटीजन वेलफेयर क्लब के तत्वाधान में पुलवामा आतंकी हमले के मृतकों की आत्मा शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब संयोजक चौधरी धीरज सिंह ने घटना पर दु:ख जाहिर कर आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने बेहद गुस्से का इजहार कर आतंकियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की। क्लब अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा कि उक्त घटना अंतरात्मा को झकझोर कर देने वाली है। इस कृत्य के दोषियों पर सरकार को सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा नेता जायर हुसैन चांद मियां ने कहा कि भारत देश हमेशा से ही हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक रहा है। इस तरह की घटनाएं न हिंदू को बर्दाश्त है और न ही किसी भी मुस्लिम को। घटना को अंजाम देने वाले व षड्यंत्र रचने वाले आतंकियों पर ऐसी कार्यवाही होनी चाहिए जो हमेशा के लिए नजीर बने।

सभा में शिवनंदन शर्मा व सुमन सैनी ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार रखे। इस दौरान श्रेयांश जैन, जिनेंद्र जैन, विनय कश्यप, रामकिशन चौहान, सभासद हाफिज इनाम, अनुपम जैन, ईसम सिंह दुबे, निशांक जैन, चांद अंसारी, कवरपाल, नील कमल गुप्ता, प्रवीन डायरेक्टर, बोस जैन, दीपक कश्यप, डॉक्टर दीपक सैनी, यशपाल रोहिला, बबलू त्यागी, पप्पू सैनी, सोमपाल सैनी आदि ने भी अपने विचार रखते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके अलावा नगर में उद्योग व्यापार मण्डल इकाई व हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओ ने भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मृतकों की आत्मा शांति के लिए कामना की।

**रामपुर मनिहारान।** पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए मुख्य चौराहे पर पाकिस्तान का पुतला फूंका गया और प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन भेज कर पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर पाकिस्तान का पुतला फूंक कर रोष प्रकट करते हुए जोरदार नारेबाजी की प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पाकिस्तान आए दिन अपनी नापाक हरकतें करता रहता है और अब कश्मीर में हिंदू पर्यटकों पर जिस तरह से हमला कर उनकी जान ली गई उसके खिलाफ भारत सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिएं और पाकिस्तान को उसी की भाषा में मुंहतोड़ जवाब दिया जाना जरूरी है। इस दौरान विकास सैनी, अजय सैनी, बृजेश राणा, विकास रोहिला, अभय धीमान, सौरभ सैनी, अरुण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

उधर शिव सेना शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।जिसमें पहलगाम में 28 हिंदुओं की हत्या और बंगाल में हिंदुओं की हत्या और बहन बेटियों के साथ बलात्कार करने वालों को कड़ी सजा दी जाए।ज्ञापन में कहा गया है कि हिन्दू बाहुल्य भारत में हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ रहा है।मुस्लिमों की बढ़ती आबादी विस्फोटक रूप ले चुकी है। जनसंख्या नियंत्रण कानून लाया जाए।यदि कुछ न किया गया तो हिन्दू खत्म हो जाएगा।ज्ञापन में कहा गया है कि यदि कठोर कार्रवाही नहीं की गई हिंदू खुद सड़कों पर उतरेगा। इस दौरान सोनू तोमर, बिजेंद्र सवाई, शिव कुमार, हिमांशु, सुरेंद्र सिंह, विवेक, संजीव, अंकित, जुगनू, नीटू, मनोज आदि मौजूद रहे।

**तीतरों।** कस्बे के अनेक लोगों ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी। श्री रामलीला भवन से कैंडल मार्च भी निकाला गया और आतंकवाद के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान देवराज सिंह, सतीश सैनी, बलराज सिंह देशवाल, सुनील कुमार, रामकुमार सैनी, संदीप सैनी, नीतीश, कपिल, आनंद, दीपक बौद्ध, प्रदीप, अनुज हासियान, अनिल कुमार, विनीत, रामकुमार कश्यप राजेंद्र कश्यप, विनोद, सुमित, सचिन देशवाल, विकास कुमार, नीरज कश्यप, अमरदीप, दक्षु, अनुज महेश्वरी, जोगिंदर सिंह, राघव कश्यप, अभिषेक, सचिन पाल, दीपक देशवाल, आनंद बौद्ध, गणेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

**तल्हेडी बुजुर्ग।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले पर गुस्साएं लोगों ने पाकिस्तान का पुतला फूंककर रोष व्यक्त किया। दो दिन पूर्व कश्मीर के पहलगाम में मानवता को तार तार कर आतंकवादियों द्वारा बेकसूर 27 हिंदू पर्यटकों को गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया गया था।उसी कायराना हरकत को लेकर गुरुवार को भाकियू तोमर के देवबंद तहसील अध्यक्ष अनुज चौधरी व तहसील उपाध्यक्ष विकास चौधरी ने क्षेत्र के गुस्साए लोगों के साथ मिलकर तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे में पाकिस्तान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात गुस्साएं लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए उसका पूतला जलाकर अपना रोष जाहिर किया।इस दौरान बेगुनाह लोगों की मौत से आहत लोगों ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि भारत सरकार को उन मानवता के दुश्मनों व आतंकियों का भरण पोषण कर रहे पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि भविष्य में ऐसे जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकियों की नस्लें याद रखें। तहसील अध्यक्ष अनुज चौधरी ने कहा कि कट्टरपंथियों का मकसद हिंदुओं को कत्ल कर उनकी सनातन संस्कृति को खत्म करना है लेकिन उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। तहसील उपाध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि कायरता पूर्ण हमला कर भारतीयों को मौत के घाट उतारा जा रहा है जो अक्षम्य है। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने हमले में शहीद लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

तल्हेडी के मुख्य चौराहे पर पुतला दहन में श्रवण त्यागी, सुशील बटार, राजेश, अभिषेक शर्मा, दीपक पाल, हिमांशु पाल, नीटू शर्मा, विकास, नितेश, बंगाल सिंह, सतवीर, निखिल त्यागी, अनुराग त्यागी, सुबोध गुप्ता, प्रिंस और विनय चौधरी के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

**बेहट।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बेहट द्वारा कस्बे के गांधी चौक में दो मिनट का मौन रखा गया और कस्बे में कैंडल मार्च निकाला और सरकार से मांग करते हुए कहा कि घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को फांसी की सजा दी जाए। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा



सरसावा में पुतला फूंकते हिंदू संगठन के कार्यकर्ता।

गुरुवार शाम अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष वशिष्ठ गुप्ता की अगुवाई मे कस्बे के गांधी चौक मे पहुँचे।और जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आंतकवादी हमले में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण रखा गया।इसके बाद कस्बे के विभिन्न मोहल्लो में कैंडल मार्च निकाला गया।व्यापारियों ने सरकार से मांग करते हुए कहा घटना को अंजाम देने वाले आंतकवादियों को फांसी की सजा दी जाये। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष वशिष्ठ गुप्ता, विजय धुडिया, डॉक्टर संदीप सैनी, मुंशी सलामत, आजम मलिक, आरिफ नबी, भारती सेतिया, मौहम्मद राशिद, अमित चौधरी, सुमित योगी, विनय चौहान मुंशी राशिद, अतहर अली आदि मौजूद रहे।

**सरसावा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों को निशाना बना उनकी हत्या को लेकर आम जन में आक्रोश व्याप्त हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान आतंकवाद मुर्दाबाद के नारेबाजी करते हुए नकुड तिराहे पर जेहादी आतंकवाद का पुतला फूंक भारत सरकार से पर्यटकों की मौत का बदला लेने की मांग की।

गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल प्रखंड सरसावा के कार्यकर्ताओ ने कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले के विरोध मे श्री बनखण्डी महादेव मंदिर सरसावा पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरसावा बस स्टेण्ड नकुड़ तिराहे पर पाकिस्तान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे एवं जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया गया जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रमेश पंकज, जिला समरसता प्रमुख सत्यानंद धनगर, जिला सेवा प्रमुख सतीश, प्रखंड मंत्री ब्रज राणा, धर्म रक्षक अनुज कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष अंकित, प्रमोद सैनी सुरक्षा प्रमुख, गुरुदयाल, शिवांश, संजय, आशीष शर्मा, विवेक सैनी, संदीप सैनी, धीरज राणा, विपिन, सोनी सैनी, गोपी सैनी, अभिषेक, आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

## पुलिस ने की पैदल गश्त

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त की।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फतेहपुर और आसपास के इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखना, अपराधों को रोकना और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना था। इस दौरान पुलिस ने बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और वाहनों की जांच की। थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने इस सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गश्त से क्षेत्र में अपराधियों के मन में डर पैदा होता है और जनता में सुरक्षा का अहसास बढ़ता है।

# थाना प्रभारी ने की जनसुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा आमजन की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए प्रतिदिन जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के तहत थाना परिसर में लोगों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना जा रहा है और नियमानुसार उनका त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की इस सक्रिय पहल से क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याएं दर्ज कराने में सहूलियत हो रही है। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोग अपनी शिकायतें, जैसे पारिवारिक विवाद, जमीन-जायदाद के मामले, छोटे-मोटे अपराध और अन्य सामाजिक मुद्दे, थाना प्रभारी के समक्ष रखते हैं। धर्मेंद्र कुमार न केवल इन शिकायतों को गंभीरता से सुनते हैं, बल्कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश भी देते हैं।

इस जनसुनवाई की खासियत यह है कि यह प्रतिदिन नियमित रूप से आयोजित की जाती है, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पहल से पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ा है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार का यह प्रयास न केवल प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी बनाता है, बल्कि आमजन को त्वरित न्याय दिलाने में भी मदद करता है। क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था से छोटी-छोटी समस्याएं थाने तक पहुंचने से पहले ही सुलझ जाती हैं। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से फतेहपुर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने में सहायता मिल रही है।

# 32 गांवों में विद्युत व्यवस्था को बनेगा प्रोजेक्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने नगर निगम में शामिल 32 गांवों में प्रकाश व्यवस्था के लिए अलग से प्रोजेक्ट बनाकर टैंडर कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहर में ईईएसएल कंपनी के इंजीनियर को स्पष्ट रुप से कहा कि प्रत्येक लाइट के जलने की जियो टैग फोटो प्रेषित करने पर ही भुगतान और संतोषजनक कार्य का प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

नगरायुक्त देर शाम नगर निगम ईईएसएल कंपनी के अधिकारियों एवं निगम के पथ प्रकाश अनुभाग अधिकारियों के साथ शहर की प्रकाश व्यवस्था के सम्बंध में समीक्षा कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि शहर में 54 हजार से ज्यादा प्रकाश बिंदु लगे हैं। नगरायुक्त ने ईईएसएल कंपनी से पूछा कि खराब बिंदुओं को ठीक करने के बाद कितने दिनों में रि-विजिट किया जाता है। उन्होंने सभी प्रकाश बिंदुओं के जलने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक लाइट के जलने की जियो टैग फोटो प्रेषित करने पर ही भुगतान किया जायेगा। उन्होंने पथ प्रकाश अनुभाग अधिकारियों से पूछा कि गत तीन वर्षो में कितनी नयी लाइटें लगवायी गयी और कितनी गारंटी पीरियड में सम्बंधित कंपनी से ठीक करायी गयी।

नगरायुक्त ने सौलर लाइटों के सम्बंध में भी जानकारी ली और उनकी क्रियाशीलता का विवरण पथ प्रकाश अनुभाग से तलब किया। उन्होंने सीसीएमएस के माध्यम से कितनी लाइटें बंद होती है, इसका विवरण भी मांगा। उन्होंने पथ प्रकाश अनुभाग के प्रत्येक वाहन में जीपीएस डिवाइस लगवाने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने निर्देश दिए कि किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए यह ध्यान रहे कि स्ट्रीप लाइट के नीचे कनक्शन प्वाइंट का ढक्कन खुला न रहे। उन्होंने वर्षा ऋतु से पहले स्ट्रीप लाईट व अन्य स्थानों पर किसी भी प्रकार की खुली वायर न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में पथ प्रकाश प्रभारी/अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, जेई समरपाल सिंह व ईईएसएल के इंजीनियर हिमांशु सारस्वत मौजूद रहे।

नगरायुक्त ने कहा कि शहर में लगे 'आईलव सहारनपुर' आदि ग्लो साइन बोर्ड, जहां-जहां खराब हो गए हैं, यदि वे गारंटी पीरियड में हैं तो उन्हें सम्बंधित ठेकेदार या कंपनी से तुरंत ठीक कराएं और यदि कंपनी कार्य करने में आनाकानी करें तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जाए।

**सूचना**

मैने अपने पुत्रों नायाब व पुत्रवधू सोनी, सोहराब व पुत्रवधू नाजिया को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सरवरी पत्नि स्व. नवाब**
**निवासी न्यू मुजफ्फर कालोनी, होजखेडी रोड, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.04.2025 को थाना बेहट पर 47 दोपहिया वाहन लावारिश व लावादा व 20 दोपहिया वाहन मुकदमाती (कुल-67 दोपहिया वाहन) की नीलामी की प्रकिया प्रातः 10.00 बजे प्रारम्भ होगी आप सभी लोग अधिक से अधिक संख्या मे नीलामी की बोली मे प्रतिभाग कर नीलामी की प्रकिया को सम्पन्न कराये।

**सूबे सिंह प्रभारी निरीक्षक**
**थाना बेहट जनपद सहारनपुर**
**मो.न. 9454404177**
**एच एम 595 जोनी कुमार**
**मो.न.-9084686638**

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** फिरोजाबाद गांव उर्फ पीरमाजरा स्थित पीर शहंशाह की दरगाह पर लगने वाले सालाना उर्स वार्षिक मेले में तीसरे दिन भी जायरीनों की भारी भीड़ रही।

फिरोजाबाद उर्फ पीरमाजरा में शहंशाह पीर की दरगाह पर लगने वाले प्राचीन उर्स वार्षिक मेले में जायरीनों ने नमक ओर झाडू आदि का तबर्रुख चढा कर अपनी मन्नतें मांगी। क्षेत्रीय लोगो में मान्यता है कि जिन लोगों के शरीर पर मस्से व रसौली आदि निकल आते हैं अगर वह पीर बाबा शहंशाह की मजार आकर यहां नमक व झाडू आदि चढाते है तो यह बीमारी जड से खत्म हो जाती है।

बतातें चलें कि हर साल यहां दूर दराज से लोग आते हैं जो कि अपनी मन्नतें पूरी होने पर पीर बाबा की मजार पर चादर व नमक झाड़ू आदि प्रसाद चढाते हैं। इसके साथ साथ इस मेले में लगने वाला दंगल भी क्षेत्रीय लोगों को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित करता है। मेले के तीसरे दिन के दंगल की कुश्ती के मुकाबले में पाज रामपुर व बेहट के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। जिसमे बेहट के पहलवानों का दबदबा रहा। दंगल देखने के लिए मेले में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

# हाईवोल्टेज विद्युत लाईन में फाल्ट से फसल जली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर में एक हादसा सामने आया है। हाईवोल्टेज विद्युत लाइन में फॉल्ट के कारण गेहूं की पकी फसल में आग लग गई, जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ। आग की चपेट में खेत में खड़े आम के पेड़ भी आ गए, जो पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम प्रधान निवासी खुजनवार की मुजफ्फरपुर में कृषि भूमि है, जहां उन्होंने गेहूं की फसल बोई थी और आम के पेड़ भी लगाए थे। खेत से गुजरने वाली 11,000 वोल्ट की हाईवोल्टेज लाइन, जो फतेहपुर फीडर से मुजफ्फरपुर को जोड़ती है, में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते फॉल्ट हो गया। इस फॉल्ट से निकली चिंगारी खेत में गिरी, जिससे गेहूं की फसल में आग भड़क उठी।

राहगीरों ने किसान को आग लगने की सूचना दी। किसान तुरंत खेत पर पहुंचा, लेकिन तब तक आग ने आधे से ज्यादा फसल को अपनी चपेट में ले लिया था। आम के पेड़ भी आग की लपटों से नहीं बच सके। देखते ही देखते पूरी फसल जलकर राख हो गई। इस हादसे से किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि इसकी जांच कराई जायेऔर किसान को उसकी फसल का उचित मुआवजा दिया जाए।

## अवैध शराब दबवाई

**बेहट।** एस एस पी रोहित सिंह सजवान के निर्देशन में थाना बेहट पुलिस द्वारा माल निस्तारण के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत 503 लीटर अवैध शराब को गड्ढे खुदवाकर विनिष्टीकरण कराया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि माल निस्तारण के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत न्यायालय का पालन करते हुए कोतवाली बेहट थाने में आबकारी अधिनियम में 49 मुकदमों में दर्ज विभिन्न इलाकों से पकड़ी गई 503 लीटर अवैध शराब को सीओ मुनीश चंद्र, नायब तहसीलदार मुकुल कुमार सागर, सहायक अभियोजन अधिकारी संजय गुप्ता आबकारी इंस्पेक्टर विकास यादव की देखरेख में सरकारी अस्पताल के पास खाली पड़ी जमीन में गड्ढे खुदवाकर शराब को दबाकर विनिष्टीकरण कराया गया है।

# फसल रोग मुक्त बनाने की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** मुख्य गन्ना अधिकारी शिवकुमार श्रीवास द्वारा गोष्ठी कर किसानों को गन्ने की फसल रोग मुक्त बनाने के लिए उपयुक्त दवाईयों की जानकारी दी तथा किसानों के खेतों का निरीक्षण किया।

क्षेत्र के गांव अलीपुरा में आयोजित किसान गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए मुख्य गन्ना अधिकारी शिवकुमार श्रीवास ने कीट नाशक दवाइयों की जानकारी देते हुए गन्ना फसल को उगाने के गुर सिखाए। इस अवसर पर चीनी मिल के गन्ना विकास निरीक्षक परणमाल सिंह, गन्ना पर्यावेक्षक कर्मवीर सिंह, किसान धन सिंह, चमन सिंह, पप्पू राम, बृजमोहन, मान सिंह, दर्शन सिंह, बबलू कुमार आदि मौजूद रहे

# आतंकी हमले मे मारे गए लोगों को मोमबत्तियां जलाकर दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले मे मारे गए निर्दोष लोगों को मोमबत्तियां जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

हाईवे स्थित जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज में शोकसभा का आयोजन कर पहलगाम में आतंकी हमले मे मारे गए लोगो को श्रद्धांजलि देने के उपरांत कॉलेज के प्रबंधक डा. अनवर सईद ने आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति शोक जताते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या करना कायरतापूर्ण एवं घोर निंदनीय है। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुआ कहा कि आतंकवाद के सफाए के लिए कठोर कदम उठाए। ताकि इस प्रकार की घटना दोबारा घटित न हो। उन्होंने उन लोगों को सलाम किया, जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर पर्यटकों की जान बचाई। डा. अनवर सईद ने कहा की केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के वातावरण को सुनिश्चित करने की जरूरत है, क्योंकि वहां के अधिकतर निवासियों का आर्थिक जीवन पर्यटकों पर ही निर्भर है। सुरक्षा से ही भरोसा जागता है और एकता अखंण्डता का भाव भी। इस दौरान कॉलेज के ताहिर हॉल में स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कॉलेज सचिव डा. अख्तर सईद ने मृतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को बेकसूर लोगों की मौतों के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए और आतंक के सफाए के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। शोकसभा में डा. अनीस अहमद, डा. मोहम्मद फसीह, डा. निकहत सज्जाद, डा. एहतशामुलहक सिद्दीकी, डा. मोहम्मद आजम उस्मानी, डा. जावेद आलम, डा. मुजम्मिल, मौहम्मद अथर, जमशेद अनवर, आमिर सईदी, जावेद, अरूण कुमार, मनोज कुमार, सचिन कुमार, संजय जिंदल आदि छात्र छात्राओं शामिल रहे।



# आतंकवाद व पाकिस्तान का फूंका पुतला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद व पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका।

बजरंग दल के जिला विभाग संयोजक मोंकित पुन्डीर के नेतृत्व में बजरंग दल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद व पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सुभाष चौक पर प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करने के साथ आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की साथ ही पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया भाजपा नेता ठाकुर अनिल सिंह ने कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है इस प्रकार घिनौना काम वही लोग कर सकते हैं जिनके अंदर मानवता बिल्कुल भी नहीं होती जिसके अंदर मानवता नहीं होती मुझे उम्मीद है उसको उसी की भाषा में सबक सिखाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी उन्होंने कहा गृहमंत्री ने मौके पर पहुंचकर संकल्प लिया कि जिसने भी यह कायराना हरकत की उनको सबक सिखाने का काम करेंगे उन्होंने कहा जो लोग उन्हें पालने पोसने का काम कर रहे हैं उन्हे भी सबक सिखाने का काम सरकार करेगी इस दौरान मोंकित पुंडीर- संयोजक बजरंग दल (सहारनपुर) भाजपा नेता ठाकुर अनिल सिंह, सूरज राणा, सत्य, कमल, हर्ष, आशु ,ललित ,दीपक, अभिषेक ,जसवंत ,प्रवीण, रोहित आदि शमिल रहे।

# खुदाई में निकली पीली धातु की शिव शंकर की मूर्ति व सिक्के

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** हल्दौर मार्ग पर वन विभाग की चौकी के पीछे आम के बाग में वन्य जीव नौड़ी का शव दफनाने के लिए खोदे जा रहे गड्ढे के दौरान जमीन में एक पीली धातु की शिव शंकर की मूर्ति निकली। पुराने समय के कुछ सिक्के भी निकले है। मूर्ति निकलने पर आस-पास की महिलाओं व लोगों ने पूजा पाठ करना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव धनुपुरा अंबर के जंगल में वन विभाग को एक घायल अवस्था में एक वन्य जीव नौड़ी मिला था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को वन विभाग की टीम उसके शव को दफनाने के लिए हल्दौर मार्ग पर वन विभाग की चौकी के पीछे आम के बाग में एक गड्ढे की खुदाई करा रही थी।



**देवबन्द।** साप्ताहिक बुध बाजार को लेकर डीएम से भेंट करने जाते सभासद छाया: शाह टाइम्स

# नुजूल की भूमि पर लगता है बुध बाजार

**पालिका सभासदो ने डीएम से भेंट कर 1954 के पालिका बायलॉज का हवाला देते हुए पु: पैंठ बाजार लगवाने की मांग की।**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री बालाजी धाम मंदिर के बाहर नुजूल की भूमि पर प्रत्येक सप्ताह बुध बाजार के नाम से लगने वाली पैंठ मंदिर समिति व हिंदू संगठनों के विरोध के चलते नहीं लग पाई। जिसके चलते पैंठ में दुकानें लगाने के लिए आए सैकड़ों लोग अपना सामान उठाकर इधर उधर भटकते रहे। गुरुवार को इस मामले में सभासदों के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से भेंट कर प्रकरण से अवगत कराया और पूर्व की भांति पैंठ लगवाए जाने की मांग की।

जिलाधिकारी मनीष बंसल को ज्ञापन देने पहुंचे सभासदों के प्रति. निधि मंडल ने बताया कि बीती १९ अप्रैल को श्री बालाजी धाम मंदिर के बाहर मैदान में बच्चों के खेलने को लेकर मारपीट हो गई थी, इसमें मंदिर का एक सेवादार किशोर घायल हो गया था। घटना के बाद विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए थे। घटना से नगर का सां. प्रदायिक माहौल गर्मा गया था। इस मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी घटना को लेकर मंदिर समिति और हिंदू संगठनों ने उक्त मैदान में दशकों से लगने वाली पैंठ बुध बाजार न लगने देने और वहां पर सुंदरकांड पाठ करने का ऐलान किया था। जिसके चलते बुधवार को साप्ताहिक पैंठ नहीं लग सकी और पैंठ में दुकान लगाने के लिए आए लोग अपना सामान लेकर इधर उधर भटकते रहे। ज्ञापन में सभासदों ने 1954 के पालिका बायलॉज का हवाला देते हुए कहा कि नगर पालि. का द्वारा पैठ बाजार में दुकान लगाने वाले लोगों से निर्धारित फीस वसूली जाती है। यदि पैंठ बंद होती है तो नगरपालिका को भी आय का नुकसान होगा साथ ही पैंठ में आने वाले सैकड़ों दुकानदारों के सामने भी रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए पैंठ बाजार पूर्व की भांति लगवाए जाने आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में सभासद शाहिद हसन, वाजिद मलिक, अख्तर अंसारी, ओसाफ सिद्दीकी, सभासद पति शराफत मलिक, रिजवान गाड, वसीम मलिक, आसिफ लियाकत, डा. असलम मौजूद रहे।

# यूपीएससी की परीक्षा में चयनित अर्पित कुमार का किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** यूपीएससी की परीक्षा में 471 वीं रैंक पाकर चयनित अर्पित कुमार का गांव पहुंचने पर ग्रामीणो ने भव्य स्वागत किया। द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान परिजन और ग्रामीण उन्हें ट्रैक्टर पर बैठाकर दुगचाड़ा बस स्टैंड से लेकर गांव तक पहुंचे।

देश की सबसे बड़ी सिविल परीक्षा पास करने वाले अर्पित कुमार गुरुवार को अपने परिजनों से मुलाकात करने देवबंद के गांव गंगदासपुर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणो ने उन्हें गांव दुगचाड़ा स्थित बस स्टैंड से ट्रैक्टर ट्रालियों पर बैठा उन्हें गांव पहुंचे। हालांकि अर्पित ने गांव में प्रारंभिक शिक्षा ही प्राप्त की थी। लेकिन उनके गांव में आना जाना था। जिसके ग्रामीणो ने गुरुवार को उनको गांव बुला भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जहां गांव के मंदिरों में पहुंच माथा टेका वहीं महिलाओं ने टीका कर उनकी आरती उतारी। जबकि युवाओं और बड़े बुजुर्गो ने उन्हें पगड़ी एवं फूल मालाओं से स्वागत कर आर्शीवाद दिया। अर्पित ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी में लगे रहे। हालांकि इस दौरान उनका चयन यूपी पुलिस में एसआई के पद पर भी हुआ। लेकिन वह तैयारी के चलते ट्रेनिंग पर नहीं जा सके। इस दौरान अर्पित के ताऊ महकार सिंह, चाचा राबजीर सिंह, मनीष, बाबा सुखपाल और चचेरे भाई सुमित सहित ग्रामीणो ने उनका भव्य स्वागत कर आर्शीवाद दिया।

## एक नजर

### ऑनलाइन जमा होगा गृहकर और जलकर

**स्योहारा।** नगर पालिका ने गृहकर और जलकर ऑनलाइन जमा करने की सुविधा शुरू की है। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने वेबसाइट nppseohara-org जारी करते हुए बताया है कि नगर पालिका क्षेत्र में सभी नगर वासियों को सुविधा देने के उद्देश्य से यह ऑनलाइन बिल जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ताकि नगर की जनता के लोग अपने घर बैठकर ही अपना गृह कर और जलकर का बिल जमा कर सके। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस वेबसाइट में किसी प्रकार की कोई परेशानी आती है तो वह जाकर नगर पालिका में अपनी शिकायत कर सकता है, जिसका निस्तारण तुरंत किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि नगर पालिका क्षेत्र में सरकार के द्वारा दी जा रही तमाम सुविधाओं को जनता तक पहुंचाया जाए। ताकि नगर की जनता इसका लाभ उठा सके। सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि तमाम सुविधाएं ऑनलाइन की जाए। यह उसी का प्रयास है।

### शोकसभा में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**धामपुर।** श्रीमद हनुमत सेवा समिति द्वारा बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज पर बैठक कर कश्मीर के अनंतनाग जनपद के पहलगाम में गत दिवस हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये वक्ताओं ने कहा कि यह आतंकी हमला नहीं बल्कि एक वीभत्स नरसंहार है। इस हमले द्वारा भारत की एकता व अखंडता पर सीधा प्रहार करने का दु:साहस किया गया है जो बिल्कुल भी क्षमा करने लायक नही है। पड़ोसी दुश्मन देश जम्मू-कश्मीर राज्य में शांति, विकास व तेजी से बढ़ती आर्थिक संपन्नता को पचा नहीं पा रहा है। सभी लोगों ने भारत सरकार से इस नृशंस आतंकी हमले का शीघ्र ही करारा जवाब देने की मांग की है। इस श्रद्धांजलि सभा में सुभाष कौशिक, बाबा रामदास, पवन कौशिक, डा. अनुज वर्मा, पंकज भटनागर, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, मयंक अग्रवाल, तरुण शर्मा शास्त्री, पुलकित भारद्वाज रचित, कपिल तुली, डा. ईश्वर चंद शर्मा, ध्रुव वर्मा, आयुष राज वर्मा, रजत सक्सेना आदि की उपस्थित रहे।

### हीट वेव से बचाव के बारे में बताया

**बिजनौर।** आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर में प्रधानाचार्या श्रीमती मीरा रानी के निर्देशन में छात्राओं को हीट वेव एवं उससे बचाव व पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कुपोषण से बचने व पोषक तत्वों का सेवन करने से शरीर में होने वाले रोगों की रोकथाम व स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि इस बदलते मौसम में भीषण गर्मी के चलते अनेक बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। इन दिनों में गर्मी से बचने के लिए पानी की पर्याप्त मात्रा लेना जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों का भरपूर प्रयोग करें। इन दिनों में ताजी और हरी सब्जियों का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक रहता है। वाइस प्रिंसिपल डॉ. रंजना ने बताया कि मौसम और खान-पान का हमारे स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव पड़ता है। गर्मी के मौसम में कड़ी धूप से बचना चाहिए। हाथों में पूरी आस्तीन के कपड़े तथा सिर पर धूप से बचाव हेतु छाता या चुनरी ओढ़ना जरूरी है। सुबह को हल्का नाश्ता और समय-समय पर पानी पीते रहने से गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता है।

### टिटनेस व डिप्थीरिया की वैक्सीन लगाई

**धामपुर।** लाल केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टिटनेस व डिप्थीरिया की वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती अभावती ने पांच छात्राओं के साथ स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी अमृता सिंह द्वारा दीप प्रजवलित कर किया। इस अवसर पर लगभग 80 छात्राओं ने इस अवसर का लाभ उठाया कर टीकाकरण कराया। प्रधानाचार्य आभावती ने बताया कि इस वैक्सीन लगवाने से छात्राओं को टिटनेस डिप्थीरिया इत्यादि बीमारी से बचाव किया जा सकता है। वैक्सीन लगवाने वाली छात्राएं इशिका, अनुश्री, अवनी चंद्र, आरुषि, पल्लवी यादव रहीं। कार्यक्रम में रेनू, सरिता, अलका, अपर्णा, खुशबू, प्रीति, अर्चना, इशिका, प्रियंका, पारुल का विशेष सहयोग रहा।

### तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में गांधी नारी कल्याण समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला (जीवन कौशल) का समापन किया गया। समापन प्राचार्य डॉ. रश्मि शर्मा रावल द्वारा किया गया, जिसमें समिति द्वारा प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र चौधरी द्वारा योग से रहोगे निरोग एवं योग एक प्राचीन कला है जो आज भी हमें सुकून और संतुलित रखती है विषय पर अपने विचार रखे। तीन दिवसीय कार्यशाला में किशोरावस्था में सभी विद्यार्थियों को अपने भविष्य की चिंता, मन मस्तिष्क का विचलन और सामाजिक समरसता और सामाजिक के कारण अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसके निदान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया।

# आतंकी हमले पर विजय जैन की अनोखी मांग

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप पाकिस्तान जाने की मांगी अनुमति

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** आतंकी हमले के विरोध में गणेश चौथ समिति के बैनर तले संयोजक विजय जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी रितु रानी से मिला। विजय जैन ने आतंकी हमले पर रोष जताते हुए पाकिस्तान से बदला लेने के लिए पाकिस्तान जाने की अनुमति मांगी।



उन्होंने कहा कि हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार से उपजिलाधिकारी रितु रानी को ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि सरकार इस कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब दे और इस घटना में शामिल किसी को नहीं छोड़े। साथ ही बताया कि हम लोगों का एक जत्था पाकिस्तान जाना चाहता है जो धिनौनी हरकत पाकिस्तानियों ने हमारे हिन्दुस्तान में की है। उसी का मुहतोड़ जवाब देने के लिये हमें भी जाने की अनुमति दी जाये। पूरा देश इस घटना से स्तब्ध है। वह इस कायराना हरकत का बदला तुरंत चाहता है। अब समय आ गया है कि मोमबत्ती जलाना या शोक करने से काम नहीं चलेगा। ईंट का जवाब हर हालत में पत्थर से देना होगा। पूरा देश आज इस घृत कार्य का जवाब मांग रहा है। महामहिम जी से नम्र निवेदन है कि हम लोगों को जल्द से जल्द पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जाये, जिसमें हम अपने कागजात आपके पास सत्यापन के लिये भेज सके।

गोरक्षक संयम जैन, संजय सैनी, श्याम बाबू, वीरेंद्र कारीगर, व्योमकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने की लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा

## अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति, जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्वयन तत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित हुई।





मुख्य विकास अधिकारी श्री बोरा ने प्रदूषण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द पूर्ण गुणवत्ता के साथ उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने गत बैठक में उठाये गये प्रकरणों पर दिए गए निर्देश/अद्यतन स्थिति/प्रस्तुत अनुपालन आख्या की बिंदुवार विवरण की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने मुख्य मंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत बैकों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता पूर्वक जांच करते हुए सही प्रकार से स्वीकृत करना सुनिश्चित करें जिससे कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को प्राप्त हो सके।

उन्होंने एमओयू क्रियान्व्यन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। उद्योग बंधुओं द्वारा बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मसले जैसे सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि आदि से जुड़े मसले उठाए गए, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु जुल्फुकार अहमद, विकास कुमार अग्रवाल, मुनिश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग एवं व्यापार बन्धु मौजूद थे।

# एसपी कॉलेज में युवा शिल्प प्रतियोगिता

**हीमपुर दीपा।** क्षेत्र के ग्राम तिगरी स्थित एसपी ग्रुप ऑफ कालेज में सुम्बुल शेख के निर्देशन में युवा शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम 'वेस्ट मेटिरियल से बेस्ट क्राफ्ट' थी, जिसने प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को दो चरणों में सम्पन्न कराया गया।

पहले चरण में छात्र छात्राओं ने शिल्प प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए सुंदर सुंदर कलाकृतियां बनाकर बाहर से आये अतिथियों और निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। दूसरे चरण में कार्यक्रम को एक मंच प्रदान किया गया, जिसे महाविद्यालय के अध्यक्ष संदीप बंसल और प्रबंधक राहुल बंसल की उपस्थिति में महाविद्यालय के कपिल शर्मा और इंति. बा अनीस के कुशल संचालन में सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम को मंच प्रदान करने के दो मुख्य उद्देश्य थे, जिनमें से एक तो निर्णायक मंडल के सदस्यों डॉ. माही मुनीर (प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर, चांदपुर) तथा स्वेता अग्रवाल (आर्टिस्ट) की उपस्थिति में चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित करना तथा बाहर से आये अतिथियों जिनमें अचल अग्रवाल, पीयूष राजपूत (संस्थापक सर्वोदय इंटर कालेज सेंद्वार), नसीम अहमद (सहायक अध्यापक सर्वोदय कालेज), नरगिस नईम (उपप्रधानाचार्या रहमानिया इंटर कॉलेज चांदपुर), मलका तरन्नुम और नगमा (सहायक अध्यापिका रहमा. निया इंटर कालेज) तथा रुखशाना (एमएसए पब्लिक स्कूल मुबारकपुर कला) आदि का सम्मान करने के साथ साथ यूनिवर्सिटी परीक्षा में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रदर्शन के आधार पर उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित करना था। शिल्प प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा शगुन राजपूत (विवेकानंद महाविद्यालय दरबाड़ा चांदपुर) को रूपए 5000 का नकद पुरस्कार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अल्फिशा (वेदिक कन्या इंटर कालेज चांदपुर)को रूपए 3000 का नकद पुरस्कार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रिद्धि अग्रवाल (आधार शिला द स्कूल दत्तियाना रोड चांदपुर)को रूपए 2000 का नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रथम 10 (अलीना, मनु वर्मा, सना, हर्षिता त्यागी, अदीना आदि) प्रतिभागियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। युवा शिल्प प्रतियोगिता के साथ -साथ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को यूनिवर्सिटी परीक्षा में महाविद्यालय स्तर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

**सूचना**

मैंने अपना नाम AJIM से बदलकर MOHD AJIM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

MOHD AJIM S\O JABIR
R\O Village Rajupur
(Saharanpur) Uttar Pardesh

### आतंकी हमले की निंदा

**चांदपुर।** नगर की सामाजिक संस्था अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ताओं ने समिति कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन कर जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए उसमें मारे गये बेकसूर लोगों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धाारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। समिति प्रबंधक मौलाना मौहम्मद इल्तिफात ने कहा आंतकवाद को कोई धर्म नहीं होता। हमलावर आतंकी जो भी हो सरकार गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दे। शोकसभा में अब्दुर्रहमान, मौहम्मद शरीफ नाजिर, खुर्शीद अहमद, मोहसिन अली, डा.मौहम्मद शुऐब, डा. मौहम्मद फैजान, मौहम्मद फैज, जावेद अख्तर, विक्की सैनी, संजय कुमार, मौहम्मद नादिर बेग एवोकेट, मौहम्मद शाजी, समरजहां, मौहम्मद इशरत, समीरा, सरदार नवजोत सिद्धू, मनीष कुमार, चंचल कुमार आदि रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | फिरदौस पत्नी मौ0 इरफान | मौ. शादान पुत्र मौ. असगर | कायस्थवाडा-684/11 |
| 2. | गुलाम साबिर पुत्र अल्लाह बंदा | सलमान खां पुत्र चांद मिया | पठानपुरा-क-1250 |
| 3. | अरविन्द कुमार पुत्र वेद प्रकाश | मदन लाल पुत्र महावीर सिंह | कायस्थ्वाडा-क-736 |
| 4. | मौ. जुबैर, शादान पुत्रगण सगीर अहमद | अशोक कुमार पुत्र जगद. ीश प्रसाद | भुल्लनशाह-572 |
| 5. | फात्मा पत्नी स्व. इनाम | इनाम पुत्र जमील | पठानपुरा-क-1865 |
| 6. | पूनम पत्नी शिव कुमार | राजेन्द्र पुत्र श्री राम | सड़क रेल-882 |
| 7. | मौ. साजिद पुत्र मौ. फैयाज | खुर्शीदा पत्नी फैयाज | पठानपुरा-क-1693 |
| 8. | बबीता सिंघल पत्नी मनोज कुमार | नीरज सिंघल पुत्र स्व. आनन्द सिंघल | चाहपारस-255 |
| 9. | मुमताज बेगम पत्नी गुलाम साबिर | मौ. इरफान पुत्र जमील | बैरून कोटला-572 |
| 10. | शमा पत्नी नसीम अहमद, आमिर, शुऐब, उवैश कुरैशी पुत्रगण स्व. नसीम अहमद | नसीम अहमद पुत्र जहीर अहमद | बडजियाउलहक-344/18 |
| 11. | शिव कुमार व ब्रजेश पुत्रगण स्व. जगदीश प्रसाद | कैलाशो पत्नी स्व. जगद. ीश प्रसाद | कायस्थवाडा-क-708 |
| 12. | जुनेद आलम व अलउबैद आलम पुत्रगण शमीम अहमद | रीता पत्नी अजय व अजय पुत्र तिलक | सरायमालियान-770 |
| 13. | वसीम कुरैशी पुत्र अख्तर कुरैशी | अफरोज पत्नी दिलशाद | पठानपुरा-क-2242 |
| 14. | मौ. आसिम, मौ. अहसान पुत्रगण अब्दुल मुईद | | पठानपुरा-क-1237 |
| 15. | शहजाद अहमद पुत्र शब्बीर अहमद | शहनाज पत्नी मौ. जाकिर | अबुलबरकात -200/1 |
| 16. | मौ. शहजाद पुत्र मौ. नसीम | | लहसवाडा-1159 |
| 17. | मौहम्मद सादिक पुत्र मौहम्मद असलम | जावेद खां पुत्र उम्मेद खां | पठारनपुरा-क-1041 |
| 18. | तसनीम बानो पत्नी रउफुल | रविन्द्र कुमार पुत्र रमेशचन्द | लहसवाडा-1387 |
| 19. | कुसुम लता पत्नी सीताराम | | सडक रेल-624/1 |
| 20. | मौ. अरसद पुत्र अब्दुल जब्बार | मौ. दिलशाद पुत्र अब्दुल जब्बार | पठानपुरा-ख-913/1 |
| 21. | राबिया पत्नी मौ. असजद | | पठानपुरा-क-430 |
| 22. | अशोक कुमार व अरविन्द कुमार गर्ग पुत्रगण सुदेश कुमार | सुदेश कुमार पुत्र बद्री प्रसाद क्रान्ती देवी पत्नी सुदेश कुमार | बाजार कलाॅ-174 |
| 23. | दिलशाना पत्नी मौहम्मद इकराम | कालू पुत्र छज्जू | सरायकाहरान-562/28 |
| 24. | मौ. हमजा खान नाबालिग, मौ. जैदान खान नाबालिग, अलरेयान नाबालिग पुत्रगण स्व. मौ. जीशान खान संरक्षित माता हकीकी शुमाईला खान पत्नी स्व. मौ. जीशान खान | रईसा बेगम बेवा फैजानुल्ला खॉ | भुल्लनशाह-527 |
| 25. | मौ. अहमद व मौ. आजम पुत्रगण मौलवी नुरूल हसन | साजिद हसन पुत्र स्व. शब्बीर हसन | अब्दुलहक-337 |
| 26. | मौ. अरशद पुत्र इरशाद | पप्पू उर्फ प्रताप, नीटू उर्फ आदेश पुत्र स्व. पहल सिंह | फौलादपुरा-481, 482 |
| 27. | मौ. अरशद पुत्र इरशाद | श्याम सिंह पुत्र कलीम राम | फौलादपुरा-479, 480 |
| 28. | अरविन्द कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार | उषा पत्नी देवदत्त त्यागी | शिक्षक नगर -1668/7 |
| 29. | आरिफ अली पुत्र जमशेद अली | मेहराज पुत्र निसू | फौलादपुरा -544/43 |

# ट्रेक्टर की चपेट में आकर किशोर की मौत

## थ्रेसर मशीन से हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम, गांव में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अपने घर के बाहर अपनी बाइक के सहारे खडे हुए एक किशोर की ट्रेक्टर और थ्रैशर मशीन की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार ट्रेक्टर चालक की तलाश शुरु कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुर्थल निवासी डॉक्टर राजकुमार अपने 19 वर्षीय पुत्र युवराज सिंह के साथ बाइक पर बैठकर खेत में काम करके अपने घर पर आ गये थे। तब वे घर के अंदर चले गये थे जबकि सुबह करीब नौ बजे उनका पुत्र युवराज बाइक के सहारे घर के बाहर खडा हुआ था। तब पडोसी राजीव पुत्र ठाकुर रणसिंह उर्फ रन्नू खेत पर जाने के लिए ट्रेक्टर और थ्रैशर मशीन लेकर वहीं पर खडा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसने शराब पी हुई थी। जैसे ही उसने ट्रेक्टर स्टार्ट किया तो ट्रेक्टर व थ्रैशर मशीन अनियंत्रित होकर युवराज के उपर चढ़ गयी। जिसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी और युवराज ने मौके पर दम तोड दिया। ट्रेक्टर चालक राजीव मौके से भाग खडा हुआ। शोर शराबा होने पर मौके पर आए परिजन युवराज को बुढाना के एक अस्पताल में लेकर लाए। जहां पर चिकित्सकों ने युवराज को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस ने घटनास्थल की और दौड लगा दी। मौके पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह भी आए। बुढाना पुलिस ने परिजनों को सांत्वना देते हुए शव को पीएम के लिए भेजकर राजीव की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रेक्टर-थ्रेसिंग मशीन पुलिस ने कब्जे में ली

**बुढाना।** घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर-थ्रेसिंग मशीन को बुढाना पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। बुढाना पुलिस और कुछ ग्रामीण इस मामले को अलग अलग एंगल से ले रहे हैं। आरोपी राजीव के पकडे जाने पर ही पता लग सकेगा कि युवराज को ट्रेक्टर से जान बूझकर कुचला गया है या स्वाभाविक रुप से उक्त घटना हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## खतौली में स्कूटर सवार वृद्ध को वाहन ने कुचला

**खतौली।** बुढाना रोड पर मंगलवार को एक दर्दनाक सडक हादसे में 60 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान हाजी पप्पू कुरैशी पुत्र यूसुफ के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाजी पप्पू कुरैशी अपने स्कूटर से अपनी दुकान की ओर जा रहा था, तभी बुढाना रोड पर एक अज्ञात ट्रक चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए रैफर कर दिया। उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस दुखद घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर बनी हुई थी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सडक पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है। पुलिस का कहना था कि इस घटना की तहरीर परिवार वालों द्वारा नही दी गई है परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार किया है।

# जिले में पांच पाकिस्तानी नागरिकों की तलाश शुरू

**■ 48 घंटे में भारत से बाहर करने की तैयारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में वापस स्वदेश भेजने के भारत सरकार के आदेश को जिले के अफसर ने भी अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों यहां आये पांच पाकिस्तानी नागरिकों की तलाश के लिए पुलिस प्रशासन जुट गया और खूफिया विभाग भी सक्रिय है। इनको तलाश करने के बाद देश से बाहर भेजने की तैयारी है। ये लोग शादी समारोह और रिश्तेदारी में भारत आए हुए हैं। पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद देशभर के लोगों में गुस्सा नजर आ रहा है। पूरे देश में इसके खिलाफ अलग अलग प्लेटफार्म पर प्रदर्शन हो रहे हैं। सबसे बड़ा प्रभाव भारत में आए हुए पाकिस्तानी नागरिकों पर पड़ने लगा है। इनको 48 घंटे के भीतर ही भारत छोड़कर जाने के लिए सरकार ने अल्टीमेटम दिया है। ऐसे में पुलिस प्रशासन पर भी इन पाक नागरिकों को भारत से बाहर भेजने के लिए दबाव बन गया है। जनपद में इस समय पांच पाकिस्तानी नागरिक मौजूद बताए गये हैं। जो यहां पर शॉर्ट टर्म वीजा लेकर अपनी रिश्तेदारी में मिलने और शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए हुए हैं। इनमें एक पाक नागरिक खतौली क्षेत्र में बताया गया है। इनको तलाश करते हुए केन्द्र सरकार के आदेश के अनुसार वापस इनके देश पाकिस्तान भेजने की कार्यवाही करने के लिए पुलिस प्रशासन जुटा हुआ है। सूत्रों के अनुसार एसएसपी के आदेश पर इन पाक नागरिकों को तलाश करने के बाद सुरक्षित स्वदेश रवाना करने के लिए खूफिया विभाग की टीमों ने काम करना शुरू कर दिया है। इनको 48 घंटे यानी 25 अप्रैल की रात से पहले ही देश से बाहर करने की तैयारी है।

# पहलगाम हमला : पाकिस्तान की नापाक हरकत से लोगों में उबाल



मुजफ्फरनगर: मीनाक्षी चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देते लोग।



मुजफ्फरनगर: अहिल्याबाई चौक पर पाकिस्तान का पुतला फूंकते पसमांदा मंच कार्यकर्ता।

## पसमांदा मुस्लिम मंच ने फूंका पुतला, चिकित्सकों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए राष्ट्रीय मुस्लिम पसमांदा समाज के बैनर पर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को अहिल्याबाई चौक पर जुलूस के रूप में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष शमशाद मीर के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान पर भडास निकालते हुए कहा कि पूरे देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को झकझोर कर रख दिया। जिन लोगों ने इस आतंकवादी हमले में अपनी जाने गवांई हैं समस्त देश की संवेदनाएं उन लोगों के उनके परिवारों और घायलों के साथ है और इस आतंकवादी हमले में जो घायल हुए हैं उनके जल्दी स्वस्थ होने की मैं ईश्वर से कामना करते हैं। उन्होंने हमले के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पाकिस्तान और आतंकवादियों को नेस्तो नाबूत करके इस धारती से आतंकवाद मिटाना होगा। शमशाद मीर ने कहां कि इसके लिए भारत के लोगों को एकजुट होकर दहशतगर्द पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोलना होगा। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद, आतंकवादी सोच रखने वाला हर व्यक्ति मुर्दाबाद। पाकिस्तान कुत्ता है दहशत का दूसरा नाम पाकिस्तान है, जैसे नारे लगाए। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इदरीश खान, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नसीम सलमानी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा सदरे आलम, क्षेत्रीय अध्यक्ष रविश अंसारी, जिलाध्यक्ष करी आस मोहम्मद व पश्चिम उत्तर प्रदेश के सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्टकृीय सामाजिक संस्था और मुस्लिम राष्टकृीय मंच ने संयुक्त रूप से गुरूवार की शाम खालापार में पहलगाम टेरर अटैक के खिलाफ सड़कों पर आकर प्रदर्शन करते हुए शहीद पर्यटकों के लिए कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी तो वहीं आक्रोश भी जाहिर किया। इस प्रदर्शन में हिंदू और मुस्लिम सभी ने एक साथ आकर आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की और सरकार से बेहद गंभीर कार्यवाही करने की मांग की। प्रदर्शन में समाजसेवी मनीष चौधरी, डॉ. फैसल, डॉ. इकबाल, डॉ. नाजिश, डॉ. मेहताब, डॉ. शमशाद, डॉ. सिराज ताजवर, नदीम अब्बास, डॉ. सलीम, डॉ. अबरार, डॉ. नौशाद, डॉ. निशात, डॉ. एमडी ताजवर, उबेदुर रहमान, डॉ. रजा फारूकी, डॉ. हारून रशीद, डॉ. जमशेद, डॉ. शाहिद, डॉ. अबरार ईलाही, डॉ. अलीम, डॉ. रिहान, डॉ. अदनान, डॉ. शाह फारूक, डॉ. खुर्रम, डॉ. मनशाद अहमद और डॉ. सैफुल हक सहित सैंकड़ों लोग शामिल रहे।

## ईओ पर राजस्व को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के राजस्व को करीब दो करोड की हानि होने का आरोप लगाते हुए कुछ ठेकेदारों ने डीएम उमेश मिश्रा से शिकायत की है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि कमला नेहरू वाटिका के साथ नगर में विभिन्न स्थानों व मुख्य मार्गों पर फैन्सी पोल व स्ट्रीट लाइट की निविदा की शर्तों में लगातार फेरबदल किया जा रहा है। ठेकेदार कपिल गुप्ता, शानू चौधरी, मानविक आदि ठेकेदारों ने डीएम से शिकायत करते हुए बताया कि 29 सितम्बर 2024 से 8 अप्रैल 2025 तक जो भी निविदा पथ प्रकाश को लेकर निकाली गई है उन सभी में नगर पालिका को लगभग दो करोड की राजस्व हानि पहुंचाई गई है। बताया कि निविदा की शर्त नंम्बर-6 के अनुसार जो आईएसओ के कागजात मांगें है, जिन फर्मों के टेन्डर स्वीकृत कर रखे हैं उन फर्मों में निविदा में आईएसओ के कागजात भी नहीं लगे है। बावजूद इसके उन्हें टेन्डर प्रक्रिया के विरूद्ध जाकर टेन्डर स्वीकृत कर दिये हैं। इस संबंध में ईओ डा. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि ठेकेदारों का आरोप निराधार है। बताया कि सभी आरोप लगत है। नियमानुसार निविदा की प्रक्रिया को कराया जा रहा है।

## एमआईटूसी वाहन चालकों ने फिर पकड़ी आंदोलन की राह

**■ वेतन न मिलने के विरोध में शुरू की हड़ताल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एमआईटूसी कम्पनी के कूडा वाहन चालकों ने गुरुवार को काम बंद हडताल कर दी। इन कर्मचारियों के द्वारा सुबह शहर से कूडा कलेक्शन नहीं किया गया। उधर स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के निरीक्षण को देखते हुए नगर पालिका ने सुबह डोर टू डोर कूडा कलेक्शन के लिए अपने वाहन निकाले हैं। एमआईटूसी कम्पनी का कार्यकाल 31 मार्च में खत्म हो गया है। अगली कम्पनी का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास होने तक नगर पालिका के द्वारा एमआईटूसी कम्पनी से काम कराया जा रहा है। इस कम्पनी के द्वारा सहीं तरह से काम नहीं कराया जा रहा है। गुरुवार को कम्पनी के करीब 80 कूडा वाहन चालकों ने मार्च माह का वेतन न मिलने के कारण काम बंद हडताल कर दी। सभी कर्मचारी नगर पालिका ईओ डा. प्रज्ञा सिंह के पास पहुंचे। कर्मचारियों ने पूरे मामले की जानकारी ईओ को दी। ईओ ने मार्च माह का वेतन और सिक्योरिटी वापस देने के लिए कम्पनी के पदाधिकारियों से फोन पर वार्ता की। उधर कम्पनी के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर पालिका ने तीन माह से भुगतान नहीं किया है। जिस कारण कर्मचारियों का वेतन रूका हुआ है। ईओ ने कर्मचारियों को भुगतान दिलाने और सिक्योरिटी वापस दिलाने का आश्वासन दिया है। उधर शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण की ओडीएफ टीम सर्वे कर रही है। ऐसे में डोर टू डोर कूडा कलेक्शन बंद होने पर नगर पालिका को सुबह अपने वाहन निकालने पडे है। डोर टू डोर कूडा कलेक्शन के कार्य पर नगर पालिका को करीब 300 अंक मिलेंगे।

# कोल्हू में आग लगने से लाखों की खोई जली

## तेज हवा के चलते चिंगारी ने पकड़ी आग, दमकलकर्मियों ने काबू पाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** तेज हवा के कारण एक कोल्हू में लगे खोई के बडे चट्टे में अचानक से आग लग गयी। जिसमें लाखों रुपये की खोई जलकर राख हो गयी। ये तो गनीमत रही कि मौके पर तुरंत दमकलकर्मी आ गये नही तो कोई भी बडी घटना हो सकती थी।

जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मंदवाडा में गांव में जाने से पहले ही सलीम सैफी पुत्र अमीर हसन का गन्ने का एक बडा कोल्हू रोड के किनारे पर ही स्थित है। आज बृहस्पतिवार की दोपहर रोजाना की भांति गुड बनाने के लिए गन्ने के रस को पकाया जा रहा था। तब तेज हवा के कारण आग का एक पतंगा अचानक से गन्ने की सूखी खोई के एक बडे चट्टे में गिर गया। जिसमें आग अंदर ही अंदर सुलगती रही। कुछ ही देर बाद फिर हवा चली तो आग बढ गयी। तब कोल्हू पर काम कर रहे दर्जनों लोगों ने शोर मचा दिया तो आस पास के सैंकडों लोग भी मौके पर आ गये और सबमर्सिबल चालू करके आग बुझाने लगे लेकिन आग बुझने के बजाए और भी भड़कने लगी। तब इसकी सूचना फोन पर बुढाना क्षेत्र के वैल्ली सेंटर पर अग्निशमन अधिकारियों को दी तो फिर कुछ देर बाद मौके पर अग्निशमन अधिकारी आ गये और उन्होंने कुछ ही देर बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान एक लाख रूपये की कीमत की खोई जली है जबकि अग्निशमन अधिकारियों की सजगता के चलते अन्य सामान जलने से बच गया। यहां अग्निशमन अधिकारियों में मुन्ना लाल, ड्राइवर जय प्रकाश, फायरमेन जितेंद्र, शिव कुमार, रत्नेश, भुपेंद्र शर्मा और नरेंद्र कुमार मौजूद थे।



मुजफ्फरनगर: साईधाम के बाहर लगने वाले बाजार का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी ।

# धरना खत्म अब साई धाम पर सजेगा चाट बाजार

## नगर पालिका प्रशासन व वेंडरों के बीच बनी सहमति के बाद धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टाउन हाल गेट के बाहर चाट बाजार खत्म किए जाने के बाद नगरपालिका के साथ वेंडरों का चल रहा विवाद सहमति के बाद समाप्त हो गया। वेंडरों ने अपना बेमियादी धरना समाप्त कर दिया और वो सभी अपनी पसंद की साई धाम मंदिर वाली जगह पर शिफ्ट होने के लिए सहमत हो गए। सिटी मजिस्ट्रेट और पालिका ईओ ने सहमति बनने के बाद चयनित स्थान पर व्यवस्था बनाने के लिए त्वरित गति से सुविधा विकसित करने के लिए कार्य शुरू करा दिया है। एक मई को नया चाट बाजार वजूद में आ जायेगा।

दरअसल नगर पालिका टाउन हाल के बाहर गेट नम्बर एक से गेट नम्बर तीन तक मुख्य मार्ग पर लगने वाला चाट बजार इस वित्तीय वर्ष से समाप्त कर दिया गया था। इसके विरोध में यहां वेंडरों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ बेमियादी आंदोलन शुरू करते हुए रोजगार छीनने के आरोप लगाकर चाट बजार टाउन हाल पर ही शुरू करने की मांग की। पिछले दिनों जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से भी मिले थे जिस पर डीएम ने टाउन हॉल के बाहर चाट बाजार नहीं लगने देने की स्पष्ट कही थी और वेंडरों को उनकी पसंद की शहर में दूसरी जगह उपलब्ध कराने, वहां पर व्यवस्था बनवाने का वादा भी किया था। सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और ईओ डॉ. प्रज्ञा ने वेंडरों को दोनों स्थानों का भ्रमण कराया तो वेंडरों ने साई धाम पर जगह लेने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि साई धाम के पास पर्याप्त स्थान है और यहां पर चाट बाजार लगवाया जायेगा। इसके लिए सहमति बनने के साथ ही वेंडरों ने अपना बेमियादी धरना भी समाप्त कर दिया है।

पालिका ने मौके पर टीम लगाकर सफाई कार्य प्रारम्भ करा दिया है। यहां पर टीन शेड लगाने के साथ ही पेयजल और पथ प्रकाश की व्यवस्था पालिका कराने जा रही है। इसके लिए जेई को निर्देशित कर दिया गया है। इसके लिए तेजी से कार्य कराया जायेगा। एक मई से नया चाट बाजार अपने वजूद में आ जायेगा। टाउन हाल पर 34 लोग ठिये लगाकर रोजगार कर रहे थे, इनमें से यहां पर 24 वेंडरों को जो चाट आदि के ठेले लगाने का कार्य कर रहे थे, शिफ्ट कर स्थान दिया जायेगा।

यहां पर फल, कपडे और बर्तन आदि के ठिये लगाने वालों को स्थान नहीं मिलेगा। यह केवल चाट बाजार के रूप में ही विकसित किया जायेगा। इसको लेकर धरने पर बैठे चाट बाजार के वेंडर ईश कौशल, चन्द्र किरण, राजेन्द्र सैनी, रजत सैनी आदि ने बताया कि साई धाम पर स्थान को लेकर सहमति बनी है, उनके द्वारा व्यवस्था बनाने तक पालिका को समय दिया गया है।

एक मई से वो नये स्थान पर अपने ठिये लगायेंगे। धरना भी अब समाप्त कर दिया गया है।

## कचहरी से लापता बच्ची सकुशल बरामद

**मुजफ्फरनगर।** कचहरी से लापता हुई छह साल की बच्ची को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। डेढ़ घंटे बाद बच्ची की सकुशल बरामदगी होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे चैक किए।

गुरुवार को गांव नसीरपुर निवासी विक्रम सिंह अपनी मां रोशनी व छह साल की बेटी शिवांशी के साथ चकबंदी कार्यालय पर आया था। उसने अपनी मां व बेटी को डीएम कार्यालय के बाहर बैठा दिया। इसी बीच छह साल की बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। बच्ची के कचहरी परिसर से लापता होने पर पुलिस को मामले की जानकारी दी गयी। जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। वहीं इस मामले की जानकारी मिलने पर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादूर सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप भी अपने कार्यालय से बाहर आए और उन्होने परिजनों से जानकारी लेते हुए पुलिस को बच्ची की बरामदगी के निर्देश दिए। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह के साथ सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों को चौक किया।

लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने बच्ची दमकल विभाग के कार्यालय के समीप से सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची के सकुशल मिलने पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। बाद में बच्ची को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया।

## स्कूलों का समय बदला, यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम आज

**मुजफ्फरनगर।** गर्मी का प्रकोप बढ़ने व हीट वेव के दृष्टिगत ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ होने तक बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशक ने स्कूलों के समय में परिवर्तन करते हुए विद्यालय सुबह साढ़े सात बजे से अपराहन डेढ़ बजे तक संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए है। विद्यालय में पठन-पाठन के लिए छात्र-छात्राएं सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक उपस्थित रहेगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में शासन के निर्देश पर सभी परिषदीय विद्यालय संचालित किए जाएगे। उन्होने बताया कि छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन के लिए साढ़े सात बजे से साढ़े बारह बजे तक तथा प्रार्थना सभा साढ़े सात बजे से 07:40 तक तथा मध्य अवकाश दस बजे से 10:15 बजे तक रहेगा। उन्होने बताया कि शिक्षक व कर्मचारी सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक उपस्थित रहकर कार्य को पुरा करेंगे। इसी के साथ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दसवी व बारहवी का रिजल्ट जारी करने की घोषणा की है। शुक्रवार को दोपहर साढ़े बारह बजे मुख्यालय प्रयागराज से हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाडियों को मिलेगी नई सुविधाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय ने जनपद की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेलों को बढाने के लिए सुविधाएं बेहतर करने का निर्णय लिया है। स्टेडियम में वालीबाल हाल को सिंथेटिक बनाने, वेटलिफ्टिंग हाल और बैडमिंटन हाल बनाने के लिए 814.42 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है।

### सिंथेटिक वालीबाल कोर्ट का निर्माण

वालीबाल हाल को सिंथेटिक बनाने के साथ उसे आधुनिक बनाने के लिए काम होगा। इसमें दर्शकों के लिए सिंथेटिक सीढियां भी चारों तरफ बनेंगी, जिससे हाल की सुंदरता और सुविधाएं बढ जाएंगी।

### वेटलिफ्टिंग और बैडमिंटन हाल का निर्माण

चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में वेटलिफ्टिंग हाल और बैडमिंटन हाल का निर्माण किया जाएगा। इन हालों को भी आधुनिक रूप में तैयार किया जाएगा।

### मई से शुरू होगा निर्माण कार्य

इन कार्यों के लिए शासन से बजट जारी हो गया है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ द्वारा मई महीने से निर्माण कार्य शुरू करने की संभावना है।

### खिलाड़ियों की सुविधा बढ़ेगी

प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी भूपेंद्र यादव ने कहा कि इस बजट से खिलाडियों की सुविधा बढेगी। सिंथेटिक वालीबाल हाल, वेटलिफ्टिंग हाल और बैडमिंटन हाल के निर्माण से खिलाडियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## बीएसए ने डीसी पटल के कामकाज के लिए दो सदस्य कमेटी की गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग में डीसी के पद पर तैनात विकास त्यागी के झूठ बोलकर छुटी लेने और घर पर झूठ बोलकर शहर से गायब होने के मामले में बीएसए ने गंभीरता बरती है। बीएसए संदीप कुमार ने मिड-डे-मील के पटल का कामकाज शुरू कराने के लिए दो सदस्य कमेटी गठित की है।

### कमेटी में शामिल सदस्य

कमेटी में नगर के खंड शिक्षा अधिकारी और कार्यालय के एक अन्य डीसी को शामिल किया गया है। कमेटी के सदस्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी फाइलों को लेकर संयुक्त रूप से काम करें और एक-एक कार्य पारदर्शी रूप से करें।

### पारदर्शिता के निर्देश

बीएसए ने कहा कि कमेटी का उद्देश्य पारदर्शिता बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि डीसी विकास त्यागी के झूठ बोलकर छुट्टी लेने और घर पर झूठ बोलकर शहर से गायब होने के मामले में जांच की जा रही है।

### डीसी के आरोप बेबुनियाद

बीएसए ने कहा कि डीसी विकास त्यागी के आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि दो महीने पहले ही उनका नवीनीकरण किया गया था। अब उनके पटल के कामकाज को गति देने के लिए कमेटी गठित की गई है।

### कामकाज में प्रगति की अपेक्षा

बीएसए ने कमेटी के सदस्यों से अपेक्षा की है कि वे कामकाज में प्रगति लाएंगे और पारदर्शिता बनाए रखेंगे। इससे मिड-डे-मील के कार्य में सुधार होगा और विद्यालयों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### पुलिस जांच भी जारी

बीएसए पर लगाए गए आरोपो की सिविल लाइन पुलिस भी डीसी के बरामद फोन से लिए गए डाटा के जरिए जांच में लगी हुई है।

# विधायक आशु मलिक ने की महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

## 32 गांवों के विकास, मानकमऊ में एसडीए के नाला निर्माण, जीएसआई सर्वे आधारित टैक्स मामले उठाए




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति की बैठक में अपनी विधानसभा के महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया।

आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की याचिकाओं के निस्तारण हेतु आयोजित इस बैठक में विधायक आशु मलिक ने मानकमऊ में विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण कराई जा रही सडक के किनारे पानी की निकासी न होने चलते नाला निर्माण कराये जाने व विकास प्राधिकरण से जुडी समस्याएं उठाई और उनके निस्तारण की मांग की। आशु मलिक ने कहा कि न्यू ऐरा एकेडमी स्कूल से लेकर, बडी नहर म्हाडी तक रामगढ, कोलागढ, जीतवाला, काजीवाला, हौजखेडी गांव पडते है। यह मेन रोड दोनों साइड के नाले सीसी सडक निर्माण कार्य, राजवाहे की पटरी, ग्रीन पार्क से लेकर कच्चा 62 फुटा, रेलवे क्रॉसिंग तक नाला निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की।

उन्होंने बैठक में पार्षद टिंकू अरोडा द्वारा दिये गये पत्र का अवलोकन कराते हुए कहा कि निगम निगम टैक्स विभाग द्वारा जीआईएस सर्वे के आधार पर शहर पर 100 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक टैक्स की वृद्धि थोप दी गई है। कर्मचारियों द्वारा टैक्स के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। इसलिये जीएसआई सर्वे के आधार पर टैक्स को समाप्त किया जाये।

## बंद पड़े मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में बंद पड़े हुए मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए है। पीड़ित महिला ने पुलिस को सूचना दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी पीड़िता शानो पत्नी नफीस विगत मंगलवार को अपने मकान का ताला लगाकर बराड़ा स्थित अस्पताल में ईलाज करवाने के लिए चली गई थी। बृहस्पतिवार को अस्पताल से छुट्टी होने के बाद सुबह के समय जब वह वापस लौटी और मकान का ताला खोला तो उसने देखा कि मकान की छत का जाल टूटा पड़ा है। उसके घर का सामान भी बिखरा पड़ा है। घर के अंदर रखी अलमारी से उसकी चांदी की 5 अंगूठी, 1 जोड़ी पायल, 1 गले का हार चांदी का व 1 चांदी का टिक्का आदि गायब है।

# आरटीओ के आश्वासन पर धरना समाप्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आरटीओ द्वारा दिये गये आश्वासन के बाद विगत दिवस से भारतीय किसान यूनियन बेदी के नेतृत्व में ई रिक्शा चालकों का चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आज समाप्त हो गया।

आरटीओ कार्यालय के बाहर दिये जा रहे धरने पर आज आरटीओ देवमणि भारतीय मौके पर पहुंचे और ई रिक्शा चालकों की बातें ध्यान से सुनीं। उन्होंने चालकों को समझाया कि सरकार और प्रशासन उनके साथ हैं, लेकिन सभी को अपने वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस के कागज पूरे रखने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई घटना होती है और कागजात पूरे नहीं हैं, तो परेशानी चालकों को ही होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर कोई व्यक्ति बेवजह परेशान करता है या पैसे मांगता है, तो चालक सीधे आरटीओ कार्यालय आकर मुझसे मिल सकते हैं। भारतीय किसान यूनियन (बेदी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी ने सभी बातों पर चर्चा की और अंत में देवमणि भारती को एक ज्ञापन सौंपा। चालान निरस्त करने की मांग को लेकर एआरटीओ प्रवर्तन एमपी सिंह ने बताया कि सभी चालान 30 अप्रैल तक कोर्ट में भेज दिए जाएंगे, ताकी जुर्माना कम हो सके। इस दौरान सीटी मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार, एसपी सिटी व्योम बिंदल, आरआई रोहित सिंह और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# बच्चों का टीकाकरण कराएं: इसरार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूनिसेफ जीरो डोज इमपलीमेटेशन पलान के द्वारा गढी मलूक सीएचसी पर प्रभावशाली व्यक्तियों की मीटिग हुई जिसमें वरिष्ठ नेतागण, पार्षद,डिपो वालों को शामिल किया गया तथा उपस्थित बैठक में सभी से बच्चों के टीकाकरण पर मिलजुलकर टीका लगवाने का आग्रह किया गया

सपा के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी वार्ड 54 के पार्षद कलीम अहमद वार्ड 17 के पार्षद संजीव कर्णवाल, डॉक्टर सनाउल्लाह मलिक, सलीम मलिक, शकील खान, शादाब, आरओ पवन, डा मीनू मित्तल, गुलफशा, फार्मासिस्ट अफजल, आबाद खान, यूनिसेफ पीसीआई क्लस्टर से कोऑर्डिनेटर फोजिया, मीनू पंवार, प्राची, अनम आदि उपस्थित रहे।

## घर से निकालने का आरोप

**चिलकाना।** गांव निवासी महिला ने अपने पति सहित अन्य ससुरालजनों पर उसे दहेज के लिए प्रताडित करने, घर से बाहर निकालने एवं मायके में आकर उसके व परि. जनो के साथ मारपीट करने का आरा. `प लगाया है।

माहेश्वरी कलां निवासी एक महिला ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी लगभग 02 वर्ष पूर्व माहेश्वरी कलां गांव निवासी हुसैन पुत्र हकीक के साथ हुई थी। इस शादी में उसके परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दस लाख रूपये खर्च करके बुलेट मौटरसाईकिल, घर का सभी सामान, कपडे, फर्नीचर व जेवर आदि भी दिये थे। लेकिन इतना सब कुछ से भी ससुरालजन खुश नही थे। वह कम दहेज लाने बात कहकर उसके साथ मारपीट व तानाकशी करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करते रहते थे।

# पहलगाम की घटना दुखद: उमर अली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक उमर अली खान ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी और और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

आज बेहट रोड स्थित अपने कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में विधायक उमर अली खान ने कहा पहलगाम में पर्यटकों की हत्या की गई है यह अत्यधिक दुखद है। समा. जवादी पार्टी इस घटना की निंदा करती है। उन्होंने मृतक के परिवारों को मुआवजा दिये जाने और घायलों के उचित उपचार की व्यवस्था कराये जाने की मांग केंद्र सरकार से की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर में प्राथमिकता के सर्वोच्च स्तर पर, सबसे पहले सुरक्षा के वातावरण को सुनिश्चित करने की जरूरत है, तभी स्थानीय निवासियों और पर्यटकों का जीवन सुरक्षित रह सकता है। सुरक्षा से ही भरोसा जागता है और एकता-अखंडता का भाव भी।

सपा महानगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि घटना में मरने वाले लोगों के परिजनों को सरकार उचित मुआवजा देना का कम करें और घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। सभी ने मोमबत्ती जलाकर मतृको के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जुनेद गाढ़ा, मुस्तकीम अंसारी, राव मोहम्मद मुजफ्फर अली, फरहान खान, नासिर खान, शहजाद चौधरी, मोहम्मद शयन, फरमान कुरैशी, बंटी प्रधान, फैजान कुरैशी, आसिफ गाढ़ा, स्कीम खान, राव मुर्शीद, अजहर बिजोपरा आदि मौजूद थे।

# जागरूकता कार्यक्रम के लिए कोर्डिनेटर बने पत्रकार सुरेन्द्र चौहान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत आगामी 3 मई तक जनपद के अलग-अलग स्कूल कॉलेजों में छात्र छात्राओं को सोशल मीडिया के दुष्परिणामों एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स, गुड टच व बैड टच तथा सभी हैल्प लाइन नम्बरों के बारे में जागरूक किया जायेगा। जिसके लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्रोग्रे. सिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान को कोर्डिनेटर नियुक्त किया है।

नवनियुक्त कोआर्डिनेटर सुरेन्द्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3 मई तक जनपद के अलग-अलग स्कूल कॉलेजों में आयोजित होने वाले जागरूकता अभियान के तहत शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग व महिला कल्याण विभाग के मास्टर ट्रेनर की टीमें बनायी गयी है, जो निर्धारित तिथि पर स्कूल कालेजों में सोशल मीडिया के दुष्परिणामों एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स, गुड टच व बैड टच तथा सभी हैल्प लाइन नम्बरों के बारे में जागरूक करेंगे। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के दुर्व्यवहार होने पर बिना किसी डर के माता-पिता, अध्यापक व या किसी भी विश्वसनीय व्यक्ति को अवगत कराने के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।

# टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में पार्षदों ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पहलगाम घटना के बाद आज पार्षदों ने हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में है भाई-भाई का नारा देते हुए आतंकवाद का पुतला फुंका और जूते चप्पलों से पुतले को पीटा।

सपा विधानसभा प्रभारी और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में पार्षद बडी संख्या में पुल खुमरान पहुंचे और पुतले को आग के हवाले किया। अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि भारत सरकार के साथ देश के हर समुदाय का नागरिक है हमें पाकिस्तान ओर आंतकवाद का खात्मा चाहिए आज पूरा देश इस दर्द से गुजर रहा है कैसे हमारे देश के नागरिकों की आंतकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी। जिसे देश का प्रत्येक नागरिक बर्दाश्त नहीं कर सकता। पार्षद अहमद मलिक और पार्षद नितिन जाटव ने सभी मृतक परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की। पार्षद फहाद सलीम और वरिष्ठ समाजसेवी सरदार जी एस बब्बर ने कहा हमारा देश हिंदुस्तान है और यहां पर हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सदियों से मिलकर रहने का काम कर रहे हैं हम किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर सकते के आंतकवाद हमारे देश को नुकसान पहुंचाए।

इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी पार्षद हाजी गुलशेर, पार्षद अब्दुल खालिक, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद डॉक्टर मोहतसीन, पार्षद डॉक्टर अहतेशाम, पार्षद फराज अंसारी, पार्षद हाजी नूरआलम, पार्षद कलीम, पार्षद भूरा मालिक, पार्षद इमरान सैफी, सरदार गुरविंदर सिंह बजाज, पार्षद मेनपाल, पार्षद स्वराज, पार्षद फजलुर्रहमान, पार्षद परवेज, सरदार मनदीप सिंह, सरदार रॉक फ्रेडीस, मनप्रीत सिंह, सरदार रौनक अरोड़ा, सरदार दिलजीत सिंह, अली मुखिया, सैयद जाहिद, डॉ माजिन, बाबा अंसारी, सरदार जोगिंदर सिंह बंटी मौजूद रहे।

# सरकार हर जरूरी कदम उठाए: सरफराज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा मंडल कोर्डिनेटर हाजी सरफराज राईन ने कहा कि पहलगाम घटना को लेकर सरकार हर वह कदम उठाये, जिससे देश के अंदर कहीं भी ऐसी घटना न होने पाये।

सरफराज राईन ने बताया कि बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती पर अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर घटना की निंदा की है और कहा कि देश के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कश्मीर के पहलगाम में पाक समर्थित आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों के नरसंहार की अति घातक घटना से पूरा देश स्तब्ध व पर्यटन सीजन में भी ऐसे खास स्थल पर सुरक्षा के अभाव के कारण हुई इस घटना से लोगों में भारी रोष व आक्रोश है। जिसे लेकर जवाबदेही जरूरी है।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा से जुडी इस घटना को लेकर दलीय राजनीति व आरोप प्रत्यारोप से कही ज्यादा महत्वपूर्ण है कि जनता विश्वास बहाल करने के लिये केंद्र सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदम अर्थात सरकार हर वह कदम जरूर उठाये जिससे आगे देश में कहीं भी ऐसी दर्दनाक घटना न होने पाये।

# आग से खाक हुआ मजदूर का आशियाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** मजदूर के छप्पर नुमा घर में लगी भीषण आग लपटों दूसरे छप्पर में भी लगी आग घर में रखे कपड़े, नकदी एवं घर का सारा सामान जलकर हुआ राख।मौके पर पहुंचे लोगों ने समीप ही दूसरे छप्पर में बंधे पशुओं को सकुशल बाहर निकाल दमकल विभाग की टीम के साथ आग पर काबू पाया।

विकास खंड सरसावा क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर निवासी अजय पुत्र हरिसिंह ने बताया कि गांव में मेहनत मजदूरी कर अपने छप्पर नुमा घर में अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। बुधवार को वह मजदूरी पर गया हुआ था। मेरी मां बीमारी के चलते मुलाना अस्पताल में भर्ती है। पत्नी अस्पताल में मां के पास थी। बच्चे घर पर थे। तभी शाम करीब छ बजे अचानक छप्पर नुमा घर में आग लग गई। घर में रखे करीब 35000 रुपए, बच्चों के स्कूली बैग, एवं घर का सामन जलकर राख हो गए। किसी तरह बच्चों ने भाग कर जान बचाई।मौके पर पहुंचे लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने लोगो की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। पर तबतक घर में रखा समान जलकर राख हो चुका था।

# दस की जगह बीस वार्डों में हो फोगिंग: शिपू गिरि



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने सुबह-शाम दोनों समय वार्डो में फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। ताकि हर रोज दस के बजाए बीस वार्डो में फॉगिंग हो सके। उन्होंने अधिकारियों से बकरीद से प्रभावित सभी 46 वार्डो में वाहनों एव कर्मचारी डियूटी का चार्ट बनाते हुए व्यवस्था को अंतिम रुप देने के निर्देश दिए। उन्होंने असंचालित शौचालयों का सर्वे कराने के बाद उन्हें भी संचालित कराने पर जोर दिया। उन्होंने दो टूक शब्दों में अधिकारियों को चेतावनी दी कि काम में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

नगरायुक्त निगम अधिकारियों के साथ आज यहां बकरीद, संचारी रोग नियंत्रण व शहर की सफाई व्यवस्था के सम्बंध में दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बकरीद की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बकरीद में लगने वाले वाहनों को दुरुस्त कराने को कहा। नगरायुक्त ने कुर्बानी के बाद पशु अपशिष्ट का तुरंत उठान होने और पानी की सुचारु रुप से पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अपशिष्ट ले जाने वाले रुटों की धुलाई कराने और अपशिष्ट को ढककर ले जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने क्विक रेस्पॉन्स टीम का गठन कर उसे प्रशिक्षित करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यदि महानगर में कहीं कोई समस्या गत वर्षो में रही है तो क्षेत्रीय पार्षद का सहयोग लेकर उसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए प्रयास करें। नगरायुक्त ने संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरुक करने, महानगर में साफ-सफाई पर पूरी तरह ध्यान देने, कहीं भी जल भराव न हो इसका खास ध्यान रखने के निर्देश दिए। पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि अभी तक हर रोज रोस्टर के अनुसार दस वार्डो में शाम को फॉगिंग करायी जा रही है। इस पर नगरायुक्त ने सुबह-शाम दस-दस वार्डो में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए ताकि हर रोज बीस वार्डो में फॉगिंग करायी जा सके। उन्होंने शहर में बडे˜ स्तर पर फॉगिंग कराने के लिए अतिरिक्त फॉगिंग मशीने खरीदने का प्रस्ताव बनाने के भी निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को और प्रभावी बनाने के लिए जो घर छूट रहे हैं, उन्हें भी कूड़ा कलेक्शन के दायरे में लेने, आवश्यकतानुसार शहर के विभिन्न स्थानों पर यूरिनल बनवाने तथा रोस्टर के अनुसार नालों की सफाई कराने और उसकी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में शौचालयों की स्थिति की जानकारी ली और असंचालित शौचालयों का सर्वे कराकर उनकी टूट फूट ठीक कराकर उन्हें संचालित करने और उनके आसपास कच्ची जमीन पर पौधे लगाने तथा गमले रखवाने का भी निर्देश दिया।

बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व परमानंद सहित सभी सफाई निरीक्षक मौजूद रहे।

## गन्ने की फसल जली

**तल्हेडी बुजुर्ग।** विद्युत लाइन टूटकर गिरने से खेत में खड़ी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई, पीड़ित खेत मालिक की आंखें नम हुई।

गुरुवार को गांव तल्हेडी बुजुर्ग निवासी याकूब पुत्र फतेहदीन ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे गन्ने के खेत में विधुत लाइन टूटकर गिरने से करीब चार बिगहा गन्ने का खेत जलकर राख हो गया है।जिसकी जानकारी मिलते ही हम लोग खेत में पहुंचे लेकिन देखते ही देखते आग ने प्रचण्ड रूप ले लिया। बमुश्किल हमने आग पर काबू पाया मगर तब तक खड़ी गन्ने की फसल जलकर पूरी तरह तबाह हो गई। पीड़ित किसान का कहना है कि विगत वर्ष भी विधुत लाइन टूटने से हमारी कई बिगहा गन्ने की फसल जल गई थी।

आज फिर विधुत लाइन के कारण हमारा काफी नुकसान हो गया है। उन्होंने विधुत लाइन को दुरुस्त करने के लिए विधुत विभाग से गुहार लगाई है।

# रालोद ने हमले पर जताया दुख




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के नगर कार्यालय पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया।

पूर्व जिला अध्यक्ष राव केसर एवं महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान चौधरी गजेंद्र सिंह ने कहा कि यह आतंकी हमला भारत के स्वाभिमान पर हमला है। उन्होंने प्रधानमंत्री गृहमंत्री एवं रक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि इस सर्जिकल स्ट्राइक के तरह इसका भी अतिशीघ्र दुश्मन देश से बदला लिया जाए। युवा जिला अध्यक्ष पुनित चौधरी क्षेत्रीय महासचिव महावीर सिंह सैनी एडवोकेट रमेश चौहान क्षेत्रीय महासचिव ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह कुकृत्य किसी भी मजहब व समाज में स्वीकार्य नहीं है इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है शहीदों के परिवार के प्रति सभी कार्यकर्ताओं ने संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में विशेष कर जिला उपाध्यक्ष हरपाल वाल्मीकि जिला महासचिव दिनेश शर्मा महानगर अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ अरविंद मलिक बृजपाल सिंह राजीव चौधरी रामपाल सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रोडवेज व ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत




**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव सरसीना के निकट हाईवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस और ट्रेक्टर की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची।

गुरुवार को शाम के समय राजेश पुत्र टीकाराम निवासी सरसीना थाना नागल अपने ट्रेक्टर ट्राली में बिजेंद्र पुत्र मदन के खेत से गेहूं लेकर गांव जाने के लिए हाइवे पार कर रहा था। जैसे ही वह डिवाइडर कट पार करने लगा तो देवबंद की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस यूपी 78 के एन 0294 ने ट्रेक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रेक्टर चालक राजेश व उसका 9 वर्षीय पोता बोबी गम्भीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेक्टर के परखच्चे उड़ गए। देखते ही देखते वहां पर राहगीरों और ग्रामीणों का हूजूम उमड़ पड़ा जिन्होंने तत्काल नागल पुलिस को सूचना दी और घायल राजेश को हायर सेंटर लेकर रवाना हो गए। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन कर रोडवेज बस को हिरासत में ले लिया जबकि रोडवेज बस का ड्राइवर मौके से भागने में कामयाब हो गया। पुलिस का कहना है की तहरीर मिलने पर उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानौता (सहारनपुर)**

**निविदा सूचना**

इस मिल समिति मे चीनी गोदामों, इन्जेक्शन चैनल, सर्विस टैंक एंव शीरा टैंको के आसपास अन्य स्थानों पर पुराने चूने कट्टे एंव पुरानी कटी फटी अनुपयोगी पोलीथीन के टुकड़े जहाँ है जैसे पड़े हुए है को एकत्र कर बिक्री कराने से सम्बन्धित अनुभवी पंजीकृत / प्रतिष्ठित फर्मो से दिनांक 02.05.2025 को अपरान्ह 3-00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है। शेष नियम एंव शर्ते निविदा प्रपत्र पर अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**(जय प्रकाश)**
**पी.सी.एस.**
**प्रधान प्रबन्धक**


# सम्पादकीय

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

## एकजुट भारत

केंद्र सरकार की तरफ से गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले से किस तरह निपटा जाए। इस पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में मौजूद तमाम नेताओं ने एक स्वर में राजनीति को परे रखते हुए देश हित में सरकार जो भी कदम उठाएगी। उसके साथ रहने की बात कही है। यह बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई जो लगभग दो घंटे तक चली। इस बैठक के बादकांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने घटना की निंदा की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यह कहते नजर आए कि सरकार के किसी भी एक्शन का समर्थन करेंगे। इस बैठक में अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी रामगोपाल यादव, सुप्रीया सुले, श्रीकांत शिंदे, प्रफुल्ल पटेल मिथुन रेड्डी आदि विपक्ष के नेता थे। सर्वदलीय बैठक में जिस तरह का नजारा था उससे साफ है भले ही हमारी राजनीतिक विचारधारा एक-दूसरे से कितनी भी अलग हो लेकिन जब देश के ऊपर किसी संकट की बात आती है तो फिर आपसी राजनीतिक अदावत का कोई मतलब नहीं रह जाता। निश्चित रूप से इस समय दक्षिण एशिया के दो देशों में भारत व पाकिस्तान के बीच जबरदस्त तनाव है जोकि स्वभाविक भी है कोई भी संप्रभुता सम्पन देश यह किसी भी सुरत में स्वीकार नहीं कर सकता कि उसके निर्दोष निहत्ते नागरिकों को इस तरह मार दिया जाए जिस तरह पुलवामा में पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 28 भारतीयों की जान ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो टूक कह चुके है कि निर्दोष भारतीयों की मौतों को ऐसे जाने नहीं दिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है उन्हे तो उनके अंजाम तक पहुंचाया ही जाएगा। साथ ही उन लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाएगा जो इन आतंकवादियों के पीछे काम कर रहे है। भारत ने जिस तरह के अब तक कदम उठाए है वह बेहद महत्वपूर्ण है और बिलकुल उपयुक्त है। भारत में पाकिस्तान के तमाम नागरिकों को तुरंत भारत छोड़ने के लिए कहा है अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से तमाम व्यापारिक रिश्ते खत्म कर दिए है इसके साथ-साथ भारत में सैन्य विकल्प भी खुला छोड़ा है। जाहिर है भारत के इस कड़े रुख से पाकिस्तान में खलबली है। वहां की सेना भी अलर्ट पर है। पाकिस्तान ने भी पलटवार करते हुए ठीक ऐसे ही कदम उठाए है, लेकिन यह कदम पलटवार कम उसके डर जाने का अधिक संकेत दे रहे है। जाहिर है पाक अंदर से घबराया हुआ है। उसे भय है कि जिस तरह भारत के नेता कड़ा रुख दिखा रहे है। उससे वह पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़ा कर सकता है। पीएम मोदी ने कहा भी है कि भारत इस तरह की कार्रवाई करेगा जो दुनिया के लिए भी एक मिसाल होगी। इस समय भारत एकजुट है ही साथ ही जिस तरह उसे विश्व समुदाय का समर्थन मिल रहा है उससे भी पता चलता है कि भारत के स्टैंड को दुनिया स्वीकार कर रही है।

## आतंकियों व उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी, पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, बहन-बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# सवाल करती हुई कलम की मौत






पवन सिंह

**21** अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है

समय को थोड़ा सा पीछे सरकाते हैं और 1980-90 के दशक पर ठहरते हैं। उस दौर की पत्रकारिता में गजब की ठसक और सवालों से भरे इतने तरकश होते थे कि बड़े से बड़ा सियासतदां भी पनाह मांग जाता था। अब पत्रकारिता से चाटुकारिता के इस लिजलिजे दौर में न वो तेवर हैं, न हिम्मत है, न धार है और सवाल तो है ही नहीं। मौजूदा पत्रकारिता का यह सबसे छिछला और सड़ांध भरा व बदबूदार दौर है। जहां लाइट-कैमरा-एक्शन पर मेकअप आर्टिस्ट द्वारा पुते पूर्व निर्देशित कठपुतलियां हैं, जो अब सवाल नहीं करती हैं। एक वक्त था तब भी आंतकवादी घटनाएं और दंगे होते थे और अगली सुबह का अखबार जब हाथों में होता था तो फर्स्ट लीड भले ही दंगों/आतंकी घटनाओं पर हो लेकिन उस समय ऐसे लोगों को भी भरपूर जगह मिलती थी जो लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा देते थे।

खबरें बैलेंस थीं। पैनिक क्रियेट नहीं करती थीं। हम लोगों से कहा जाता था कि पाज़िटिव न्यूज भी खोजो। दंगों/आंतकवादी घटनाओं के साथ लोगों के सामाजिक-धार्मिक सरोकारों से जुड़ी ख़बरें तपिश को कम करती थीं। 21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है। नोएडा मीडिया 'बदबूदार पत्रकारिता' का झंडा-डंडा लेकर ग्राउंड जीरो से लेकर अपने दड़बे यानी स्टूडियो तक केवल 'सड़ांध चर्चा' करता रहा। कहां गए वो सवाल जो सत्ता की आंख में आंख डाल कर पूछे जाने चाहिए थे? वो लोग क्यों एक सिरे से खारिज कर दिए गए जो अपने टट्टुओं की पीठ पर या अपनी पीठ पर लाद कर लोगों की जान बचा रहे थे? काश्मीर की टैक्सी एसोसिएशन के वह सैकड़ों लोग जिन्होंने तय किया कि वे बिना पैसा लिए पर्यटकों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेंगे, ये सब 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' की खबरों से गायब क्यों? उन सैकड़ों काश्मीरियों को क्यों नहीं दिखाया गया जो अस्पतालों में खून देने के लिए लाइन लगाए हुए थे? क्या ये खबर का हिस्सा नहीं थे? किसके कहने से खबरों से ये पक्ष 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' चबा गया? कौन था वो शख्स जो नहीं चाहता था कि ये सब भी खबरों का हिस्सा बने? लेफ्टीनेंट नरवाने कि बहन रो-रोकर कह रही है कि डेढ़ घंटे तक घटना स्थल पर कोई सुरक्षाकर्मी नहीं पहुंचा यह वीडियो खबरों से क्यों गायब रहा? इस बार भी कुंभ की तरह जन पत्रकारिता हुई, और लोगों ने अपने-अपने मोबाइल निकाले। वीडियो सोशल मीडिया पर डाले। ऐसे वीडियो जब तक एक के बाद एक, आना शुरू हुए तब तक चंपूछाप रिमोट कंट्रोल मीडिया पूरे देश में, खासकर गोबरपट्टी में अपने एजेंडा का सीवेज फैला चुका था। 30-32 सालों के इतिहास में पहली बार पूरा काश्मीर बंद रहा। पहली बार लोग आंतकवाद के खिलाफ सड़कों पर तिरंगा लेकर निकले। यह एहसास अगर उनको मूल धारा से जोड़ती है तो इसे खबरों में जगह क्यों नहीं दी गई? क्या ये खबर, खबर का हिस्सा नहीं थी? अब सवाल ये बनते हैं कि क्या खुफिया एजेंसियों के हमले के इनपुट्स थे, तो इसकी जवाबदेही किसकी बनती है? जब सरकार को पता है कि 'टयूरिज्म का सीजन' आरंभ हो चुका है और पहलगाम तक यात्री जाते हैं तो इतनी बड़ी चूक हुई तो हुई कैसे? सबसे चौंकाने वाली बात यह है की खुफ़िया एजेंसियों को इस तरह के हमलों की संभावनाओं के बारे में पहले से ही इनपुट मिले थे। अप्रैल, 2025 की शुरुआत में ही खुफिया सूत्रों ने चेतावनी दी थी की आतंकी संगठन पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इनपुट्स में यहां तक इंगित किया गया था की आतंकियों ने रेकी कर ली है और कोई बड़ा हमला हो सकता है। विगत 10 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की इसके बाद विगत 6 अप्रैल, 2025 को अमित शाह श्रीनगर में इंटीग्रेटेड कमान की बैठक की अध्यक्षता करते हैं। इसके बावजूद 21 अप्रैल, 2025 को आंतकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देकर निकल जाते हैं और इसके बाद जब भारतीय मीडिया की देश को सबसे ज्यादा जरूरत थी वो सुलगती आग को पेट्रोल से सींच रहा था।

घटना को आधे घंटे के भीतर ही भारतीय मीडिया ने एक बड़ी वारदात को हिन्दू-मुस्लिम का रंग दे दिया। ग्राफिक्स का इस्तेमाल करके पोस्टर जारी हो गए? लेकिन यह सवाल छिपा लिया गया कि चंद रोज पहले ही संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' में काश्मीर को लेकर क्या टिप्पणी की गई थी? प्रधानमंत्री का दौरा रद्द हो जाना। हालांकि, जब सोशल मीडिया पर सवाल उठे तो कहा गया कि मौसम खराब होने की सूचना के कारण ऐसा किया गया। आज भी पुलवामा का सच सामने नहीं आया? ये सवाल आज भी वहीं खड़े हैं कि लंबी छुट्टी से डयूटी पर लौट रहे निहत्थे सीआरपीएफ के जवानों को 'एअर लिफ्ट' क्यों नहीं किया गया? जब यह प्रोटोकॉल है कि अगर कानवाय (सेना का काफिला) चलेगा तो सिविलियन ट्राफ़िक बंद रहेगा, क्यों ऐसा नहीं हुआ? भारी-भरकम आरडीएक्स लेकर कार में आतंकी आराम से घूमते रहे? देवेन्द्र सिंह क्यों छोड़ा गया? उसकी कार में कौन लोग थे? सीआरपीएफ के तत्कालीन डीजी अभय प्रताप सिंह का वह खत (पुलवामा हमले से पहले का) आखिर अचानक कहां गायब हो गया।

किसी दल के आईटी सेल के प्रवाह में बह जाना सबसे आसान बहाव है, लेकिन पाकिस्तानी आर्मी चीफ के दो दिन पूर्व के एक धमकी भरे बयान के बाद यह घटना हुई, लेकिन मीडिया ने यह सब कुछ क्यों दबा दिया। यह खबर 'सीवरेज बहस' का हिस्सा क्यों नहीं बनी? जब-जब कोई अमेरिकी राजनयिक भारत आता है अक्सर इस तरह की आतंकी घटनाएं होती हैं? फिर भी सतर्कता क्यों नहीं बरती गई? सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान ने बलोच की ट्रेन किडनैपिंग का बदला लिया है? क्योंकि इस घटना पर हमारे बहादुर आईटी सेल ने अपनी मूर्खतापूर्ण बहादुरी दिखाई थी, और इस घटना को 'गंध तरीके से' भारत के दो नेताओं के 'सिर का ताज' बनाया था कि 'वो हैं' तो मुमकिन है? अगर ट्रेन के कब्जे पर कुछ किया भी गया था तो इस तरह की घटना का श्रेय कौन सा बेवकूफ देश लेता है? अगर किया भी था तो चिल्लाने की जरूरत क्या थी। ये सवाल भी बनता है कि सेना में दो लाख से अधिक जवानों की कमी क्यों।

बहुत से प्वाइंट है जिस पर मीडिया को बात करनी थी लेकिन बात और विषय घुमा दिए गए। नोट बंदी के बाद आतंकवाद की कमर ही टूट गई थी, का झंडा लहराने वालों से यह सवाल क्यों नहीं कि फिर भी लगातार आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही हैं? क्या चैनलों और अखबारों को यह टैग लाइन/पंच लाइन दी गई थी कि 'नाम पूछ कर मारा' यही 'फ्रेम' रहेगा और क्या यह सवाल मना थे कि सुरक्षा में चूक कहां और क्यों हुई? मीडिया टैग लाइन/पंचलाइन ओढ़ कर वो सारे सवाल चबा गया जो हमारे-आपके सवाल थे? क्या अगली किसी दुखद घटना के इंतजार में क्योंकि टैग लाइन/पंचलाइन के चक्कर में मीडिया फिर से मूल विषय खा गया।


**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# सिंधु जल संधि टूटने का खामियाजा...



अक्षत सरोत्री

पाकिस्तान प्यास से (**Indus Water**) मर जाएगा। इस गर्मी में पाकिस्तान को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। 'पाकिस्तान को अकेला छोड़ दिया जाएगा-जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का फैसला किया, तो इस पर ढेरों पोस्ट लिखे गए कि इसका पाकिस्तान पर क्या असर होगा। हालांकि लंबे समय में पाकिस्तान के लिए इसके बहुत बड़े परिणाम होंगे, लेकिन अभी यह मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है।



### सिंधु जल संधि को समझिए

कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था। दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। संधि के अनुसार, भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है।

वहीं, पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों'-सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। अब, पाकिस्तान, जो कि निचले तटवर्ती देश है, क्योंकि नदियां नीचे की ओर बहती हैं, नुकसान में है। ऊपरी तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां नदी का उद्गम होता है और निचला तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां यह समाप्त होती है। इस प्रकार, चूंकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियां पाकिस्तान से नहीं निकलती हैं, इसलिए देश इस संधि पर बहुत अधिक निर्भर है, क्योंकि उसे इन नदियों से कुल जल प्रवाह का लगभग 80 प्रतिशत प्राप्त होता है। यह पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में कृषि और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। वास्तव में, पंजाब प्रांत देश के 85 प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करता है। इसके अलावा, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण, कृषि क्षेत्र पाकिस्तान के खजाने में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देता है तथा इसकी 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की आय का एकमात्र स्रोत है।

पाकिस्तान पहले से ही भूजल की कमी का सामना कर रहा है और कराची जैसे शहर निजी जल टैंकरों पर निर्भर हैं, सिंधु नदियों से जल प्रवाह में किसी भी प्रकार की बाधा से फसल की पैदावार प्रभावित होगी, जिससे खाद्यान्न की कमी और आर्थिक अस्थिरता की संभावना पैदा होगी।

### पाक पर इसका असर तुरंत क्यों नहीं पड़ेगा?

हालांकि, इसका प्रभाव तुरंत महसूस नहीं किया जाएगा, क्योंकि संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले का मतलब यह नहीं है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पानी तुरंत बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत के पास अभी सिंधु नदी से पाकिस्तान में पानी के बहाव को रोकने या उसे अपने इस्तेमाल के लिए मोड़ने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है। भारत ज़्यादा से ज्यादा पानी के बहाव को 5-10 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

संधि भारत को सिंधु, झेलम और चेनाब पर जलाशय बांध बनाने से रोकती है। हालांकि, भारत जलविद्युत 'रन-ऑफ-द-रिवर' परियोजनाएं विकसित कर सकता है। इसका मतलब है कि परियोजनाएं पानी के प्रवाह को बदल नहीं सकती हैं या इसे बाधित नहीं कर सकती हैं। संधि को निलंबित करने का मतलब है कि भारत इन प्रतिबंधों का पालन नहीं कर सकता है, और जल प्रवाह को रोकने के लिए जलाशय बांधों का निर्माण शुरू कर सकता है। हालांकि, इन नदियों पर बड़े जलाशयों का निर्माण करने में कई साल या एक दशक लग सकते हैं। पारिस्थितिकी प्रभाव को देखते हुए इस तरह की चीज को सफल बनाने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और धन की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, इस समय, भारत का कदम पाकिस्तान पर आतंकी समूहों पर लगाम लगाने और घुसपैठ को रोकने के लिए दबाव बनाने की रणनीति है। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने स्थिति को पूरी तरह से अभिव्यक्त किया। यह कल पानी बंद करने के बारे में नहीं है। नल अभी भी खुला है। लेकिन इसके पीछे का संयम हटा दिया गया है कि उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया।

**कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था, दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, संधि के अनुसार भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है**

# हंगामा है क्यों बरपा?



रजनीश कपूर



**हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है**

भारत के संविधान में न्यायपालिका और विधायिका को विशेष अधिकार और शक्तियां प्रदान की गई हैं, जो उनके बीच संतुलन और नियंत्रण बनाए रखने के ज़रूरी हैं। ये दोनों संस्थाएं संविधान के तहत अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र और समान रूप से कार्य करती हैं, लेकिन साथ ही एक-दूसरे की शक्तियों पर भी नियंत्रण रखती हैं। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है। दुबे ने न्यायपालिका पर 'अराजकता' और 'धार्मिक युद्ध' भड़काने का आरोप लगाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपनी संवैधानिक सीमाओं से आगे बढ़ रहा है, जिससे संसद और विधानसभाओं की भूमिका गौण हो गई है। दुबे की इन टिप्पणियों पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और अवमानना की कार्यवाही की मांग की है।

वहीं भाजपा ने खुद को इन टिप्पणियों से दूर कर लिया है। विपक्षी दलों की नज़र में मौजूदा विवाद एक सोची-समझी रणनीति के तहत जनता का ध्यान वक्फ़ विधेयक से उत्पन्न असहज परिस्थिति से भटकाने के लिए किया गया है। इस विवाद ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के संतुलन, संविधान में उनके अधिकारों और सीमाओं पर पुरानी बहस को फिर से प्रासंगिक बना दिया है।

भारतीय न्यायपालिका एक एकीकृत प्रणाली है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय शीर्ष पर है, उसके नीचे उच्च न्यायालय और फिर जिला एवं सत्र न्यायालय आते हैं। सर्वोच्च न्यायालय संविधान का संरक्षक है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का 'गारंटर' भी है। सर्वोच्च न्यायालय के पास मूल अधिकार क्षेत्र होता है, जिसमें वह केंद्र और राज्यों के बीच विवादों का निपटारा करता है। इसके अलावा, यह अपीलीय और सलाहकार अधिकार भी रखता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। यह संविधान के सर्वोच्च कानून के रूप में पालन को सुनिश्चित करता है। यदि कार्यपालिका व विधायिका संविधान का उल्लंघन करते हैं तो उनके कार्यों को असंवैधानिक घोषित भी कर सकता है। न्यायपालिका विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा करती है और अनुच्छेद 13 के तहत असंवैधानिक पाए गए कानूनों को अमान्य भी कर सकती है। यह विधायिका की शक्तियों पर एक महत्वपूर्ण नियंत्रण है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, लेकिन यह 'कॉलेजियम' प्रणाली के माध्यम से होती है, जो न्यायिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, न्यायाधीशों पर महाभियोग लगाकर उन्हें हटाने का प्रावधान भी है, जिससे न्यायपालिका की जवाबदेही बनी रहती है। अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय 'पूर्ण न्याय' के लिए आदेश जारी कर सकता है, जिससे उसे कुछ कार्यकारी कार्यों को संचालित करने की अनुमति मिलती है, खासकर जब कार्यपालिका विफल होती है। वहीं विधायिका का मुख्य कार्य कानून बनाना है। यह संसद (लोकसभा और राज्यसभा) और राज्य विधानसभाओं के रूप में कार्य करती है। विधायिका के पास कानून बनाने, संशोधित करने और रद्द करने का अधिकार है। यदि न्यायपालिका किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर देती है, तो विधायिका उस कानून को संविधान के अनुरूप संशोधित कर पुनः वैध बना सकती है। विधायिका के सदस्यों को भाषण और मतदान की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत प्राप्त है, जो उन्हें न्यायालयों के हस्तक्षेप से बचाता है। विधायिका के पास राष्ट्रपति या न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग चलाने का अधिकार भी है, जो संवैधानिक उल्लंघनों के लिए एक नियंत्रण तंत्र है। विधायिका कार्यपालिका को सलाह देती है और उसके कार्यों की निगरानी करती है। कार्यपालिका के पास अध्यादेश जारी करने का अधिकार होता है, जिससे आपातकालीन स्थितियों में विधायिका को दरकिनार किया जा सकता है। भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से शक्ति विभाजन का उल्लेख नहीं है, लेकिन कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। अनुच्छेद 50 के तहत न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने के लिए कदम उठाए गए हैं। अनुच्छेद 121 और 211 विधायिका को न्यायाधीशों के आचरण पर चर्चा करने से रोकते हैं, और अनुच्छेद 122 और 212 न्यायपालिका को विधायिका की कार्यवाही पर निर्णय लेने से रोकते हैं। इससे दोनों के बीच संतुलन बना रहता है। यदि विधायिका संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करती है, तो न्यायपालिका उसे निरस्त कर सकती है, जैसा कि 'केशवानंद भारती' मामले में स्थापित किया गया था। इस प्रकार न्यायपालिका संविधान की सर्वोच्चता सुनिश्चित करती है। संविधान के अनुसार न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्वतंत्रता के साथ कार्य करना चाहिए और एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। यह संतुलन लोकतंत्र के स्वस्थ संचालन के लिए आवश्यक है। सांसद निशिकांत दुबे की टिप्पणियां न्यायपालिका की भूमिका और शक्तियों को चुनौती देने वाली हैं जो भारतीय संविधान में शक्तियों के विभाजन और 'चेक्स एंड बैलेंस' की व्यवस्था पर ग़लत असर डालती हैं। यह सही है कि न्यायपालिका का कार्य केवल कानून की व्याख्या और संविधान की रक्षा करना है, न कि विधायिका की भूमिका का अतिक्रमण करना। पर मौजूदा विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह कोई अतिक्रमण नहीं किया है। किसी भी नए क़ानून की व्याख्या करना और उसकी संवैधानिक स्वीकारिता को परखना अदालत का दायित्व है, जो उसने वक्फ़ क़ानून के मामले में या पहले भी अनेक बार किया है। इसलिए निशिकांत दुबे के बयान ने एक संवैधानिक संकट खड़ा कर दिया है।

# बूढ़ी स्किन को जवां बनाने के लिए ऐसे इस्तेमाल करें मेथीदाना

हर भारतीय किचन में तमाम तरह के मसाले मिल जाते हैं। खाना बनाने के दौरान मेथीदाने का भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन मेथीदाना का इस्तेमाल सिर्फ खाने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि यह बालों और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है। बढ़ती उम्र के साथ ही हमारे चेहरे पर झुर्रियां आदि नजर आती हैं। ऐसे में आज मेथीदाने को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। दरअसल, मेथीदाना में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और स्किन टाइटनिंग गुण पाए जाते हैं। यह आपकी त्वचा को यूथफुल, स्मूथ और ब्राइटन बनाए रखने में मदद करता है। मेथीदाना के इस्तेमाल से झुर्रियों से लेकर फाइन लाइन्स तक को कम करने में सहायता मिलती है। मेथीदाना को आप स्किन केयर के तौर पर कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सामग्री...

एक कप पानी
मुट्ठी भर मेथीदाना

### ऐसे बनाएं

सबसे पहले एक कप पानी में मुट्ठी भर मेथी के बीजों को करीब 10 मिनट तक उबालें।
फिर जब यह ठंडा हो जाए तो छान लें।
इस तरह से आपका टोनर बनकर तैयार हो गया है।
इसमें कॉटन पैड भिगोएं और हर रास इससे अपना चेहरा पोंछें।

### सामग्री...

मेथी पाउडर- 1 चम्मच
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

### ऐसे करें उपयोग

इसके लिए मेथी पाउडर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।
अब रात में सोने से पहले स्किन को साथ करें और इसकी हल्की लेयर लगाएं।
रात भर इसको लगा रहने दें और सुबह चेहरा धो लें।
मेथीदाना और गुलाब जल से बनाएं फेस मिस्ट
बता दें कि यह फेस मिस्ट न सिर्फ स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखता है। बल्कि स्किन को टाइटन भी करता है।

# MANY EDUCATIONAL INSTITUTIONS OF NAINITAL IN THE TOP 10 SCHOOLS IN THE COUNTRY

## एकोर्न स्कूल बना नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।


Acorn
By Oakwood School
English Medium Day Cum Residential School
Class Pre-Nursery to V
ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26
The best school in the town with loving and caring atmosphere
Visit:
HH Apartments, Belvdre Compound, Mallital, Nainital, Uttarakhand
Call to find out more:
+91- 8865928856, +91 9837066353
E-mail:
acornoakwood565@gmail.com




# वैश्विक स्तर की शिक्षा दे रहा नैनीताल

समय के साथ शैक्षणिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों (स्कूलों) की बात की जाय तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखते हैं।


इसका उदाहरण आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त हो और विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में सामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है, देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हों। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया के देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं। आईसीएसई व सीबीएसई समेत कई अन्य बोर्ड से सम्बद्ध नगर के कई अन्य विद्यालय बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। अधिकांश विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किए जाते हैं और आवासीय विद्यालयों का रहन–सहन उच्च कोटि का है, जबकि शैक्षणिक वातावरण दुनिया के सीमित क्षेत्रों में अपनी जगह बनाता है। यही वजह है, दुनिया के अनेक देशों के विद्यार्थी स्कूलिंग के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं। इस नगर से शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में दौलत व शौहरत हासिल करने वाले सख्शियतों की लंबी फेहरिश्त है, जिनका जिक्र इस आलेख में संभव नही है। सिने जगत में विख्यात दर्जनों नामी अभिनेताओं ने नैनीताल से शिक्षा हासिल की है, जबकि सेना के तीनों अंगों में सेवा देने वाले अधिकारियों के दर्जनों विख्यात नाम हैं। आईएएस व पीसीएस अधिकारियों में अपना नाम सुमार करने वालों की बड़ी संख्या है।

राजनैतिक, सामाजिक व व्यापार समेत कई अन्य वर्गों में नाम कमाने वाले अनेकों व्यक्तित्व इसी नगर की देन हैं। यही वजह है कि इस नगर को गुरुकुल के नाम से जोड़ा जाता है।

### नगर व प्रमुख शिक्षण संस्थान

शेरवुड कॉलेज, ऑल सेंटस कॉलेज, सेंट मेरी कॉलेज, सेंट जोजफ कॉलेज, बिड़ला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, लौंगव्यु पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डॉन बास्को गर्ल्स व बॉयस पब्लिक स्कूल, पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार, नैंसी कान्वेंट, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, पाइन क्रस्ट एलिमेंटरी स्कूल, वृंदावन पब्लिक स्कूल, सेंट जॉन्स स्कूल, रामा मोंटेसरी, एकोर्न पब्लिक स्कूल, वसंत वैली पब्लिक स्कूल, मदर्स हार्ट, अमेरिकन किड्स, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, चेतराम साह ठुलघरिया, राजकीय इंटर कॉलेज, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर व एसडेल कॉलेज के नाम शामिल हैं।

**अफजल हुसैन फौजी**



## शेरवुड कालेज की देश में अलग पहचान



शेरवुड कालेज शिक्षा के क्षेत्र में नाम देश के नामचिन विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय बच्चों का भविष्य संवारता हुआ आ रहा है। विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है जिसमें बच्चों के भोजन व रहने तथा अन्य समस्त सुविधायें विद्यालय में मौजूद है।

पठन–पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास रहेगा।


MOHAN LAL SAH BAL VIDYA MANDIR
SR. SECONDARY SCHOOL (Affiliated to CBSE) Delhi
Day-Cum-Boarding School with excellent boarding facilities for Girls





Admission Open for Nursery, LKG, UKG (Boys too) and Class V upwards (Girls Only).
All three streams are available for Class XI (Science, Commerce & Humanities).
Well known for academic excellence and all round development.
For further details please log on to website.
www.mlsbalvidyamandir.com
Peter's Field, Mallital, Nainital
Phone No. 05942-236189
STRIVE FOR EXCELLENCE
ADMISSION OPEN 2025-26





PRINCIPAL
MANAGER





## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।


Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE
NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12


Affiliated to CISCE, New Delhi & IGCSE, AS & A Level Cambridge London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in


## प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।


BIRLA VIDYA MANDIR, NAINITAL
(Sarala Birla Group of Schools) (Estd. 1947)
A Fully Residential English Medium Public School for Boys
Ranked amongst Top - 10 Boys Boarding Schools in India, as per Education World 2024 ranking
Website: birlavidvamandir.com
Phone: 05942 - 238993, 238729, +91 9410338207
Key Features:
- A legacy boarding school campus, founded in 1870.
- 70-acre campus with the greenest environs amongst Indian boarding schools.
- The only school in Nainital with a central heating facility.
- Distinguished old boys include Jim Corbett (Oak Openings High School), Anil Sadgopal (Jamnalal Bajaj awardee), Lt. General J. S. Ahluwalia (PVSM), Dr. Anand Mishra (Professor & Head, Endocrine Surgery, KGMU, Lucknow) and Danny Denzongpa.
- Excellent Board results over the decades, backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies and hobby centres. Hosts Annual National Inter-School Literary and Sports Conclave, with a wide participation of schools.
Distinguished Knowledge Affiliates


## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर



देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश–विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत–प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।

## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।


THE MOTHSER'S HEART SCHOOL
NAINITAL
GOVERNMENT RECOGNISED
A Co-ed English Medium Day/ Residential School
- A reputed school from nursary to V
- Teaching with audio visul play way method
- Preparing children for prestigious Schools in Nainital
- Excellent result since 1999.
Provides day boarding facility also
Shanti Niketan, Near Rikshaw Stand, Mallital, Nainital
Ph.: 9837347989, E-mail: themothersheart123@gamil.com


## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। निःसंदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पाठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।





SANWAL SCHOOL
(A Senior Secondary Co-Education School)
Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
From 1 to 9 & 11 And KINDERGARTEN





Gaurav Sanwal
Managing Director
A. Emmanuel
Principal
Offered Streams For Class 11&12: • Science • Commerce
Contact Us: E-mail: sanwal_school@rediffmail.com, Ph.No.: 05942-235747 Mob.: 7579207575
Address: MALLITAL, NAINITAL-263001 UTTARAKHAND